seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित seema-sandesh.com

दीपावली व भईया दूज की शुभकामनाएं

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की

■ वर्ष : 56 ■ अंक : 306 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 20

श्रीगंगानगर, रविवार, 08 नवम्बर, 2026

अवकाश सूचना

'सीमा सन्देश' कार्यालय में दीपावली व राम-रमी के अवसर पर दो दिन 8 व 9 नवम्बर को अवकाश रहेगा। इसलिए 9 व 10 नवम्बर का अंक प्रकाशित नहीं होगा। आगामी अंक 11 नवम्बर को प्रकाशित होगा। **– सम्पादक**



कृपया ध्यान दें : आज 'सीमा सन्देश' का दीपावली विशेषांक दो भागों में है। कृपया अपने एजेंट से दोनों भाग 12 व 8 पृष्ठ लेना न भूलें।



दीपोत्सव ने बनाया कीर्तिमान

अयोध्या। दीपोत्सव का दसवां संस्करण भव्यता और आस्था के साथ मनाया गया। रामकथा पार्क में आयोजित कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सहित संत-महात्माओं की मौजूदगी में श्रीराम का प्रतीकात्मक राज्याभिषेक किया गया।

सरयू तट सहित अयोध्या के विभिन्न घाटों पर 30 लाख दीप प्रज्वलित किए गए। राम की पैड़ी पर 2100 से अधिक वेदाचार्यों ने सरयू महाआरती की। मंत्रोच्चार, शंखनाद और दीपों की कतारों से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। ड्रोन शो, लेजर शो और आतिशबाजी ने उत्सव की भव्यता को और बढ़ा दिया।

रामकथा पार्क में हेलीकॉप्टर से पहुंचे श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और हनुमान के स्वरूपों का स्वागत किया गया।

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर संपूर्ण हिंदू स्वाभिमान का स्मारक है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन धर्म, करुणा, कर्तव्य और आदर्श आचरण की प्रेरणा देता है। उन्होंने राम मंदिर निर्माण को लंबे संघर्ष और करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का परिणाम बताया। दीपोत्सव के दौरान अयोध्या कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में रही। पूरे शहर को जोन और सेक्टर में बांटकर पुलिस, अर्धसैनिक बलों और आधुनिक निगरानी व्यवस्था के जरिए सुरक्षा सुनिश्चित की गई।

गंगनहर के पानी की रॉयल्टी पर फिर उठा विवाद

चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं शिरोमणि अकाली दल (पुनर सुरजीत) के संरक्षक रविइंदर सिंह ने गंग नहर (बीकानेर नहर) के पानी की रॉयल्टी को लेकर चल रहे विवाद को पंजाब के प्राकृतिक संसाधनों से जुड़े अधिकारों का मुद्दा बताया है। उन्होंने कहा कि इसे किसी राजनीतिक दल या सरकार के नजरिए से नहीं, बल्कि राज्य के व्यापक हितों को ध्यान में रखते हुए देखा जाना चाहिए।

1920 के समझौते का दिया हवाला : रविइंदर सिंह ने ऐतिहासिक तथ्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि 4 सितंबर 1920 को ब्रिटिश सरकार, बहावलपुर रियासत और बीकानेर रियासत के बीच हुए त्रिपक्षीय समझौते के तहत सतलुज नदी का पानी बीकानेर राज्य को उपलब्ध कराया गया था। गंग नहर परियोजना को मंजूरी मिली और वर्ष 1927 में इसका निर्माण पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि इस समझौते के तहत पानी उपलब्ध कराने के बदले पंजाब को रॉयल्टी का भुगतान किया जाता था, जो दस्तावेजों के अनुसार वर्ष 1960 तक जारी रहा। बाद में सिंधु जल संधि और जल बंटवारे से जुड़ी नई व्यवस्थाओं का हवाला देकर यह भुगतान बंद कर दिया गया।

दस्तावेजों में सीनियोरेज का उल्लेख : पंजाब सरकार की ओर से हाल में सार्वजनिक किए गए दस्तावेजों में समझौते की धारा-13 के तहत पानी के बदले 'सीनियोरेज' यानी रॉयल्टी भुगतान का प्रावधान होने का दावा किया गया है। उन्होंने 1955 में रावी-ब्यास के अतिरिक्त पानी के बंटवारे का उल्लेख करते हुए कहा कि राजस्थान को 8 एमएएफ पानी आवंटित किया गया था, लेकिन पानी की कीमत और बुनियादी ढांचे के खर्च से जुड़े मुद्दे पर अंतिम निर्णय नहीं हो सका।

रविइंदर सिंह ने पंजाब में गिरते भूजल स्तर पर चिंता जताते हुए कहा कि अपने प्राकृतिक संसाधनों का उचित मूल्य मांगना पंजाब का अधिकार है। प्राकृतिक संसाधनों से जुड़े राज्यों को उचित लाभ देने का सिद्धांत स्वीकार किया गया है।

पीएम मोदी ने दीपावली की बधाई दी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीपावली के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रकाश का यह पर्व अंधकार पर संकल्प और विश्वास की जीत का प्रतीक है। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो संदेश में पीएम मोदी ने कहा कि वह हर वर्ष की तरह इस बार भी दीपावली देश के वीर जवानों के बीच मनाएंगे। उन्होंने देशवासियों के जीवन में शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।



चिकित्सा कर्मियों के अवकाश निरस्त

जयपुर। दीपावली के मद्देनजर राजस्थान में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को अलर्ट मोड पर रखा गया है। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने सभी सरकारी अस्पतालों में आपातकालीन सेवाएं और बर्न यूनिट तैयार रखने के निर्देश दिए हैं। पटाखों से जलने, आगजनी और दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए आपातकालीन चिकित्सा कर्मियों की छुट्टियां निरस्त कर दी गई हैं। अस्पतालों में दवाइयों, संसाधनों और स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।



पुलिस चौकी में ब्लास्ट, संदिग्ध बाइक की तलाश

गाजियाबाद। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र की वसुंधरा पुलिस चौकी परिसर में हुए ब्लास्ट के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। विस्फोट किसने और कैसे किया, इसकी जानकारी अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। हालांकि, सोशल मीडिया पर एक मुस्लिम संगठन के नाम से जिम्मेदारी लेने वाली पोस्ट वायरल हुई है, जिसकी पुलिस जांच कर रही है। पुलिस को अब तक मौके से कोई ऐसा सुराग नहीं मिला है, जिससे किसी पर सीधा शक किया जा सके। घटना के समय चौकी के सीसीटीवी कैमरे काम नहीं कर रहे थे, जिससे संदिग्ध की पहचान करना चुनौती बन गया है। पुलिस को एक संदिग्ध बाइक की जानकारी मिली है, जिसकी तलाश के लिए टीमें लगाई गई हैं। यूपी आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) की एसपी प्रीति बाला गुप्ता टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। एटीएस की टीम सब इंस्पेक्टर निशांत के नेतृत्व में जांच कर रही है। पुलिस कमिश्नर भी मौके पर मौजूद रहे। बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वाड ने भी जांच की। शुक्रवार रात हुए ब्लास्ट से चौकी की खिड़कियां टूट गईं, एसी और फर्नीचर को नुकसान पहुंचा। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शुरूआती जांच में केमिकल के जरिए विस्फोट की आशंका जताई जा रही है। घटना के समय खाना पहुंचाने आया एक डिलीवरी बॉय घायल हुआ, जिसका इलाज जारी है। सभी पुलिसकर्मी सुरक्षित हैं। घटना के बाद प्रदेश के सभी बॉर्डर पर सतर्कता बढ़ा दी गई है।

लॉरेंस गैंग का हथियार सप्लायर बॉक्सर अमेरिका में पकड़ा गया

जयपुर। विदेश में रहकर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के लिए राजस्थान, हरियाणा और मुंबई में रंगदारी व आपराधिक गतिविधियां संचालित करने वाले हथियार सप्लायर हरि बॉक्सर उर्फ हरिचंद जाट को अमेरिका में डिटेन किया गया है। राजस्थान पुलिस के प्रयासों के बाद कैलिफोर्निया में छिपे आरोपी की गिरफ्तारी संभव हुई। अब उसे भारत लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि हरि बॉक्सर के खिलाफ इंटरपोल से रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवाया गया था। राजस्थान पुलिस के इंटरपोल अनुभाग ने आरोपी की जानकारी जुटाकर कई देशों को भेजी। अमेरिका को 9 इंटरपोल नोटिस, प्रोविजनल अरेस्ट रिक्वेस्ट, अपडेटेड डोजियर और फिंगरप्रिंट उपलब्ध करवाए गए।

हरि बॉक्सर कोटपूतली-बहरोड़ क्षेत्र का निवासी है और लॉरेंस गैंग का सक्रिय सदस्य बताया जा रहा है। वह गिरोह के लिए हथियारों की व्यवस्था करने के साथ रंगदारी व फायरिंग की घटनाओं में सहयोग करता था। गैंग द्वारा कारोबारियों को धमकाकर फिरौती मांगी जाती थी और रकम नहीं देने पर हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया जाता था। आरोपी के खिलाफ राजस्थान के विभिन्न थानों में हत्या के प्रयास, रंगदारी, आर्म्स एक्ट और संगठित अपराध सहित 22 से अधिक मामले दर्ज हैं। अप्रैल 2023 में वह भारत से फरार होकर विदेश चला गया था। गुयाना और मैक्सिको होते हुए वह अवैध रास्ते से अमेरिका पहुंचा था।





नहर में तैरते नजर आए सेब से भरे कार्टन, कंटेनर घटनास्थल से करीब 100 मीटर आगे तक बहा, कंटेनर निकलवाने के लिए बुलाई एसडीआरएफ टीम

इंदिरा गांधी नहर में गिरा सेब से भरा कंटेनर, चालक व सहचालक ने समय रहते केबिन से निकल बचाई जान

सीमा सन्देश# सूरतगढ़



राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिरधवाल हैड के पास इंदिरा गांधी नहर में सेब से भरा कंटेनर अनियंत्रित होकर पुल से नहर में गिर गया। गनीमत रही कि कंटेनर में सवार चालक व सहचालक ने समय रहते केबिन से बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली। हादसे में दोनों सुरक्षित बच गए, जबकि कंटेनर में भरे सेब के सैकड़ों कार्टन नहर के तेज बहाव में बह गए। जानकारी अनुसार सेब से भरा कंटेनर श्रीगंगानगर से बीकानेर होते हुए आंध्र प्रदेश की ओर जा रहा था। इसी दौरान आरडी 236 पर बने पुल से गुजरते समय चालक का संतुलन बिगड़ गया और कंटेनर सीधे नहर में जा गिरा। हादसे के बाद चालक मदन बिश्नोई व सहचालक लक्की मेहरा किसी तरह केबिन से बाहर निकले और तैरकर नहर किनारे पहुंचे। वहां उपस्थित लोगों ने दोनों को सुरक्षित बाहर निकालने में मदद की।

घटना की सूचना मिलते ही राजियासर थाना अधिकारी चंद्रभान व बिरधवाल चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक रामेश्वर लाल सहारण पुलिस जाब्ते के साथ वहां पहुंचे और चालक से हादसे की जानकारी ली। साथ ही नहर में गिरे कंटेनर को बाहर निकालने के लिए बीकानेर से एसडीआरएफ की टीम बुलाई गई।

रात को कंटेनर निकाला बाहर: एसडीआरएफ टीम कमांडर शिवराज सिंह ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर चालक को नींद की झपकी आने से हादसा होने की आशंका है। नहर में पानी का बहाव काफी तेज होने के कारण कंटेनर घटनास्थल से करीब 100 मीटर आगे तक बह गया था। इसके बाद एसडीआरएफ के हवलदार मनोज कुमार के नेतृत्व में हनुमान, गुरदीप, गुरलाल, सुनील, महेश कुमार, विष्णु व नरेंद्र ने डीप डाइविंग के जरिए रेस्क्यू अभियान शुरू किया। करीब ढाई घंटे तक चले चुनौतीपूर्ण रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद टीम ने क्रेन की सहायता से रात करीब 8 बजे कंटेनर को नहर से बाहर निकाल लिया। हादसे में चालक व सहचालक की जान बचने से बड़ा हादसा टल गया, हालांकि कंटेनर में लदे सेब पानी में बह जाने से माल का भारी नुकसान हुआ है। उल्लेखनीय है कि बिरधवाल पुल को जर्जर घोषित करते हुए वहां पर भारी वाहन वर्जित का बोर्ड लगाया हुआ है। अब सबसे सवाल है कि और कोई वैकल्पिक रास्ता भी नहीं है। ऐसे में भारी वाहन कोई उड़ कर तो आने वाले नहीं हैं। खास बात यह भी है कि यह बोर्ड कई सालों से लगा हुआ है और पुल निर्माण बीच में अटका हुआ है। जबकि इस सड़क पर वाहन चालकों से भारी भरकम टोल वसूला जा रहा है।

गेहूं की बुवाई पर संकट; किसानों ने केन्द्र सरकार से पंजाब की मनमानी रोकने की उठाई मांग

गंगनहर में पानी की भारी किल्लत, किसानों की दो-दो बारियां सूखी

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



गंगनहर क्षेत्र में सिंचाई पानी की लगातार घटती आपूर्ति ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। अक्टूबर माह से ही नहरों में पानी की कमी बनी हुई है। पानी के अनियमित रेगुलेशन के कारण जिले की अनेक नहरों की लगातार दो-दो बारियां सूख चुकी हैं। इसका सीधा असर खेतों में खड़ी फसलों और आगामी गेहूं की बुवाई पर पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि किसान समय पर खेतों में सिंचाई और बुवाई का काम पूरा नहीं कर पा रहे हैं। यदि जल्द ही पानी की आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ तो रबी सीजन की फसलों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

जिले में इस बार करीब दो लाख 25 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सरसों की बुवाई हो चुकी है। सरसों की फसल के बाद अब किसान गेहूं की बुवाई की तैयारी में जुटे हैं। गेहूं की बुवाई के लिए खेतों में पर्याप्त नमी होना जरूरी है, लेकिन गंगनहर में पानी की कमी के चलते किसानों के सामने सबसे बड़ी समस्या खेत तैयार करने और समय पर बिजाई करने की खड़ी हो गई है। जिन किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलना चाहिए था, उन्हें निर्धारित समय पर पानी नहीं मिल पा रहा है। इसके चलते कई क्षेत्रों में गेहूं की बुवाई पिछड़ने लगी है।

किसानों का कहना है कि खेती पूरी तरह सिंचाई पानी पर निर्भर है। गंगनहर क्षेत्र में पानी की उपलब्धता प्रभावित होने से किसानों का पूरा कृषि चक्र गड़बड़ा रहा है। पहले सरसों की बुवाई और शुरूआती सिंचाई को लेकर परेशानी रही, अब गेहूं की बिजाई के महत्वपूर्ण समय में भी पानी की कमी बनी हुई है। लगातार दो बारियां सूखने से किसानों को अगली सिंचाई के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। इससे खेतों में नमी बनाए रखना मुश्किल हो रहा है।

किसान संघर्ष समिति के प्रवक्ता सुभाष सहगल ने कहा कि गंगनहर क्षेत्र में पानी की उपलब्धता के कारण गंगनहर क्षेत्र के किसानों को उनके हिस्से का पूरा सिंचाई पानी नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पानी की उपलब्धता को लेकर बार-बार समस्या सामने आने के बावजूद इस दिशा में प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। किसानों की ओर से लगातार सिंचाई विभाग के अधिकारियों के समक्ष समस्या उठाई जा रही है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आई है।

सहगल ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार को इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए। पंजाब की ओर से पानी के मामले में की जा रही मनमानी पर रोक लगाकर गंगनहर क्षेत्र के किसानों को उनके हिस्से का पूरा पानी दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि केवल गेहूं की बुवाई करवाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सरकार को अभी से यह सुनिश्चित करना होगा कि फसल की बुवाई से लेकर पकाई तक किसानों को पर्याप्त सिंचाई पानी उपलब्ध हो।

उन्होंने कहा कि किसानों के लिए रबी की फसल ही सालभर की मेहनत और आमदनी का प्रमुख आधार है। यदि समय पर पानी नहीं मिला तो किसानों के लिए फसल को पकाना भी मुश्किल हो जाएगा। ऐसी स्थिति में किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

किसानों का कहना है कि सिंचाई पानी की समस्या हर बार फसल के महत्वपूर्ण समय पर सामने आती है। इससे किसान आर्थिक रूप से कमजोर होने के साथ-साथ खेती की योजना बनाने में भी असमर्थ हो जाते हैं। अब गेहूं की बुवाई का समय निकलता जा रहा है और खेतों में पानी की जरूरत लगातार बढ़ रही है। ऐसे में सरकार और सिंचाई विभाग को तत्काल प्रभाव से कदम उठाने चाहिए।

पैदावार पर पड़ेगा असर : सहगल



किसान संघर्ष समिति के प्रवक्ता सुभाष सहगल नेमांग की है कि नहरों में पानी का नियमित और पर्याप्त रेगुलेशन सुनिश्चित किया जाए, सूखी बारियों की समस्या का समाधान किया जाए तथा पंजाब से मिलने वाले पानी के मामले में केन्द्र सरकार प्रभावी भूमिका निभाए। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते सिंचाई पानी की व्यवस्था नहीं हुई तो इस बार रबी सीजन की फसलों की पैदावार पर गंभीर असर पड़ सकता है।

दीपावली के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



शुभ लक्ष्मी ब्रांड
बिनौला खल



निर्माता : खेमचन्द नागपाल
राघव नागपाल — कॉटन इण्डस्ट्रीज — हार्दिक नागपाल
100 प्रशित शुद्ध बिनौला खल
गेट नं. 2 नई धानमंडी के सामने श्रीविजयनगर
मो. 7023798792, 9413377792

समस्त इलाकावासियों को
दीपावली व गुरुनानक जयंती की



हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
:: शुभेच्छु ::
ईश्वजीत सिंह
(अवि दानेवालिया)
अवि दानेवालिया
जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा एवं सामाजिक कार्यकर्ता मो. 9783297099

दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
MAK LUBRICANTS
विश्वास का दूसरा नाम — TRUSTED NAME SINCE : 1953
KUMAR BROTHERS
Deals in: All types of Oil, Grease & Filter
Raisinghnagar (Raj.) Ph. 01507-220001
ISHANT KUMAR
Mob.97825-77252

दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
अग्रवाल समाज
रायसिंहनगर
कुलभूषण सिंघल, अध्यक्ष
संजीव कांसल, कोषाध्यक्ष

डेढ़ क्विंटल खराब खाद्य सामग्री नष्ट करवाई

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। राज्य सरकार के निर्देशानुसार शुद्ध आहार मिलावट पर वार के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से निरीक्षण एवं सैंपलिंग की कार्रवाई जारी है। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि एफएसओ हंसराज गोदारा, रेणु चौधरी एवं उर्मिला भादू की टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए। जिला मुख्यालय पर श्री करनी डेयरी एंड वैरायटी स्टोर से दूध, तुलसी स्वीट कॉर्नर से बालूशाही तथा डेली फूड मार्ट से पोहा एवं सूजी रस्क के सैंपल लिए गए। वहीं बींझबायला में मेसर्स नागपाल मिष्ठान भंडार से बेसन चूरमा एवं ईश्वर स्वीट्स से मावा मिठाई के सैंपल लिए गए। निरीक्षण के दौरान उक्त दोनों प्रतिष्ठानों पर खराब चाशनी, रसगुल्ले, गुलाबजामुन एवं अन्य खाद्य सामग्री पाई गई। मौके पर करीब डेढ़ क्विंटल खराब खाद्य सामग्री नष्ट करवाई गई, ताकि यह आमजन के उपयोग में नहीं आ सके।



समस्त इलाकावासियों को दीपावली एवं गुरुनानक जयंती की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



:: शुभेच्छु ::
अमरीक सिंह थिन्द (बिट्टू)
नवनिर्वाचित सरपंच ग्राम पंचायत 29 जीबी शिवपूरी श्रीविजयनगर
अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, श्रीवजयनगर

दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
दवा विक्रेता संघ
रायसिंहनगर
-: शुभेच्छु :-
राधेश्याम भाकर, अध्यक्ष
महेश कुमार, सचिव
कुलभूषण, उपाध्यक्ष

दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
रायल कैफे एण्ड रेस्टारेन्ट
हमारे यहां बर्गर, पिज्जा, चाऊमीन, रुकने के लिए कमरे उपलब्ध हैं। कचहरी रोड, रायसिंहनगर
मो. 7851080484

दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
THE SANGAM
HOTEL & RESTAURANT
-: शुभेच्छु :-
हमारे यहां बर्गर, पिज्जा, चाऊमीन, रुकने के लिए कमरे उपलब्ध हैं।
कचहरी रोड, रायसिंहनगर
CONTACT- 7690028225, 8619684819, 9929297823

पूर्व सभापति करूणा चांडक ने दी शुभकामनाएं



श्रीगंगानगर। नगरपरिषद की पूर्व सभापति श्रीमती करूणा चांडक ने इलावासियों को दीपोत्सव की बधाई दी है। अपने शुभकामना संदेश में श्रमती चांडक ने कहा कि दीपावली का त्योहार अपने साथ समृद्ध पौराणिक और एतिहासिक धरोहर समेटे हुए है। मान्यता के अनुसार इसी दिन मयादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम चौदह वर्षों के कठिन वनवास के बाद अपनी पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण, भक्त हनुमान और विभीषण के साथ अयोध्या लौटे थे। रावण के वध के बाद अयोध्या आगमन की खुशी में संपूर्ण नगर को घी के दीयों से सजाया गया था। तबसे लेकर अब तक यह परंपरा लगातार चलती आ रही है। भगवान राम के अलावा इसी दिन माता लक्ष्मी समुद्र मंथन से प्रकट हुई थीं। इसीलिए इस दिन पर लक्ष्मी जी और गणेश जी की पूजा भी होती है। दीपावली समाज में भाईचारे और समरसता का संदेश देती है। इस दिन लोग अपने गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं, जिससे रिश्तों में मिठास बढ़ती है। दीपावली का प्रकाश हम सबके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए-यही कामना है।

अशोक चांडक ने दीपोत्सव की शुभकामनाएं दी



श्रीगंगानगर। समाजसेवी अशोक चांडक ने समस्त इलाका निवासियों को दीपोत्सव की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि माँ लक्ष्मी की कृपा से जीवन में सुख और समृद्धि का वास हो घर-घर में खुशियाँ और उल्लास छा जाए दिवाली के दीप आपके जीवन को रोशन करें। दीपों की रोशनी से जगमगाता हर आंगन खुशियों की सौगात लाए आपके घर में सुख-समृद्धि का उजाला फैले, हर दिन आपके जीवन में त्योहार जैसा महके। दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं।

व्यापार मण्डल, श्रीविजयनगर
की ओर से दीपावली एवं गुरुनानक जयंती की सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
-: शुभेच्छु :-


हनीश मिद्ढा — अध्यक्ष


राजकुमार पपनेजा — उपाध्यक्ष


पीयूष बिलन्दी — कोषाध्यक्ष


अमित मिद्ढा — सचिव

-: माननीय संरक्षकगण :-
प्रभू दयाल मिद्ढा ● अशोक कुमार मिद्ढा ● देवेन्द्र पाल सिंह कामरा ● दीपक कुमार मिद्ढा

-: माननीय कार्यकारिणी सदस्यगण :-
अशोक कुमार आहूजा ● अमरजीत कामरा ● कमल कुक्कड़ ● अमृतपाल सिंह नन्दा ● सोहनलाल जुनेजा ● किशनसिंह कामरा ● हरीश कुमार बदरा
विशेष आमंत्रित सदस्य : बीरबल दास चुघ, श्यामलाल नागपाल, श्रीविजयनगर

व्यापार संघ, श्रीबिजयनगर
की ओर से समस्त व्यापारियों एवं क्षेत्रवासियों को
दीपावली हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं


जितेन्द्र कुमार झंवर — अध्यक्ष


मनोज लखोटिया — महासचिव


गणेशकुमार शर्मा — वरिष्ठ उपाध्यक्ष


रमेश कुमार बेनीवाल — कोषाध्यक्ष


प्रमोद कुमार गोयल — उपाध्यक्ष


सुरेन्द्र कुमार गोदारा — सचिव

संरक्षक : दलीप बिश्नोई, महावीर लखोटिया, सुरेश गोयल, मदन मोहता
सदस्यगण : रमेश लखोटिया, केशव लखोटिया, मदन खीचड़, पुलकित गुप्ता
विशेष आमंत्रित सदस्य : प्रेम जाखड़, मांगीलाल मोहता

कार्यालय क्षेत्रीय वन अधिकारी
रायसिंहनगर
दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

- रेंज अधीन नर्सरी समेजा, बाजूवाला, घमूडवाली में छायादार फलदार पौधे वितरण के लिए सरकारी दर पर उपलब्ध है तो ज्यादा पौधे लगायें।
- वन्य जीवों का किसी भी प्रकार से शिकार करना, मारना वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत अपराध है। इस प्रकार का अपराध करने पर 3 से 7 वर्ष तक की सजा एवं 1 लाख रुपये तक का आर्थिक दण्ड का प्रावधान है। यदि कोई ऐसा करता है तो वन विभाग की हैल्पलाईन 1926 या मेरे मोबाइल 94622-00985 पर सूचना देखें।
- यदि कोई आपके क्षेत्र में हरे पेड़ों को काटता है तो यदि राजस्व क्षेत्र में काटता है तो संबंधित पटवारी / तहसीलदार को सूचना देवें। यदि वन क्षेत्र से काटता है तो वन विभाग की हेल्पलाइन 1926 या मेरे मोबाईल नम्बर 94622-00985 पर सूचना देवें।
- अपने आसपास अधिक से अधिक छायादार एवं फलदार पौधे लगायें और उनकी नियमित देखभाल करें। पौधा लगाने के साथ उसकी सुरक्षा एवं पानी की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। सड़क, नहर, सार्वजनिक स्थान एवं खाली भूमि पर पौधारोपण करते समय स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल प्रजातियों का चयन करें तथा पौधों को पशुओं से बचाने के लिए ट्री-गार्ड की व्यवस्था करें।
- पेड़ों की अवैध कटाई एवं परिवहन को बढ़ावा न दें। बिना वैध अनुमति के हरे पेड़ों की कटाई पाए जाने पर तत्काल संबंधित विभाग को सूचना दें।
- वन क्षेत्रों में आग लगने की घटना से बचने के लिए लापरवाही से जलती हुई बीड़ी, सिगरेट अथवा अन्य ज्वलनशील सामग्री न फेंके। वन क्षेत्र में आग दिखाई देने पर तुरंत वन विभाग को सूचना दें।
- वन्य जीवों को पकड़ना, घायल करना, उनके आवास को नुकसान पहुंचाना अथवा उनके अंगों का अवैध व्यापार करना कानूनन अपराध है। वन्य जीवों की सुरक्षा में आमजन की सहभागिता महत्वपूर्ण है।
- पर्यावरण एवं वन्य जीवों की सुरक्षा केवल वन विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक पौधे लगायें, पेड़ों की रक्षा करें और वन्य जीवों के संरक्षण में सहयोग करें।
- वन एवं वन्य जीवों से संबंधित किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी होने पर स्वयं कार्रवाई न करें, बल्कि संबंधित विभाग को सूचना दें, ताकि नियमानुसार कार्रवाई की जा सके।

पवन कुमार बिश्नोई
क्षेत्रीय वन अधिकारी, रायसिंहनगर

दीपावली के पावन अवसर
पर सभी मंडी वासियों, और
इलाकावासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
व्यापार मण्डल रायसिंहनगर
---:शुभेच्छु:---
सुनील पटवारी, अध्यक्ष
राजेश बबला, सचिव
गगनदीप, कोषाध्यक्ष

मौसम

अधिकतम	न्यूनतम
32.3°	18.4°

आर्द्रता

सुबह	शाम
83%	56%

विंड स्पीड

2-8KM/h

आज का सूर्यास्त

05:42PM

कल का सूर्योदय

06:55AM

मुख्यतः आसमान साफ रहेगा।

सर्राफा श्रीगंगानगर

(24 कैरेट/10 ग्राम)
₹1,42,430
(22 कैरेट/10 ग्राम)
₹1,31,750

चांदी
(प्रति किलो)
₹1,86,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

नगर परिषद के आयोजन में स्वच्छता सैनिकों और कलाकारों का सम्मान, प्रस्तुतियों ने बांधा समां

सीमा सन्देश # चूरू।

नगर परिषद चूरू की ओर से दीपोत्सव के अवसर पर गुरुवार रात्रि जिला मुख्यालय स्थित चूरू चौपाटी में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। टैलेंट्स विला टीम के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों के माध्यम से राजस्थानी लोक संस्कृति के विविध रंग प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहरवासी मौजूद रहे।

नृत्य और संगीत प्रस्तुतियों ने मोहा मन : कार्यक्रम में विशाखा सोनगरा एवं दृष्टि खत्री ने युगल नृत्य की प्रस्तुति दी। राधा-कृष्ण के रूप में सोनू हटवाल एवं सिमरन ने मनमोहक नृत्य कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। ज्योति पंवार एवं निखिल शर्मा ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं बजरंग कथक, लीलाधर कथक, मेघांत चौहान एवं राहुल कांगड़ा ने गायन प्रस्तुतियां दीं। परिधि गौड़, भाव्या नेहरा, अदिति शर्मा, प्राही खेमका, रावी शर्मा, सानवी सिंह एवं खुशी तंवर ने हनुमान चालीसा पाठ पर आधारित नृत्य प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।



आदित्य सोनगरा, हर्षित, रोहिताश स्वामी, मनीष शर्मा एवं भरत ने विभिन्न गेम्स गतिविधियां करवाईं।

स्वच्छता सैनिकों और कलाकारों का सम्मान : विधायक हरलाल सहारण की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में चांद कंवर राठौड़, कनिका सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, ओम सारस्वत, पदम सिंह राठौड़, फतेहचंद सोती, डॉ. वासुदेव चावला, उपसभापति ओमप्रकाश इंदौरिया एवं पार्षद विमला गढ़वाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिथियों ने शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में योगदान देने वाले नगर परिषद के स्वच्छता सैनिकों को सम्मानित किया। साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाले कलाकारों को भी सम्मानित किया गया।

अधिकारियों ने संभाली व्यवस्थाएं : आयुक्त अभिलाषा सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। एक्सईएन वेदपाल सिंह, आरओ सुरेश चौहान, एईएन सुनील कुमार सोनी एवं इरफान अली ने अतिथियों का स्वागत किया। नगर परिषद सभापति विनय कुमार गोयनका ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य मुकुल भाटी एवं प्रदीप कथक ने किया।

खुले में कचरा, प्लास्टिक जलाने पर अब होगी कार्रवाई, कटेगा आधे दिन का वेतन

जनता पर 500 से 5 हजार तक का जुर्माना

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर।



नगर परिषद श्रीगंगानगर ने शहर में खुले में कचरा, प्लास्टिक, सूखी पत्तियां और अन्य अपशिष्ट पदार्थ जलाने की घटनाओं पर पूर्ण रूप से रोक लगा दी गई है। इस संबंध में नगर परिषद आयुक्त मिल्ख राज चुघ ने आधिकारिक आदेश जारी कर सभी सफाई निरीक्षकों को कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। नगर परिषद द्वारा यदि परिषद का कोई सफाई निरीक्षक या अन्य कर्मचारी स्वयं कचरा जलाते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध तुरंत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी और उसके आधे दिन के वेतन की कटौती की जाएगी। इसके अलावा, यदि कोई सफाई निरीक्षक अपने क्षेत्र में कचरा जलाने की घटनाओं को रोकने में लापरवाह या उदासीन पाया जाता है, तो उनके खिलाफ भी नियमानुसार विभागीय कार्रवाई की गाज गिरेगी। यदि आम नागरिकों द्वारा खुले में कचरा या प्लास्टिक जलाए जाने का मामला सामने आता है, तो उन पर भारी आर्थिक दंड लगाया जाएगा । इसमें प्रथम बार पकड़े जाने पर 500 रुपये, दूसरी बार पकड़े जाने पर 2,000 रुपये और तीसरी बार या बार-बार उल्लंघन करने पर 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। सफाई निरीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों में नियमित रूप से भ्रमण करें। यदि कहीं भी ऐसी घटना सामने आती है, तो संबंधित व्यक्ति का नाम, पूरा पता और घटना का विवरण तत्काल कार्यालय में प्रस्तुत कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

नगर परिषद, श्रीगंगानगर ने शहर के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे पर्यावरण और जनस्वास्थ्य की रक्षा के लिए खुले में किसी भी प्रकार का कचरा, प्लास्टिक या पत्तियां बिल्कुल न जलाएं। अपने घर के कूड़े-कचरे को इधर-उधर फेंकने या जलाने के बजाय, नगर परिषद के डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहनों में ही डालें।

ईवीएम का द्वितीय रेण्डेमाईजेशन सम्पन्न



श्रीगंगानगर। पंचायती राज आम चुनाव 2026 के तहत शनिवार को कलक्टरेट सभागार में चतुर्थ चरण के लिए ईवीएम के द्वितीय रेण्डेमाईजेशन की प्रक्रिया जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में पूर्ण हुई। इस अवसर पर भाजपा के प्रदीप धेरड, कांग्रेस के भीमराज डाबी, माकपा के विजय रेवाड़ तथा निर्वाचन प्रक्रिया में लगे अधिकारी उपस्थित थे।

एसआईआर में राजनीतिक दल सक्रिय भूमिका निभाएं : सुराणा

चूरू। फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2027 (एसएसआर-2027) को लेकर शनिवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार (आपणी योजना) में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के लिए सभी दलों से सक्रिय सहयोग का आह्वान किया। सुराणा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़ना, गलत प्रविष्टियों में संशोधन तथा अपात्र नामों का विलोपन आवश्यक है। उन्होंने प्रपत्र-6, 7 एवं 8 के माध्यम से आवेदन करने तथा 18-19 वर्ष के युवाओं, महिलाओं, ट्रांसजेंडर और विशेष योग्यजन नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने पर विशेष जोर दिया। साथ ही वोटर पोर्टल और ईसीआईनेट मोबाइल ऐप के जरिए ऑनलाइन आवेदन की जानकारी भी दी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी ने बताया कि मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 12 नवंबर को होगा। दावे एवं आपत्तियां 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक स्वीकार की जाएंगी, उनका निस्तारण 28 दिसंबर तक होगा तथा अंतिम मतदाता सूची 4 जनवरी 2027 को प्रकाशित की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में 1860 मतदान केंद्र अधिसूचित हैं और सभी पर बीएलओ नियुक्त किए जा चुके हैं। राजनीतिक दलों से बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त करने का भी आग्रह किया गया।

सुजानगढ़ में सर्वाधिक 10 नामांकन वापस, चुनाव चिह्न आवंटित

चूरू में पंचायत चुनाव: 36 ने नामांकन वापस लिया, चुनावी तस्वीर हुई साफ

सीमा सन्देश # चूरू।

पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के चौथे चरण के तहत चूरू जिले में पंचायत समिति सदस्य पद के चुनाव के लिए शुक्रवार को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी हो गई। छह पंचायत समितियों में कुल 36 अभ्यर्थियों ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। नाम वापसी की समय सीमा समाप्त होने के बाद संबंधित निर्वाचन अधिकारियों ने शेष प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित कर अंतिम सूची जारी कर दी। इसके साथ ही चौथे चरण के चुनाव की तस्वीर पूरी तरह स्पष्ट हो गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर अर्पिता सोनी ने बताया कि सुजानगढ़ पंचायत समिति में सर्वाधिक 10, रतनगढ़ में 9, चूरू उत्तर में 7, तारानगर पश्चिम (भालेरी) में 5, तारानगर पूर्व में 4 तथा चूरू पंचायत समिति में एक अभ्यर्थी ने नाम वापस लिया।

सुजानगढ़ में 10 प्रत्याशी हटे मैदान से

सुजानगढ़ पंचायत समिति में वार्ड संख्या 2 से उर्मिला ज्याणी, वार्ड 4 से कैलाश, वार्ड 5 से प्रकाश कंवर, वार्ड 12 से सुरेंद्र कुमार तेतरवाल, वार्ड 13 से राजू सिंह एवं चांद सिंह, वार्ड 15 से कमला देवी, वार्ड 18 से रफीक मोहम्मद, वार्ड 19 से कमला देवी तथा वार्ड 24 से सरिता ने अपनी अभ्यर्थिता वापस ले ली। जिले में सबसे अधिक नाम वापसी यहीं दर्ज की गई।



तारानगर में नौ अभ्यर्थियों ने छोड़ी चुनावी दौड़

तारानगर पूर्व पंचायत समिति में वार्ड 3 से प्रियंका मेघवाल, वार्ड 9 से महेंद्र, वार्ड 11 से सोनिका राठौड़ तथा वार्ड 15 से विनोद कुमार ने नाम वापस लिया। वहीं तारानगर पश्चिम (भालेरी) पंचायत समिति में वार्ड 2 से दलिप कुमार जोशी, वार्ड 9 से संजय कुमार, वार्ड 10 से मुकेश कुमार, वार्ड 11 से महावीर तथा वार्ड 15 से मधु कंवर ने चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लिया।

रतनगढ़ में 9 नामांकन वापस

रतनगढ़ पंचायत समिति में वार्ड 5 से भगवानाराम, वार्ड 11 से राजेश कुमार प्रजापत, वार्ड 13 से रामनिवास, वार्ड 15 से सोहन कंवर, वार्ड 17 से संदीप सिंह एवं आनंद सिंह राठौड़, वार्ड 18 से मंजू देवी, वार्ड 21 से चंद्र प्रकाश तथा वार्ड 25 से भोमाराम ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी संबंधित निर्वाचन अधिकारियों ने शेष उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आवंटित कर अंतिम प्रत्याशी सूची जारी कर दी। इसके साथ ही चौथे चरण के पंचायत समिति सदस्य चुनाव को लेकर जिले में चुनावी मुकाबले की तस्वीर पूरी तरह साफ हो गई।

दीपावली और भाईदूज की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

मनन फर्नीचर्स





Authorised Dealer

KING KOIL
PREMIUM GOLBAL MATTRESS BRAND

फेस्टिवल ऑफर

Discount on
10% Bed, Almirha, Sofaset



Special Discount 20%
On Mattress



6-A-6 Meera Marg , Jawahar Nagar, Sri Ganganagar

M. 96670-70635, 94606-17481, 70140-03356

सुमन भाकर ने 1341 मतों से दर्ज की सबसे बड़ी जीत, गाजूसर में सावित्री मात्र 4 वोटों से जीतीं; कई पंचायतों में कांटे का मुकाबला

सरदारशहर ग्रामीण में महिलाओं ने दिखाया दम, कई सीटों पर बड़ी जीत

सीमा सन्देश # सरदारशहर

सरदारशहर क्षेत्र की तीन पंचायत समितियों में पंच एवं सरपंच पदों के लिए हुए चुनाव के परिणाम देर रात घोषित कर दिए गए। कई ग्राम पंचायतों में प्रत्याशियों ने भारी मतों के अंतर से जीत दर्ज की, जबकि कुछ स्थानों पर मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। चुनाव परिणामों में महिला नेतृत्व की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली।

भानीपुरा में 17 महिला और 20 पुरुष सरपंच निर्वाचित: भानीपुरा पंचायत समिति की 37 ग्राम पंचायतों में 17 महिला और 20 पुरुष सरपंच चुने गए। सबसे बड़ी जीत ग्राम पंचायत बिल्यूबास रामपुरा से सुमन भाकर ने 1,341 मतों के अंतर से दर्ज की। वहीं बाड़ड़िया ग्राम पंचायत में हेतनाथ ने महज 6 मतों से जीत हासिल कर रोमांचक मुकाबला अपने नाम किया।

सरदारशहर पंचायत समिति में कांटे की टक्कर : सरदारशहर पंचायत समिति की 33 ग्राम पंचायतों में 17 महिला और 16 पुरुष सरपंच निर्वाचित हुए। ग्राम पंचायत आसासर से कमला देवी ने 938 मतों के अंतर से सबसे बड़ी जीत दर्ज की। वहीं गाजूसर ग्राम पंचायत में सावित्री ने केवल 4 मतों से जीत हासिल कर सबसे करीबी मुकाबला जीता।

सरदारशहर पूर्व में मोहनी की बड़ी जीत: सरदारशहर पूर्व पंचायत समिति की 27 ग्राम पंचायतों में 14 महिला और 13 पुरुष सरपंच निर्वाचित हुए। डेराजसर ग्राम पंचायत से मोहनी ने 885 मतों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। वहीं पलासर ग्राम पंचायत में बजरंगलाल ने केवल 6 मतों से जीत हासिल की।

महिला नेतृत्व की मजबूत उपस्थिति: तीनों पंचायत समितियों के चुनाव परिणामों में महिला प्रतिनिधित्व प्रभावशाली रहा। कई ग्राम पंचायतों में महिला उम्मीदवारों ने बड़े अंतर से जीत दर्ज कर नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया। इससे स्थानीय स्वशासन में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी भी स्पष्ट हुई।

पंचायत समिति सदस्य पद के लिए 103 उम्मीदवार मैदान में: पंचायत समिति सदस्य चुनाव के लिए शुक्रवार को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब 103 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं। अब इन सीटों पर चुनावी मुकाबला और रोचक होने की उम्मीद है।

नगर पालिका की भव्य सजावट बनी आकर्षण का केंद्र, धनतेरस पर बीएस मोटर्स में 101 वाहनों की बिक्री

अनूपगढ़ में दीपोत्सव की धूम, रोशनी और खरीददारी से बाजार गुलजार

सीमा सन्देश # अनूपगढ़





दीपोत्सव के अवसर पर इस बार अनूपगढ़ शहर में अलग ही रौनक देखने को मिल रही है। धनतेरस के दिन शुक्रवार को बाजारों में जमकर खरीदारी हुई। कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक सामान, ज्वेलरी, बर्तन, पूजा सामग्री, मिठाई और किराना दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ रही। खरीदारी के चलते बाजार देर रात तक गुलजार रहे।

नगर पालिका की सजावट ने बढ़ाई शहर की खूबसूरती : नगर पालिका की ओर से पहली बार शहर में करवाई गई भव्य सजावट और रंग-बिरंगी लाइटिंग लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। मुख्य मार्गों, बाजारों और चौक-चौराहों पर की गई आकर्षक सजावट देखने के लिए लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। चमकदार झालरों, सजावटी छतरियों और भव्य तोरण द्वारों ने शहर की सुंदरता बढ़ा दी है। स्वागत द्वारों पर लगाए गए 'जय श्रीराम' और 'जय श्रीश्याम' के संदेश लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। वहीं बच्चों के लिए लगाए गए टेडी बियर और विभिन्न कार्टून कैरेक्टर भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

धनतेरस पर वाहनों की बिक्री में उत्साह: धान मंडी स्थित बीएस मोटर्स पर भी धनतेरस के अवसर पर ग्राहकों में खासा उत्साह देखने को मिला। संचालक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि धनतेरस के दिन हीरो होंडा और स्प्लेंडर बाइक की 101 गाड़ियों की बिक्री हुई। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ग्राहक को बाइक के साथ हेलमेट और चाबी सौंपकर दीपावली की शुभकामनाएं दी गईं। शहर में बाजारों की रौनक, आकर्षक सजावट और खरीदारी के उत्साह ने दीपावली पर्व को खास बना दिया है। इस बार अनूपगढ़ में दीपोत्सव का माहौल देखते ही बन रहा है।

अनूपगढ़ : जोधपुर मिष्ठान भंडार पर मिठाईयों की अनेक वैरायटी



सीमा सन्देश # अनूपगढ़। दीपावली त्यौहार को लेकर शुद्ध देसी घी की विशेष मिठाइयां उपलब्ध हैं। प्रोपराइटर दलीप सिंह राजपुरोहित ने बताया कि दुकान पर काजू कतली, सोन पापड़ी, शाही मिल्क केक, पनीर जलेबी, इमरती, खुरमानी, मूंग दाल बर्फी, अखरोट बर्फी, पिस्ता लोज, रसगुल्ले और गुलाब जामुन जैसी स्वादिष्ट मिठाइयां ग्राहकों के लिए उपलब्ध कराई गई हैं। त्यौहार के इस सीजन में लोग शुद्धता और बेहतरीन गुणवत्ता के साथ इन पारंपरिक मिठाइयों का लुत्फ उठा रहे हैं।

कस्टमर्स ने गहनों के साथ, सिक्के और चांदी के बर्तन की खरीदारी की

शुद्ध चांदी और डायमंड रेंज की शृंखला 'REYAH' पर उपलब्ध





सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

श्रीगंगानगर का स्टार्टअप शुद्ध चांदी व डायमंड की विशाल रेंज की शृंखला 'REYAH' (रेहया) पर ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। गोशाला रोड पर बीरबल चौक के समीप स्थापित रेहया 'रेहया' टीम के चैतन्य गोयल ने बताया कि शोरूम खुलने की छोटी सी अवधि में ही श्रीगंगानगर और आसपास के एरिया में अपनी शुद्ध क्वालिटी के कारण रेहया ने ग्राहकों में विशिष्ट पहचान बनाई है। रेहया शोरूम पर शुद्ध चांदी से निर्मित बर्तन, सिक्के, पाजेब व अन्य प्रकार के आभूषण आधुनिक डिजाइन के साथ बिक्री किए जा रहे हैं। उसके साथ-साथ डायमंड से निर्मित आभूषण की बहुत ही सुंदर-सुंदर वैरायटी ग्राहकों के लिए रेहया पर उपलब्ध है। श्री गोयल ने शहर के सभी नागरिकों से विनम्र निवेदन किया कि एक बार शोरूम पर आकर अति विशिष्ट और आधुनिक डिजाइन को अवश्य देखें और परखें। इसके लिए शोरूम पर सोने, चांदी की शुद्धता मापने की मशीन भी लगाई गई है। शुद्धता और विश्वास का दूसरा नाम रेहया ग्राहकों को अति सुंदर डिजाइन की वजह से आकर्षित कर रहा है।

नगर पालिका अध्यक्ष सुशील मिड्ढा का हुआ भव्य सम्मान

श्रीविजयनगर: व्यापार मंडल का दीपावली स्नेह मिलन व अभिनंदन समारोह आयोजित

सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर



व्यापार मंडल की ओर से दीपावली स्नेह मिलन समारोह और नगर पालिका अध्यक्ष सुशील मिड्ढा के निर्वाचित होने पर अभिनंदन व सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक शिरकत कर आपसी सौहार्द और व्यापारिक एकजुटता का संदेश दिया। समारोह में उपखंड अधिकारी साक्षी पुरी, अधिशाषी अधिकारी संजू चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष सुशील मिड्ढा और उपाध्यक्ष प्यारे लाल सामरिया ने बतौर अतिथि शिरकत की। व्यापार मंडल की ओर से अतिथियों का स्वागत करते हुए पालिकाध्यक्ष सुशील मिड्ढा को निर्वाचित होने पर सम्मानित किया गया तथा उपस्थित सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए। समारोह में व्यापार मंडल अध्यक्ष हनीष मिड्ढा,व्यापार संघ के अध्यक्ष जितेंद्र झंवर गोशाला समिति अध्यक्ष सोहन नागपाल, व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष प्रभु दयाल मिड्ढा,अशोक मिड्ढा,अमर चंद कुक्कड़, देवेंद्र पाल सिंह कामरा,प्रेम नागपाल,वरिष्ठ व्यापारी एवं समाजसेवी महावीर प्रसाद मिड्ढा, दीपक कुमार मिड्ढा, व्यापार मंडल उपाध्यक्ष राजकुमार पपनेजा, कोषाध्यक्ष पीयूष बिलंदी, सचिव अमित मिड्ढा, व्यापार संघ के पूर्व अध्यक्ष दिलीप बिश्नोई तथा गुरु नानक गौशाला समिति अध्यक्ष भैराराम भांभू सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। वक्ताओं ने दीपावली को प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक बताते हुए शहर के विकास में व्यापारियों की सकारात्मक भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन अमृतपाल सिंह नंदा ने किया।

नगरपालिका के 163 सफाई सेवक-सेविकाओं एवं कार्मिकों का सम्मान



सादुलशहर। नगरपालिका प्रशासन द्वारा दीपावली आगमन पर कार्यालय परिसर में शुक्रवार को सफाई सेवक-सेविकाओं एवं कार्यालय में कार्यरत सभी कार्मिकों को सम्मान स्वरूप मिठाई एवं गिफ्ट हैंपर प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि चेयरमैन प्रतिनिधि प्रदीप खीचड ने सम्मान करने के साथ-साथ दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चेयरमैन श्रीमती मनीषा खीचड एवं ईओ नरेंद्र चौधरी के प्रयास से सभी कार्मिकों का बकाया ऐरियर, बोनस एवं वेतन का भुगतान एकमुश्त कर दिया गया है। यह बहुत बडी उपलब्धि है। आज के दिन किसी भी कर्मचारी की बकाया राशि शेष नहीं है। उन्होंने कहा कि हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि दीपावली के मद्देनजर दिन एवं रात की दोनों पारियों में साफ-सफाई एवं रोशनी की व्यवस्था बेहतर रहे। चौक-चौराहों एवं सरकारी इमारत पर की गई विशेष रोशनी की व्यवस्था आकर्षण का केंद्र रहे। सम्मानित होने वालों में कार्मिक चेतन शर्मा, सुनील कुमार, राकेश कुमार, पारस, जमादार सतीश कुमार सहित 163 कार्मिक शामिल थे। इस दौरान वाइस चेयरमैन अशोक धमीजा, व्यापार मंडल के अध्यक्ष पार्षद संदीप सिंगला, सीमा सन्देश प्रतिनिधि रवि गोयल, कुलदीप गोयल, सफाई निरीक्षक हरप्रीत कौर, पार्षद रणजीत सहारण, पार्षद प्रतिनिधि एडवोकेट महेंद्र शर्मा, जसवंत मिड्ढा, विकास गोयल, नरेंद्र अग्रवाल आदि मौजूद थे।

जरूरतमंदों के जीवन में उजाला फैलाएं : डॉ. टांटिया



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

टांटिया यूनिवर्सिटी के वाइस चेयरपर्सन डॉ. मोहित टांटिया ने क्षेत्रवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। डॉ. टांटिया ने कहा कि प्रकाश का यह पर्व हमें बुराइयों से दूर रहकर सकारात्मक विचार अपनाने और जरूरतमंदों के जीवन में भी उजाला फैलाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि टांटिया समूह शिक्षा, तकनीक और बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के साथ स्थानीय युवाओं को क्षेत्र में ही रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि उन्हें आजीविका के लिए पलायन न करना पड़े।

पायोनियर की सरसों हाइब्रिड किस्में किसानों की आय बढ़ाने में सहायक

पायोनियर 45एस46 पावर और पायोनियर 45एस52 किस्मों से बेहतर उत्पादन व अधिक तेल प्रतिशत की उम्मीद, घड़साना में किसानों ने सराहा

सीमा सन्देश # घड़साना





रबी सीजन की शुरूआत के साथ श्रीगंगानगर जिले के किसानों के लिए सरसों उत्पादन को लेकर नई उम्मीद जगी है। कृषि क्षेत्र में अग्रणी कंपनी पायोनियर ने किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से सरसों की दो उन्नत हाइब्रिड किस्में 45एस46 पावर और 45एस52 उपलब्ध करवाई हैं। कंपनी के अनुसार ये दोनों किस्में अधिक उपज देने के साथ-साथ बेहतर तेल प्रतिशत के लिए भी सक्षम हैं।

400 किसानों की मौजूदगी में हुआ कार्यक्रम : आनंद मेरिज गार्डन, घड़साना में आयोजित किसान कार्यक्रम में क्षेत्र के करीब 35-40 गांवों के प्रगतिशील किसान सुनील कुमार, -20 एल एम, एसएसएम, सिंह-डबर, बलजीत सिंह-3 डी डी, रामप्रसाद-3 एम एल डी, सोकता अली-जावाली, तरपाल सिंह-21 एम डी, यशपाल सिंह-22 एम डी सहित 400 अग्रणी कृषकों ने भाग लिया। इस दौरान किसानों ने पायोनियर की सरसों किस्मों से मिलने वाले संभावित लाभों की जानकारी ली और कंपनी की पहल की सराहना की। किसानों ने कहा कि नई तकनीक और बेहतर बीज किस्में सरसों उत्पादन बढ़ाने में मदद मिल सकती हैं।

कम लागत में अधिक मुनाफे का लक्ष्य: कंपनी के क्षेत्रीय अधिकारी सुभाष यादव ने बताया कि किसानों की सफलता ही कंपनी की सफलता है। 45एस46 पावर और 45एस52 हाइब्रिड सरसों बीज उपलब्ध करवाने का उद्देश्य किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन और बेहतर आय दिलाना है। उन्होंने कहा कि इन किस्मों से सरसों उत्पादन में वृद्धि के साथ देश के तिलहन क्षेत्र को भी मजबूती मिलेगी।

श्रीगंगानगर की मिट्टी में बेहतर परिणाम की उम्मीद : कंपनी अधिकारियों के अनुसार श्रीगंगानगर जिले की उपजाऊ भूमि इन हाइब्रिड किस्मों के लिए अनुकूल है। किसानों को उम्मीद है कि इन किस्मों से बेहतर उत्पादन प्राप्त होगा और उच्च गुणवत्ता वाली सरसों का उत्पादन कर वे बाजार में अपनी मजबूत पहचान बना सकेंगे। किसानों में संतोष और उत्साह देखने को मिला। बेहतर बीज, अधिक उत्पादन क्षमता और बेहतर तेल प्रतिशत में वृद्धि की संभावना के चलते आगामी रबी सीजन में कृषि अर्थव्यवस्था को गति मिलने की उम्मीद है।

सरसों कारोबार को मिलेगी नई गति: 45एस46 पावर और 45एस52 किस्मों की उपलब्धता से जिले में सरसों की खेती करने वाले किसानों में उत्साह देखा जा रहा है। बेहतर बीज, अधिक उत्पादन क्षमता और बेहतर तेल प्रतिशत में वृद्धि की संभावना के चलते आगामी रबी सीजन में कृषि अर्थव्यवस्था को गति मिलने की उम्मीद है। पायोनियर की यह पहल किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

खुशियों की खबर; घर से बिछुड़ी हुई महिला दो वर्ष बाद परिवार से मिली

सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर



दीपावली पर्व पर श्री वाहेगुरु दुख निवारण आश्रम में उस वक्त चंहु ओर खुशियां नजर आईं, जब परिवार से विगत दो वर्षों से बिछुड़ी मां को उसका बेटा लेने पहुंचा। जानकारी के अनुसार करीब दो वर्षों से आश्रम में रह रही 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला श्रीमती संतोष राजपूत का अपने परिवार से आज पुनर्मिलन हो गया। मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण संतोष राजपूत अपने परिवार से बिछुड़ गई थीं और इधर-उधर भटक रही थीं। ऐसी स्थिति में श्री वाहेगुरु दुख निवारण आश्रम ने उन्हें सहारा दिया और अपने परिवार के सदस्य की तरह उनकी देखभाल की जाने लगी। आश्रम में नियमित सेवा संभाल व काउंसलिंग और उचित मार्गदर्शन के माध्यम से उनकी मानसिक स्थिति में सुधार हुआ। लगभग दो वर्षों तक आश्रम ने उनके भोजन, आवास, स्वास्थ्य और भावनात्मक देखभाल की जिम्मेदारी निभाई। जब उनकी स्थिति में सुधार हुआ तो उनके पुत्र सोनू राजपूत ने दिवाली के पावन अवसर पर आश्रम पहुंचकर अपनी मां से मुलाकात की और उन्हें अपने साथ घर ले गए। इस सेवा कार्य में आश्रम की संचालिका रेनू, पवन यादव, जानकी देवी, आश्रम सेवादार तथा आचार्य राधेश्याम छाबड़ा, सुशील मित्तल और अमरजीत सिंह का विशेष सहयोग रहा।

केंद्र व राज्य सरकार जन विरोधी है: जांगिड़



सादुलशहर। एआईसीसी के राष्ट्रीय सचिव एवं सादुलशहर के पूर्व विधायक जगदीश चंद्र जांगिड ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार जन विरोधी है। वे शनिवार को गांव सरदारपुराजीवन में कांग्रेस प्रत्याशी सरोज धामू के पक्ष में आयोजित जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लोकतंत्र का जहां गला घोंटने में लगी हुई है, वहीं वोट चोरी कर रही है। राजस्थान में भी भाजपा की सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। वक्ताओं ने तत्कालीन अशोक गहलोत सरकार के कार्यकाल में तत्कालीन विधायक जगदीश चंद्र जांगिड द्वारा क्षेत्र में करवाए गए ऐतिहासिक विकास कार्यों पर चर्चा कर कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में वोट मांगे। इसके बाद जांगिड ने चक सोहनेवाला में जनसभा कर कांग्रेस प्रत्याशी जगतार सिंह के पक्ष में वोट मांगे। लालगढ जाटान में कांग्रेस प्रत्याशी जगदीश दौवण, जिला परिषद डायरेक्टर रुक्मिणी देवी टाक के पक्ष में रोड मार्च किया। अंत में शाम को बहरामपुराबोदला, छापांवाली में पंचायत समिति डायरेक्टर प्रत्याशी किरणदीप कौर बराड के पक्ष में वोट मांगे। संचालन एडवोकेट कृष्ण अलीपुरा एवं संत कुमार ने किया।

जरूरतमंद परिवारों के साथ बांटी दीपावली की खुशियां

सूरतगढ़। दीपावली पर्व पर सेवा और सामाजिक सरोकार का संदेश देते हुए रोटरी क्लब सूरतगढ़ ने बस स्टैंड और रीको औद्योगिक क्षेत्र के समीप स्थित कच्ची बस्तियों में जरूरतमंद परिवारों को मिठाई एवं अल्पाहार वितरित किया। क्लब सदस्यों ने बच्चों, बुजुर्गों और परिवारों के बीच पहुंचकर उनके साथ दीपावली की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष डॉ. अरविंद बंसल ने कहा कि दीपावली केवल अपने घरों को रोशन करने का पर्व नहीं, बल्कि जरूरतमंदों के जीवन में खुशियों का उजाला फैलाने का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि समाज के वंचित वर्ग के साथ खुशियां बांटना ही सच्ची सेवा है। रोटरी क्लब 'सेवा परमो धर्म' के ध्येय वाक्य के अनुरूप सामाजिक कार्य करता रहेगा। इस अवसर पर पूर्व मंडलाध्यक्ष राजेंद्र तनेजा, सचिव गगन अरोड़ा, कोषाध्यक्ष विपुल गुप्ता, पूर्व विधायक अशोक नागपाल, डॉ. केवल कृष्ण डांग सहित क्लब सदस्य उपस्थित रहे।



आप सभी क्षेत्रवासियों को

दीपावली

की हार्दिक शुभकामनाएं





निखिला छाबड़ा
अध्यक्ष, नगर पालिका अनूपगढ़

शुभेच्छु

मोहित छाबड़ा
अध्यक्ष, श्री अरोड़वंश संस्था, अनूपगढ़


अंकुर नागपाल


शुभम कायल


गौरव कामरा

UPASANA
SIGNATURE CITY
NH 911, A commercial project, near DTO office, ANUPGARH
CONTACT : 97722-00333, 94600-72222, 94628-99909

पूजा-अर्चना कर धन्वंतरि जयंती मनाई



श्रीगंगानगर। भगवान धन्वंतरि जयंती के अवसर पर श्री राधेश्याम आयुर्वेद भवन में विशेष पूजा-अर्चना एवं आरती का आयोजन किया गया। आयुर्वेद भवन को आकर्षक रूप से सजाया गया और विधि-विधान से भगवान धन्वंतरि का पूजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. वरुण गुप्ता, डॉ. कमल कंग, डॉ. अभिषेक भार्गव सहित चिकित्सकों एवं स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। सभी ने दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए और आरती की। चिकित्सकों ने भगवान धन्वंतरि से समाज के उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि एवं निरोगी जीवन की कामना की। इस अवसर पर आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया गया।

उपकारागृह का निरीक्षण

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रविप्रकाश सुथार ने उपकारागृह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बंदियों से संवाद कर उनकी विधिक समस्याएं जानी और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। जिन बंदियों ने अपनी पैरवी के लिए अधिवक्ता नियुक्त नहीं किया है, उन्हें निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध करवाने के लिए आवेदन भरवाने के निर्देश कारागृह विजिटिंग अधिवक्ता को दिए। सचिव ने पात्र बंदियों को निःशुल्क कानूनी सहायता का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही रालसा जयपुर की ओर से संचालित राज्यव्यापी ह्यस्पंदन-जेल स्वास्थ्य सेवा अभियानह्ल के तहत स्वास्थ्य, आशा एवं मानवता से जुड़ी जानकारी दी। इस दौरान कारागृह प्रभारी अरविंद रिणवां सहित अन्य कर्मचारी व अधिवक्ता मौजूद रहे।

शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने का आरोप, ग्रामीणों ने वाहन रुकवाकर पुलिस को दी सूचना

दौलतपुरा : ओवरलोड वाहनों ने तोड़ी दौलतपुरा-5 एच सड़क, किसानों में रोष

सीमा सन्देश # दौलतपुरा। श्रीगंगानगर जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गांव दौलतपुरा से 5 एच की ओर जाने वाली सड़क इन दिनों बदहाल स्थिति में पहुंच गई है। ओवरलोड भारी वाहनों की लगातार आवाजाही के कारण सड़क कई स्थानों से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। इससे क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्धारित क्षमता से अधिक भार लेकर चलने वाले वाहनों पर रोक नहीं लगाई जा रही, जिससे सड़क को लगातार नुकसान पहुंच रहा है। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2023-24 की बजट घोषणा के तहत दौलतपुरा से 5 एच की ओर करीब 4.15 किलोमीटर लंबी डामर सड़क का निर्माण करवाया गया था। वर्तमान में दोनों बॉर्डर क्षेत्रों में विभिन्न निर्माण कार्य चल रहे हैं। इन कार्यों में लगे भारी वाहनों के कारण इस मार्ग पर वाहनों का दबाव बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि ओवरलोड वाहनों के कारण नई बनी सड़क भी अब टूटने लगी है।



15 दिन पहले दी शिकायत, फिर भी नहीं हुई कार्रवाई: क्षेत्र के किसानों ने बताया कि इस समस्या को लेकर सार्वजनिक निर्माण विभाग को करीब 15 दिन पहले लिखित शिकायत दी गई थी, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते ओवरलोड वाहनों पर नियंत्रण नहीं लगाया गया तो सड़क पूरी तरह खराब हो सकती है और सरकार का लाखों रुपये का खर्च व्यर्थ हो जाएगा। किसानों ने आरोप लगाया कि सीमा क्षेत्र में प्रशासनिक अधिकारियों का दौरा भी होता रहता है, लेकिन इसके बावजूद सड़क की दुर्दशा और भारी वाहनों की समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा।

किसानों ने वाहन रुकवाकर पुलिस को दी सूचना

सड़क को हो रहे नुकसान के विरोध में किसानों ने मौके पर एक ओवरलोड वाहन को रुकवाया और इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दी। ग्रामीणों ने मांग की कि निर्धारित क्षमता से अधिक भार लेकर चलने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। किसानों ने सार्वजनिक निर्माण विभाग से क्षतिग्रस्त सड़क की जांच करवाकर शीघ्र मरम्मत कराने और भविष्य में ओवरलोड वाहनों की आवाजाही रोकने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जा सकता है।

दीवाली पर घर-घर पांच-सात मिट्टी के दीये पहुंचा रहे कुंभकार परिवार

लक्ष्मी पूजा में मिट्टी के दीयों का महत्व, शगुन के दीयों का लोग करते हैं इंतजार

सीमा सन्देश # चारणवासी। आधुनिक युग में दीवाली पर घरों की सजावट में इलैक्ट्रिक लड़ियों का क्रेज बढ़ा है लेकिन स्वदेशी अपनाओ अभियान-पारंपरिक रीति-रिवाजों के प्रति लोगों के बढ़ते जुड़ाव के बीच गांवों में मिट्टी के दीयों की मांग में भारी इजाफा देखा जा रहा है। ग्रामीण अंचलों में दीपावली से पूर्व हर घर में पांच-सात दीये पहुंचाने की कुंभकारों की प्राचीन पुश्तैनी परम्परा आज भी पूरी निष्ठा के साथ निभाई जा रही है। कुंभकार समाज की महिलाएं और पुरुष यजमानों के घर-घर जाकर शगुन के तौर पर मिट्टी के दीपक पहुंचा रहे हैं। इस परंपरा की खास बात यह है कि घर-घर दिए जाने वाले इन पांच-सात दीपकों का कोई मोल-भाव नहीं किया जाता है, बल्कि गृहिणी और बुजुर्ग महिलाएं कुंभकार समाज के लोगों का बेसब्री से इंतजार करती हैं और खुशी-खुशी शगुन के रूप में दीपक स्वीकार कर उन्हें नेग प्रदान करती हैं। बदले में कुंभकारों को गेहूं, गुड़, चावल, तेल, वस्त्र और नगद राशि मिलती है, जिससे त्योहार के समय उनकी अच्छी आर्थिक सहायता हो जाती है।



इन्होंने बताया

चक जोशियों की ढाणी के 90 वर्षीय बुजुर्ग बनवारीलाल जोशी ने बताया कि कुंभकार के इन मिट्टी के दीयों के साथ सुख, समृद्धि और अनेक परिवारों की दुआएं जुड़ी होती हैं तथा महालक्ष्मी पूजन में भी इन्हीं मिट्टी के दीपकों का धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व माना गया है। वहीं पिछले चार-पांच वर्षों में चाइनीज उत्पादों के प्रति लोगों के मोहभंग होने और स्वदेशी सामान को प्राथमिकता देने से कुंभकारों के पुश्तैनी धंधे ने एक बार फिर गति पकड़ ली है।

कुंभकारों ने किया बदलाव

लोगों की बदलती रुचि और मांग को देखते हुए कुंभकारों ने भी अपनी कलाकृति में बदलाव करते हुए विभिन्न आकार और आकर्षक डिजाइन के दीये तैयार किए हैं। दीपावली पर घर की मुंडेर, मुख्य द्वार और पूजा स्थल को सजाने के लिए सामान्य दीयों के अलावा विशेष बड़े आकार और फैंसी चित्रकारी वाले दीपकों की भारी मांग बनी हुई है, जिससे कुंभकार समाज के चेहरे पर इस बार अच्छी आमदनी की उम्मीद खिल उठी है। कुंभकार भादर खान व सोहिल ने बताया कि विभिन्न प्रकार के दीये बनाकर बेचे जा रहे हैं। सामान्य आकार के 100 दीये 300 रुपये में, विशेष थोड़े बड़े आकार के दीये 10 से 20 रुपये में और फैंसी चित्रण वाले दीपक 30 से 50 रुपये तक बिक रहे हैं। इस बार दीपावली पर घर की मुंडेर, दरवाजे व पूजा स्थान पर जलाने के लिए अलग-अलग साइज व डिजाइन के दीपक बनाए गए हैं, जिनकी भारी डिमांड बनी हुई है।

नोजगे पब्लिक स्कूल में मनाया दीपावली उत्सव



श्रीगंगानगर। नोजगे पब्लिक स्कूल में कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए दीपावली उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दीपावली के महत्व, भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और भगवान श्रीराम के आदर्शों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरूआत कक्षा 5 के विद्यार्थियों की दीया फॉर्मेशन प्रस्तुति से हुई। कक्षा 4 के विद्यार्थियों ने दीपावली के पांच दिनों का परिचय देते हुए 'हम दीपावली क्यों मनाते हैं' विषय पर नाटक प्रस्तुत किया। इसके अलावा 'राम आएंगे', 'भरत मिलाप', 'शबरी प्रसंग', हनुमान जी पर आधारित नाटक, गायत्री मंत्र एवं लक्ष्मी स्तुति पर नृत्य सहित कई प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कक्षा 3 के विद्यार्थियों ने 'हैप्पी दिवाली' और 'मेरे घर राम आए' गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा 5 के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सामाजिक संदेश दिया। शिक्षकों ने भी सामूहिक नृत्य कर विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। ओवरऑल कन्वीनर एवं डायरेक्टर (प्राइमरी) मिस पल्लवी जैन ने बताया कि सभी प्रस्तुतियां शिक्षकों के मार्गदर्शन में तैयार की गईं। प्रबंध निदेशक डॉ. पी.एस. सूदन, प्राचार्य डॉ. निम्फिया, डायरेक्टर एग्जीक्यूटिव डॉ. राजेश धींगड़ा एवं फाइनेंस मैनेजर साहब राम ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।

सामाजिक संदेश दिया

अपना घर आश्रम में प्रभुजनों ने दीप जलाकर मनाया दीपोत्सव

श्रीगंगानगर। अपना घर आश्रम में प्रभुजनों ने दीप प्रज्वलित कर हर्षोल्लास के साथ दीपोत्सव मनाया। सचिव जगीरचन्द फरमा ने बताया कि आश्रम परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रभुजनों ने आतिशबाजी कर दीपावली की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर प्रबंध समिति अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद लोहिया, सचिव जगीरचन्द फरमा, राजेश जैन, अर्जुन वधवा, सुरेन्द्र गर्ग, पदम प्रकाश, बसंत कुमार असोपा एवं श्रवण अग्रवाल ने निस्वार्थ सेवा करने वाले सेवा साथियों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। नरेश मोगा ने सपरिवार पहुंचकर प्रभुजनों के साथ दीपोत्सव मनाया। वक्ताओं ने भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने और सत्य व सद्भाव के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। सचिव जगीरचन्द फरमा ने सभी के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए आभार जताया। कार्यक्रम के अंत में मिठाई वितरित की गई।



उत्साह से मनाई भगवान धन्वंतरि जयंती

सीमा सन्देश # चूरू। धनतेरस के पावन पर्व पर शनिवार को जिलेभर में भगवान धन्वंतरि जयंती श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई गई। वक्ताओं ने भगवान धन्वंतरि को आरोग्य का देवता बताते हुए पारंपरिक चिकित्सा पद्धति और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। जिला मुख्यालय के राजकीय एकीकृत आयुष चिकित्सालय में पीएमओ डॉ. ओमप्रकाश चौयल ने आयुर्वेद के सिद्धांतों, दैनिक दिनचर्या और ऋतुचर्या का महत्व बताते हुए आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। डॉ. संजय तंवर, डॉ. कोमल, डॉ. संजू, डॉ. मिथिलेश, वरिष्ठ कल्पद्रव अशोक जांगिड़, जयप्रकाश पूनिया, ओमप्रकाश सैनी, दीपिका पूनिया, प्रियंका, सोनू कुमारी, सोनल गुर्जर, स्वाति एवं निर्मला सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।



विश्वकर्मा मंदिर परिसर में भी हुआ आयोजन

नई सड़क स्थित विश्वकर्मा मंदिर के पास भी भगवान धन्वंतरि जयंती समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दंडी स्वामी प्रेमनारायण आश्रम ने की, जबकि मुख्य अतिथि वैद्य प्रमोद कुमार मिश्रा रहे। शास्त्री राम सांखोलिया के सान्निध्य में पूजा-अर्चना संपन्न हुई। इस अवसर पर वैद्य रामप्रसाद शर्मा एवं डॉ. गौरव शर्मा ने आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की उपयोगिता और वर्तमान समय में इसकी बढ़ती आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में ईश्वरी प्रसाद हरित, एडवोकेट कान सिंह राठौड़, पवन दाधीच, नवरत्न शर्मा, श्रीराम शर्मा, शरद शर्मा, वैद्य विष्णुकांत कलावटिया, वैद्य गोविंद प्रसाद सेवदा तथा वैद्य गोपाल चोटिया सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

संयुक्त व्यापार मंडल का दीपावली स्नेह मिलन कल

श्रीगंगानगर। संयुक्त व्यापार मंडल एवं श्री सनातन धर्म महावीर दल के संयुक्त तत्वावधान में 9 नवंबर सोमवार को दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से 11.15 बजे तक पुरानी धान मंडी के निकट स्थित श्री सनातन धर्म महावीर दल मंदिर प्रांगण में होगा। अध्यक्ष तरसेम गुप्ता ने बताया कि समारोह में व्यापार मंडल एवं महावीर दल के पदाधिकारी, सदस्य, व्यापारी, सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होकर एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं देंगे तथा रामा-श्यामा करेंगे। उन्होंने शहरवासियों से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर स्नेह मिलन कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान को लेकर कांग्रेस सक्रिय

रतनगढ़ में पर्यवेक्षक अजय शर्मा की बैठक, दीपावली बाद घर-घर संपर्क अभियान चलाने का आह्वान; एसआईआर और महंगाई समेत कई मुद्दों पर सरकार को घेरा

रतनगढ़। कांग्रेस के 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान को बूथ स्तर तक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को रतनगढ़ में जिला कांग्रेस कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसआईआरसी पर्यवेक्षक अजय शर्मा ने जिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ अभियान की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने दीपावली के बाद प्रत्येक मतदाता के घर-घर जाकर मतदाता सूची में नामों की स्थिति की जानकारी लेने तथा कथित रूप से वोट काटे जाने के मामलों को लेकर आमजन को जागरूक करने का आह्वान किया।

एसआईआर प्रक्रिया पर जताई चिंता: बैठक को संबोधित करते हुए अजय शर्मा ने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया के माध्यम से देशभर में 13 करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए गंभीर विषय बताते हुए कहा कि पात्र मतदाताओं का मतदान अधिकार सुरक्षित रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि वे लोगों को जागरूक करें और जरूरत पड़ने पर उन्हें आवश्यक प्रक्रिया की जानकारी भी दें।



सरकार की नीतियों पर साधा निशाना

अजय शर्मा ने केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार पर महंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक, अपराध और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने अग्निवीर योजना को लेकर भी सवाल उठाते हुए कहा कि चयनित युवाओं के भविष्य और विवाह को लेकर परिवारों में चिंताएं बनी हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा समाज में विभाजन की राजनीति कर रही है, जबकि कांग्रेस सामाजिक सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने का आह्वान

जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि अब समय आ गया है कि कांग्रेस कार्यकर्ता सरकार की नीतियों और विफलताओं को आमजन तक पहुंचाएं तथा बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत करें। उन्होंने कार्यकताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया।

इन नेताओं की रही मौजूदगी

बैठक में कांग्रेस नेता रियाजत खान, प्रदीप तोदी, संजय दीक्षित, फकीरचंद दानोदिया, अरविंद चाकलान, हेमंत सारस्वत, मुख्तयार खान, ओमप्रकाश भार्गव, भंवरलाल जसेल, जसकरण गौड़ सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के बाद अजय शर्मा ने विधायक पूसाराम गोदारा के आवास पर मीडिया से बातचीत करते हुए एसआईआर प्रक्रिया, केंद्र सरकार की नीतियों तथा कांग्रेस के 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान को लेकर पार्टी का पक्ष विस्तार से रखा।

जिला प्रशासन ने दी सावधानी बरतने की सलाह, बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को विशेष सतर्कता की जरूरत

बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें : कलक्टर

सीमा संदेश#श्रीगंगानगर। वायु प्रदूषण का बढ़ता स्तर आमजन के स्वास्थ्य के लिए चिंता का विषय बनता जा रहा है। एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) सामान्य से अधिक होने पर हवा की गुणवत्ता खराब से बेहद खराब श्रेणी में पहुंच सकती है। ऐसी स्थिति में सांस संबंधी समस्याओं सहित कई गंभीर स्वास्थ्य परेशानियां सामने आ सकती हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और प्रदूषण से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां अपनाने की अपील की है।



बच्चे, बुजुर्ग और रोगी अधिक जोखिम में

जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि वायु प्रदूषण का उच्च स्तर सभी आयु वर्ग के लोगों को प्रभावित कर सकता है। विशेष रूप से बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं तथा अस्थमा, सीओपीडी और हृदय रोग से पीड़ित लोगों को अधिक खतरा रहता है। प्रदूषित हवा के संपर्क में आने से सांस लेने में परेशानी, लगातार खांसी, आंखों में जलन तथा फेफड़ों और हृदय संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

प्रदूषण अधिक होने पर घर से बाहर निकलने से बचें

स्वास्थ्य विभाग ने सलाह दी है कि वायु गुणवत्ता खराब होने पर लोग अनावश्यक रूप से घर से बाहर जाने से बचें। खुले स्थानों पर दौड़ना, टहलना, साइकिल चलाना और अन्य शारीरिक गतिविधियां करने से परहेज करें। जरूरी काम से बाहर निकलना हो तो प्रमाणित एन-95 या एन-99 मास्क का उपयोग करें, ताकि प्रदूषित कणों से बचाव हो सके।

घर के अंदर भी रखें सावधानी

विभाग ने लोगों से घरों के दरवाजे और खिड़कियां बंद रखने की अपील की है, जिससे बाहर की प्रदूषित हवा अंदर प्रवेश न कर सके। यदि सुविधा उपलब्ध हो तो एचईपीए फिल्टर युक्त एयर प्यूरीफायर का उपयोग किया जा सकता है। बच्चों और बुजुर्गों को विशेष रूप से प्रदूषित वातावरण में जाने से रोकने की सलाह दी गई है।

लक्षण दिखने पर तुरंत लें चिकित्सकीय सलाह

स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से वायु गुणवत्ता की नियमित जानकारी रखने और प्रदूषण के स्तर के अनुसार अपनी दिनचर्या में बदलाव करने को कहा है। सांस लेने में अधिक परेशानी, सीने में दर्द, चक्कर या अन्य गंभीर लक्षण महसूस होने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेने की अपील की गई है।

ब्लाइंड मर्डर का खुलासा, सगे भाई-बहन गिरफ्तार

सीसीटीवी और तकनीकी साक्ष्यों से सुलझाई हत्या की गुत्थी

सीमा सन्देश#चूरू। राजलदेसर थाना पुलिस ने धातरी गांव के पास सड़क किनारे मिले युवक के शव के मामले में ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करते हुए सगे भाई-बहन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोशल मीडिया, इंटीग्रेटेड सॉफ्टवेयर, सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की मदद से महज 5-6 घंटे में मृतक की पहचान कर मामले की गुत्थी सुलझाई। पुलिस के अनुसार 3 नवंबर 2026 को सिमसिया और धातरी गांवों के बीच सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव अर्धनग्न अवस्था में पड़ा होने की सूचना मिली थी। सूचना पर राजलदेसर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को सुरक्षित करवाया। एफएसएल एवं एमओबी टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने सोशल मीडिया सहित विभिन्न माध्यमों से मृतक की पहचान के प्रयास किए। 6 घंटे की मशक्कत के बाद मृतक की पहचान दुलरासर निवासी पवन कुमार के रूप में हुई। परिजनों से संपर्क कर शव की शिनाख्त करवाई। मृतक के परिजन राकेश कुमार नायक की रिपोर्ट पर राजलदेसर थाने में हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक पवन कुमार आरोपी महिला को परेशान कर रहा था तथा उस पर मिलने का दबाव बना रहा था। इसी से परेशान होकर महिला ने अपने भाई के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। पुलिस ने मामले में सुनील नायक (19साल) पुत्र भिखाराम नायक निवासी धातरी, थाना छापर तथा संतोष नायक (33साल) पत्नी स्वर्गीय किशनलाल नायक निवासी दुलरासर, थाना सरदारशहर को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों से मामले में गहन पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार हत्या के मामले का खुलासा करने में राजलदेसर थानाधिकारी बेगाराम, कांस्टेबल दलतराम, विद्याधर, रविन्द्र, विकास, सुरेन्द्र, महिला कांस्टेबल अमरावती, डायल 112 के अशोक तथा साइबर टीम के हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र की अहम भूमिका रही।

दीपावली पर समस्त सहयोगियों व विज्ञापनदाताओं का आभार

ब्यूरो चीफ

डॉ. रणवीर सिंह

श्रीकरणपुर, मो. 94144-34202

दीयों की रोशनी के बीच सुरक्षा का संकल्प

जीरो लाइन पर तैनात सैनिकों ने परिवार से दूर मनाया त्योहार, आधुनिक तकनीक के साथ दुश्मन पर रखी पैनी नजर

दिवाली रोशनी, खुशियों और परिवार के साथ मिलकर मनाने का पर्व है। देशभर में लोग इस त्योहार को उत्साह से मनाते हैं, लेकिन इसी समय भारत की सीमाओं पर तैनात जवान अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए देश की सुरक्षा में जुटे रहते हैं। भारत-पाकिस्तान सीमा की जीरो लाइन पर तैनात सैनिकों के लिए दिवाली भी अनुशासन, सतर्कता और कर्तव्य का दिन होता है।

आरओपी जवानों की सतर्कता से सुरक्षित रहती है सीमा : दिवाली के दिन भी रोड ओपनिंग पार्टी (आरओपी) के जवान सुबह से ही अपने मिशन में जुट जाते हैं। हाथों में एंटी-माइन डिटेक्शन उपकरण लेकर वे सड़कों और आसपास के इलाकों की जांच करते हैं, ताकि सेना के वाहनों की आवाजाही सुरक्षित हो सके। अब आरओपी की निगरानी क्षमता बढ़ाने के लिए ड्रोन तकनीक का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। ड्रोन उन क्षेत्रों पर नजर रखते हैं, जहां सीधे पहुंचना कठिन होता है।

मोर्टार और आधुनिक हथियारों से मजबूत निगरानी : एलओसी पर तैनात जवान नियमित अभ्यास के जरिए किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं। मोर्टार गन के अभ्यास से सैनिक दुश्मन की किसी भी हरकत का जवाब देने के लिए तैयार रहते हैं। इनकी मारक क्षमता कई किलोमीटर तक होती है। आधुनिक ड्रोन तकनीक की मदद से अब निशाने को और सटीक बनाया जा रहा है।

रोबोटिक म्यूल बना जवानों का सहायक : सीमा सुरक्षा में भारतीय सेना ने आधुनिक तकनीक को भी शामिल किया है। रोबोटिक म्यूल जैसे उपकरण कठिन परिस्थितियों में जवानों की मदद कर रहे हैं। यह बिना मानव जीवन को जोखिम में डाले निगरानी करने के साथ हथियार और जरूरी सामान पहुंचाने में सक्षम है।

जीरो लाइन पर दीये जलाकर दिया सुरक्षा का संदेश : दिवाली के अवसर पर एलओसी पर तैनात जवानों ने सीमा की बाड़ के पास दीये जलाए और भारत माता के जयकारे लगाए। परिवार से दूर रहकर भी उनके चेहरे पर देश सेवा का गर्व दिखाई दिया। एक जवान ने देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जब तक भारतीय सैनिक सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं, देशवासी निश्चिंत होकर त्योहार मनाएं।

दीपावली के पावन पर्व पर की सभी गौ प्रेमियों, व्यापारियों, कृषकों, श्रमिकों एवं स्नेहीजनों को

हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

-- :शुभेच्छु: ---

मनमोहन गुप्ता

अध्यक्ष श्री गोशाला, गंगानगर रोड, श्रीकरणपुर

दीपावली के पावन पर्व एवं श्रीगुरु नानक प्रकाश उत्सव की हमारे सभी शुभचिन्तकों को

हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

पंचायत समिति के जोन संख्या 9 (ग्राम पंचायत 10 ओ तेलेवाला के गांव 1, 2, 10, 11, 12 व 13 ओ और ग्राम पंचायत 2 एम एम धरिंगावाली के गांव टोबी, 37, 38, 39 व 40 एफ) से आपके आशीर्वाद से मैं भाजपा की ओर से चुनाव मैदान में हूँ। अतः अपना अमूल्य वोट एवं स्पोट कर सफल बनाएं। धन्यवाद।

सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी

शुभकामनाओं सहित-

दलजीत सिंह बराड़

(स. जगराज सिंह बराड़, पूर्व सरपंच)

गांव 2 एम एम धरिंगावाली (श्रीकरणपुर)

हमारे सभी सगे संबंधियों और शुभचिंतकों को दीपावली की पावन वेला के अवसर पर

हार्दिक बधाई - शुभकामनाएं

लखियां फिलिंग स्टेशन

श्रीगंगानगर रोड, श्रीकरणपुर

आने वाले नए वर्ष 2026 की अग्रिम शुभकामनाएं

गौतम आहुजा

गुरचरण सिंह रमाणा

क्वालिटी से कोई समझौता नहीं, सेवा का मौका जरूर देवें।

इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के सभी कार्यकर्त्ताओं, हमारे कुन्नर परिवार के सभी देव तुल्य शुभचिन्तकों और सभी साथियों को

दीपावली के पावन पर्व एवं जगत गुरु गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व की

हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

मैं कांग्रेस जिलाध्यक्ष व श्रीकरणपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक होने के नाते सभी श्रीगंगानगर जिला भर के ग्रामीण सूझवान मतदाताओं से विनम्र अपील करता हूं कि कांग्रेस की ग्रामीण सरकार बनाने के लिए जिला परिषद सदस्यों, पंचायत समिति सदस्यों एवं सरपंच-पंच के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान कर सफल बनाएं,

धन्यवाद...

रुद्र वाट्स

युवा कांग्रेस नेता श्रीकरणपुर

आपका अपना :-

रूपिन्द्र सिंह कुन्नर

(रूबी कुन्नर)

कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीगंगानगर व विधायक विधानसभा श्रीकरणपुर

दीपावली के पावन पर्व एवं श्री गुरुनानक जयंती पर सभी व्यापारियों, किसानों, श्रमिकों व हमारे स्नेहीजनों को

हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

व्यापार मंडल श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर

पुनीत बंसल, अध्यक्ष | राजकुमार सिंगला, उपाध्यक्ष | संदीप बंसल, सचिव | निशांत सुखीजा, कोषाध्यक्ष

दीपावली की पवन वेला एवं श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव की हमार सभी आदरणीय शुभचिंतकों को

हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

ओमप्रकाश पाहवा, मो. 94145-01879

नवीन पाहवा, मो. 96726-00985

मयंक पाहवा, मो. 97723-46406

फर्म - श्री गणपति कम्प्यूटर कांटा

फर्म- श्री गणपति हार्डवेयर व पेंट हाऊस

गजसिंहपुर रोड़, बिजली बोर्ड के पास श्रीगंगानगर

हमारे सभी शुभचिंतकों, पार्टी कार्यकर्त्ताओं एवं समूह ईलाकावासियों को दीपावली के पावन त्यौहार व श्री गुरु नानक देव जी के पावन प्रकाश उत्सव की

हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

सुरजीत सिंह खालसा

मैंबर-एसजीपीसी, निवास 20 एफ (श्रीकरणपुर)

सरदूल सिंह कंग

पूर्व भाजपा जिला मंत्री किसान मोर्चा, भाजपा निवास 7 डब्ल्यू (श्रीकरणपुर)

दीपावली की मधुर वेला पर

हार्दिक शुभकामनाएं

भगवान श्री लक्ष्मी नारायण चैरिटेबल हॉस्पिटल

ज्ञान ज्योति कॉलेज के सामने, श्रीकरणपुर, जिला श्रीगंगानगर

सुविधाएं : जगतगुरु महाब्रह्म ऋषि कुमार स्वामी जी एवं ब्रह्मवेता भाई मनदीप जी नागपाल के शुभाशीर्वाद से यहां नियमित रूप से आंखों के रोगों की जांच एवं ऑप्रेशन नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुराग मक्कड़ द्वारा किए जाते हैं। आंखों से झिल्ली हटाने व आंख के पर्दे की कम्प्यूटराइज्ड जांच की भी सुविधा उपलब्ध है। दवाइयों पर 50 प्रतिशत छूट दी जाती है।

सचखंड वासी भाई मनदीप जी

दीपावली के पावन पर्व की समस्त श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई

दीपावली के पावन पर्व पर सभी व्यापारियों, कृषक साथियों एवं हमारे शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं

मै. भव्य ट्रेडिंग कम्पनी

85- नई धान मंडी, श्रीकरणपुर

:: शुभेच्छु ::

हरीश गुप्ता

व्यवसायी व पार्षद

योगराज बुडाकिया

पार्षद

गुरुनानक जयंती पर प्रभातफेरियां 10 नवंबर से



श्रीकरणपुर। श्री अरोड़वंश सनातन धर्म मंदिर प्रबंधक समिति की ओर से श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। समिति के सचिव सतेंद्र सलुजा ने बताया कि गुरुनानक जयंती के उपलक्ष में प्रातः कालीन प्रभात फेरियों का क्रम 10 नवंबर से शुरू हो रहा है। 23 नवंबर तक रोजाना श्री अरोड़वंश गुरुद्वारा साहिब से प्रातः 5 बजे प्रभात फेरी चला करेगी। मुख्य समारोह 24 नवंबर को आयोजित होगा। इस दिन प्रातः 10 बजे श्रीअखण्ड पाठ भोग उपरांत दीवान सजाया जाएगा व 11.30 बजे गुरु का लंगर बरताया जाएगा। दो बजे नगर कीर्तन शोभायात्रा निकाली जाएगी। दीपावली के अगले दिन सोमवार को यहां गुरुद्वारा नानक दरबार में बाबा विश्वकर्मा जयंती पर प्रातः 10 बजे श्रीअखण्ड पाठ भोग उपरांत दीवान सजेगा व 11.30 बजे गुरु का लंगर बरताया जाएगा।

दहेज रहित विवाह कर पूनिया परिवार ने दिया सामाजिक संदेश



श्रीकरणपुर। श्रीगंगानगर में आयोजित एक विवाह समारोह में वर पक्ष ने दहेज प्रथा के खिलाफ मिसाल पेश करते हुए समाज को सकारात्मक संदेश दिया। चक 57 एनपी निवासी शिक्षक नीरज प्रकाश धारणियां की पुत्री सिमरन का विवाह चक 7 एफडी कंवरपुरा निवासी अनिल कुमार पूनियां के पुत्र अमित पूनियां के साथ संपन्न हुआ। समारोह में वर पक्ष ने नकद राशि और दहेज के रूप में कोई मांग स्वीकार नहीं की। पूनियां परिवार के इस निर्णय की उपस्थित लोगों ने सराहना की। परिवार ने दहेज जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने और सादगीपूर्ण विवाह को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

दीपावली के पावन पर्व एवं श्री गुरुनानक प्रकाश उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं

दीपावली व गुरु नानक जयंती पर समूह संगतों को हार्दिक शुभकामनाएं

श्री अरोड़वंश सनातन धर्म मन्दिर समिति

श्रीकरणपुर

संरक्षक : » रामकृष्ण सलूजा » जगदीश रस्सेवट » जगदीश आहुजा » सुभाष बवेजा » डॉ. नीरज अरोड़ा » गौतम आहुजा

» अध्यक्ष : विनय तनेजा » उपाध्यक्ष : अनुज सुखीजा

» सचिव : सत्येंद्र सलूजा

» सहसचिव : पंकज डंग व राजेश मुंजाल

» कोषाध्यक्ष : दिनेश बवेजा

» बारात घर इंचार्ज : ओमप्रकाश गुंबर » लंगर प्रभारी : अशोक आहूजा

गुरुनानक प्रकाशोत्सव 24 नवंबर की अग्रिम शुभकामनाएं

Wishing You a Very Happy Diwali

OUR FACILITIES

- GRAND WEDDING AC HALL
- KITTY PARTY, BIRTHDAY PARTY CELEBRATION, MINI AC HALL
- FULLY FURNISHED ROOMS WITH ALL MODERN AMENITIES
- SPACIOUS OPEN-AIR GARDEN FOR EVENTS
- AMPLE IN-HOUSE PARKING SPACE
- 24X7 WARM HOSPITALITY

Sun Shine Resort

PADAMPUR ROAD, SRI KARANPUR

M. 94146-31800, 94145-00650

94144-33982, 94149-52705

दीपावली पर्व व श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव की हमारे सभी पार्टी कार्यकर्ताओं, मतदाताओं एवं शुभचिंतकों को

हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

श्रीकरणपुर पंचायत समिति के जोन संख्या 1, ग्राम पंचायत 36 एच नग्गी (नग्गी व बुर्जवाला) व ग्राम पंचायत 14 एस माझीवाला (माझीवाला, 16, 17 एस, 29 एच प्रथम व द्वितीय, 33 एच व जोड़कियां) से पंचायत समिति सदस्य के चुनाव में अपना अमूल्य वोट भाजपा प्रत्याशी

पूर्णपाल सिंह बराड़, बुर्जवाला

को देकर सफल बनाएं, धन्यवाद।

सुरेंद्रपाल सिंह टीटी

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष

समनदीप सिंह वड़िंग

युवा भाजपा नेता

हारे का सहारा | जय श्री श्याम | खाटूश्याम हमारा

दीपावली के पावन पर्व की समस्त इलाकावासियों को हार्दिक बधाई

आसरा चैरिटेबल ट्रस्ट

श्रीकरणपुर, मो. 9024687560

आपके आत्मीय सहयोग व शुभाशीर्वाद से चल रही सेवाएं :

- नि:शुल्क कैंटीन सेवा, सरकारी हॉस्पिटल के सामने
- बालिकाओं के लिए नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र
- रोगियों के लिए नि:शुल्क सहायक उपकरण
- सरकारी हॉस्पिटल के सामने नि:शुल्क कपड़ा घर सेवा
- मैंटीनेंस खर्च पर रोगियों के लिए एंबूलेंस सेवा उपलब्ध
- वृद्धजनों के मनोरंजन के लिए प्रत्येक रविवार आनंदम्

आप भी बनें किसी जरूरतमंद का सहारा



COSMO PUBLIC SCHOOL

Village 8-O. SRI KARANPUR

दीपावली के पावन वेला पर व्यापारियों,

हार्दिक शुभकामनाएं

गौ सेवा समिति (स्वर्गाश्रम)

श्रीकरणपुर, जिला श्रीगंगानगर

संरक्षक

बाबा आकाशमुनि जी

» गौ सेवा प्रमुख : डॉ. हजारी लाल मुटनेजा

» अध्यक्ष- खेमचंद गोयल

» उपाध्यक्ष - सुभाष बवेजा

» सचिव- अशोक सिंगला » सहसचिव सतीश चुघ

» कोषाध्यक्ष टेकचंद बुडाकिया

» सहकोषाध्यक्ष राजेश मुंजाल

» स्वर्गाश्रम प्रभारी ओम प्रकाश पाहवा

» पवन कुमार, तूड़ी इंचार्ज » मैनेजर पवन रमाणा

» पवन शर्मा » अरुण गुप्ता

दीपावली की पावन वेला पर हमारे शुभचिंतकों को

हार्दिक बधाई-शुभकामनाएं

हलवाई यूनियन

श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर

अशोक नागपाल | दर्शन सेठी | घनश्याम दास | सत्तू पुरोहित

पांचाराम | जगदीश कुमावत | बजरंग लाल

कार्यालय नगरपालिका श्रीकरणपुर

जिला श्रीगंगानगर (राजस्थान)

क्रमांक : 00 | दिनांक :08.11.2026

आमजन से विशेष अपील

स्वच्छ श्रीकरणपुर - सुंदर श्रीकरणपुर - हमारा संकल्प, हमारा शहर

आइए! मिलकर श्रीकरणपुर को स्वच्छ, सुंदर एवं अतिक्रमण मुक्त बनाएं

समस्त नगरवासियों, व्यापारियों एवं आमजन से विनम्र अपील है कि शहर को स्वच्छ, सुंदर, व्यवस्थित एवं जलभराव मुक्त बनाने में नगर पालिका का सहयोग करें।

नागरिकों से विशेष आग्रह

- **स्वच्छता अपनाएं:** कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें। गीले एवं सूखे कचरे को अलग रखें।
- **नालियां साफ रखें:** नालियों में प्लास्टिक, कचरा एवं निर्माण सामग्री न डालें।
- **अतिक्रमण से बचें :** दुकानों के बाहर सड़क एवं फुटपाथ पर सामान रखकर रास्ता अवरुद्ध न करें।
- **पॉलीथिन को कहें ना:** प्रतिबंधित प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े के थैलों का उपयोग करें।
- **सड़क पर निर्माण सामग्री न रखें:** रेत, बजरी, ईंट एवं निर्माण मलबे का उचित निस्तारण करें।
- **जल संरक्षण करें:** पेयजल की बर्बादी रोकें और सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करें।
- **नगर पालिका का सहयोग करें:** सफाई, कचरा संग्रहण एवं जल निकासी संबंधी समस्याओं की सूचना नगर पालिका कार्यालय को दें।

आपका एक छोटा प्रयास, पीलीबंगा के विकास में बड़ा योगदान!

शहर को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। आइए, अपने शहर को स्वच्छता और सुंदरता की नई पहचान दिलाने का संकल्प लें।

आपका सहयोग-शहर का विकास

विनय तनेजा	शेर सिंह खटीक	संदीप कुमार
अध्यक्ष, नगरपालिका श्रीकरणपुर	उपाध्यक्ष नगरपालिका श्रीकरणपुर	अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका श्रीकरणपुर

दीपावली : श्रीराम की विजय से लेकर, लक्ष्मी प्राकट्य और महावीर निर्वाण तक जुड़ी हैं मान्यताएं

दीपावली का नाम सुनते ही भगवान श्रीराम के चौदह वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या लौटने और बुराई पर अच्छाई की विजय की तस्वीर मन में उभर आती है। लेकिन दीपोत्सव का महत्व केवल इसी कथा तक सीमित नहीं है। इस पर्व से जुड़ी कई धार्मिक और सांस्कृतिक मान्यताएं इसे और भी विशेष बनाती हैं।

श्रीराम के अयोध्या लौटने की खुशी में जले दीप

रामायण के अनुसार, जब भगवान श्रीराम रावण पर विजय प्राप्त कर माता सीता और लक्ष्मण के साथ अयोध्या लौटे, तो नगरवासियों ने घी के दीप जलाकर उनका स्वागत किया। तभी से दीपावली को अंधकार पर प्रकाश और अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है।

नरकासुर वध और छोटी दीपावली की कथा

दीपावली से एक दिन पहले मनाई जाने वाली नरक चतुर्दशी का संबंध भगवान श्रीकृष्ण और राक्षस नरकासुर से जुड़ा है। मान्यता है कि भगवान कृष्ण ने सत्यभामा के साथ मिलकर नरकासुर का वध किया और उसकी कैद से हजारों महिलाओं को मुक्त कराया। इसी विजय की स्मृति में छोटी दीपावली मनाई जाती है।

मां लक्ष्मी के प्राकट्य का पर्व

दीपावली को धन और समृद्धि की देवी मां



लक्ष्मी की पूजा का विशेष पर्व माना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, समुद्र मंथन के दौरान मां लक्ष्मी कमल पर विराजमान होकर प्रकट हुई थीं। उनके आगमन से चारों ओर सुख, शांति और समृद्धि का वातावरण छा गया। इसी कारण दीपावली की रात लक्ष्मी-गणेश पूजन की परंपरा है।

सिख-जैन परंपराओं का महत्व

सिख धर्म में दीपावली का संबंध बंदी छोड़ दिवस से है। इस दिन छठे गुरु गुरु हरगोबिंद साहिब ग्वालियर किले से मुक्त हुए थे और उन्होंने 52 राजाओं को भी रिहा कराया था। वहीं, जैन धर्म में मान्यता है कि भगवान महावीर ने कार्तिक अमावस्या के दिन बिहार के पावापुरी में निर्वाण प्राप्त किया था। उनके ज्ञान के प्रकाश की स्मृति में अनुयायियों ने दीप जलाए।

बलि और वामन अवतार कथा

दीपावली से जुड़ी एक अन्य कथा भगवान विष्णु के वामन अवतार और राजा बलि से संबंधित है। मान्यता है कि वामन रूप में भगवान विष्णु ने राजा बलि से तीन पग भूमि मांगी और तीनों लोकों को नाप लिया। धार्मिक परंपराओं में दीपावली के बाद मनाई जाने वाली बलि प्रतिपदा का संबंध इसी कथा से जोड़ा जाता है। दीपावली केवल रोशनी का त्योहार नहीं, बल्कि धर्म, आस्था, ज्ञान और सकारात्मक ऊर्जा का पर्व है। श्रीराम की विजय से लेकर विभिन्न धार्मिक परंपराओं तक, इसकी हर कथा मानव जीवन में सत्य और प्रकाश का संदेश देती है।

दीपावली पर्व पर समस्त इलाकावासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
- : शुभेच्छु : -



राजेन्द्र भादू
पूर्व विधायक, सूरतगढ़



अमित भादू
सूरतगढ़

धन पोटली : दीपावली पर समृद्धि और शुभता का पारम्परिक प्रतीक

दीपावली पर हर व्यक्ति की कामना होती है कि घर में मां लक्ष्मी का वास हो, धन-धान्य की वृद्धि हो और परिवार में सुख-शांति बनी रहे। इसी भावना के साथ धनतेरस और दीपावली पर धन पोटली तैयार करने की परंपरा निभाई जाती है। छोटी-सी इस पोटली में रखी जाने वाली प्रत्येक वस्तु को धार्मिक और ज्योतिषीय दृष्टि से शुभ माना गया है। मान्यता है कि धन पोटली में शामिल सामग्रियां धन, वैभव, सौभाग्य और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक होती हैं। धनतेरस के अवसर पर बाजारों में इन वस्तुओं की खरीदारी को लेकर भी लोगों में खास उत्साह देखने को मिलता है।





हल्दी और कौड़ी का विशेष महत्व : ज्योतिषाचार्य पंडित राघव नाथ झा के अनुसार, धन पोटली में रखी जाने वाली वस्तुएं विभिन्न ग्रहों और देवी-देवताओं से जुड़ी मान्यताओं का प्रतिनिधित्व करती हैं। साबुत हल्दी को देवगुरु बृहस्पति का प्रतीक माना जाता है। इसे पोटली में रखने से भाग्य, ज्ञान और आर्थिक उन्नति की कामना की जाती है। वहीं, कौड़ी को मां लक्ष्मी का प्रिय प्रतीक माना गया है। प्राचीन समय में मुद्रा के रूप में उपयोग होने वाली कौड़ी को धन और ऐश्वर्य से जोड़कर देखा जाता है।

कमलगट्टा, गोमती चक्र और अक्षत से जुड़ी मान्यताएं : कमलगट्टा मां लक्ष्मी की पूजा में विशेष स्थान रखता है। इसे धन वृद्धि, व्यापार में सफलता और स्थायी समृद्धि की कामना से रखा जाता है। गोमती चक्र को भगवान विष्णु के सुदर्शन चक्र का प्रतीक मानते हुए सौभाग्य और बाधाओं से मुक्ति के लिए रखा जाता है। धन पोटली में अक्षत यानी साबुत चावल भी शामिल किए जाते हैं। इन्हें पूर्णता, अन्न और मंगल का प्रतीक माना जाता है। सुपारी को भगवान गणेश का स्वरूप मानकर आर्थिक कार्यों में सफलता और बाधाओं को दूर करने की कामना की जाती है।

चांदी- सोने के सिक्के और अन्य शुभ सामग्री : चांदी के सिक्के को सुख, शांति और मानसिक संतुलन से जोड़कर देखा जाता है, जबकि सोने का सिक्का प्रतिष्ठा और वैभव का प्रतीक माना जाता है। इसके अलावा केसर, लौंग, इलायची, लाल चंदन और साबुत धनिया भी धन पोटली में रखे जाते हैं। केसर शुभता, लौंग नकारात्मक ऊर्जा से रक्षा, इलायची मधुर संबंधों और लाल चंदन शक्ति एवं आत्मबल का प्रतीक माना जाता है। साबुत धनिया को बरकत और मां लक्ष्मी की कृपा से जोड़ा जाता है। धन पोटली केवल धन प्राप्ति की कामना का प्रतीक नहीं, बल्कि परिवार में सुख, शांति, सम्मान, अन्न और खुशहाली की प्रार्थना से जुड़ी परंपरा है। दीपावली पर लक्ष्मी पूजन के बाद इसे श्रद्धा के साथ रखने की परंपरा आज भी कई घरों में निभाई जाती है।

दीपावली पर्व पर समस्त इलाकावासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं



भामाशाह
राजाराम गोदारा
पूर्व पार्षद
जिलाध्यक्ष, कांग्रेस ओबीसी विभाग



महेन्द्र गोदारा
पार्षद
परमेश्वरी देवी गोदारा
पार्षद





भानू प्रताप गोदारा
अध्यक्ष
क्रय-विक्रय सहकारी समिति, सूरतगढ़

दीपोत्सव के पावन पर्व हार्दिक शुभकामनाएं



चंदूराम लेघा



राजेन्द्र लेघा



राहुल लेघा

चंदूराम लेघा — पूर्व प्रधान, पं.स. सूरतगढ़
राजेन्द्र लेघा — पूर्व अध्यक्ष, नगरपालिका श्रीविजयनगर
राहुल लेघा — प्रदेश मंत्री, भारतीय जनता युवा मोर्चा

दीपोत्सव के पावन पर्व पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
22 YEAR'S OF Excellence in Higher education.
TAGORE P.G. COLLEGE
SURATGARH
[Affiliated to Maharaja gangasingh University, Bikaner] | Approved - NCTE DCE, AICTE



Spacial Scoolershep Girls, SC, ST, Ncte, EWS, Sports
English medium And hindi
ITEP (4 year BA B.Ed./BSC B.Ed.)
B.Sc. Mecial/Nonmedical
B.Com
BCA
B.A.
M.Sc. (Computer Science)
M.Sc. (Chemistry)
M.A. (Geography)
Director- Dr. Sachin Jetly
MD- Dr. Sushil Jetly
Tagore Campus:- Manahsar Link Road, Suratgarh M. 8000280442, +91 9929260444
Email : tagorepgcollege2004@gmail.com visit us - www.tagorepgcollege.org



दीपोत्सव के पावन पर्व पर
समस्त क्षेत्रवासियों, व्यापारियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
व्यापार मंडल, सूरतगढ़



विजय कुमार गोयल — अध्यक्ष
दीपक गाबा — उपाध्यक्ष
नवनीत सारड़ा — सचिव
हेमंत डागा — कोषाध्यक्ष
आनन्द डागा — सह-सचिव

दीपोत्सव के पावन पर्व पर
समस्त क्षेत्रवासियों, व्यापारियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
संयुक्त व्यापार मंडल, सूरतगढ़



अवतार सिंह सरां — अध्यक्ष
नरेन्द्र कालड़ा 'मोनू' — सचिव
महेन्द्र जैन — कोषाध्यक्ष
एवं समस्त सदस्य एवं पदाधिकारीगण

नोहर के मटके : परंपरा, कला और सेहत का अनमोल संगम

नोहर। हस्तकला का जीवंत उदाहरण रखने वाले मिट्टी से बने बर्तनों की बात कि जाये तो नोहर का नाम पहले लिया जाता है। यहां के मिट्टी से बनी हांडी,सुराही, परात,कुल्हड़, कुंडी, मिट्टी के कैंपर,तवा, परात, बोतल, तंदूर इत्यादि बर्तनों के अलावा बच्चों के गुल्लक, दीये, खिलौने, गमले, चूल्हे भी प्रसिद्ध है। इन सब में खास पहचान रखते है मिट्टी के मटके जिनकी प्रसिद्धि का अंदाजा इस बात से लगाया जाता जा सकता है कि यहां बने मिट्टी के मटके नोहर के अलावा बाहर भी बहुतायत जाते है। इसके अलावा यहां आने वाले प्रवासी भी मिट्टी के इन मटको को यहां से खरीद कर ले जाते है। गर्मियों के दिनों में तो मटको की बिक्री पूरी परवान पर रहती है। कुंभकार द्वारा मिट्टी से बनाये गये इन मटको जिन्हें स्थानीय भाषा में माट भी कहा जाता है को लोग पूरे चाव से खरीदते है। महंगाई का असर इन मटको पर भी पड़ा है। एक मिट्टे के मटके की कीमत करीब 100 से 300 रुपये होती है। वर्तमान आधुनिकता के चलते जहां घर-घर में फ्रिज, वाटर कैम्पर इत्यादि ने ठंडे पानी के लिए जगह बना ली है वही आज भी इन मिट्टी के मटको का महत्व कम नही हुआ है। आज भी लोग मिट्टी से बने मटको का पानी पीकर काया को तृप्त मानते है।

गोगामेड़ी मेले में भी सजता है इनका बाजार

मिट्टी से बने इन बर्तनों का बाजार गोगामेड़ी मेले के दौरान भी सजता है। जहां आने वाले श्रद्धालू भी इनकी जमकर खरीदारी करते है। इन मिट्टी के बर्तनों में मटके अपनी खास पहचान रखते है। श्रद्धालू यहां से बड़ी मात्रा मटके व अन्य मिट्टी के बर्तन क्रय करके ले जाते है।

मटके का पानी स्वास्थ्य के लिए भी उत्तम

मिट्टी से बने मटके का पानी सेहत के लिहाज से बहुत फायदेमंद है। आज भी लोग इन्ही मिट्टी के मटको से पानी पीते है। मानना है कि गरीबो का फ्रीज कहे जाने वाले मिट्टी के मटके में ऐसे गुण होते है जिनके कारण पानी में मौजूद विषैले पदार्थ अवशोषित कर पानी को शुद्ध करते है। आज भी अनेक घरो में पानी पीने के लिए मटको का इस्तेमाल किया जाता है। अनेक बुजुर्गों ने मटके पानी को स्वास्थ्य के लिए अमृत के समान बताया।

नोहर के मटकों की खास जगह प्रवासियों में

नोहर में बने मटको को देश के कोने-कोने में बसे प्रवासी जब भी यहां आते है यहां से इन मटको अपने साथ ले जाना नही भूलते है। मटके के पानी की खासियत के साथ-साथ उन्हें मटके पानी के माध्यम से जन्मभूमि की माटी की सौंधी खुशबू की अनुभूति भी होती रहती है।

कस्बे में यहां बिकते है मिट्टी के बने बर्तन

कस्बे के पूराना पुलिस थाना के पीछे, भगत सिंह चौक, धक्का बस्ती, सोनड़ी बस स्टैण्ड, कल्ली भा,पुराने साहवा अड्डा, पुराना पुलिस थाना के पास, हवाई जहाज वाली हवेली के पास आदि ऐसे स्थान है जहां मिट्टी के बर्तनो की दुकाने सजी है। जहां से अपनी जरूरत के अनुसार लोग खरीदारी करते है। गर्मियों में तो इन दुकानों पर मटको की खरीदारी करने वालो की खासी भीड़ रहती है।

कई पीढ़ियां कर रही काम

कई पीढ़ियों से काम कर रहे अनेक कुंभकारों ने बताया कि उनके परिवार की कई पीढ़ियां मिट्टी के बर्तन बनाने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि बदलते समय के साथ इनकी बिक्री में भी कमी आई है। पूर्व में मिट्टी के बर्तनों की बिक्री इस कदर होती थी कि पूरे वर्ष भर मिट्टी के बर्तन बनाने का कार्य जारी रहता था। ग्रामीण क्षेत्रो में भी पहले के मुकाबले मिट्टी के बर्तनो का उपयोग कम होने लगा है।

यहां मिट्टी के बर्तन बनाने के अपने पुश्तैनी धंधे से जुड़े अनेक कुंभकारों ने बताया कि नोहर क्षेत्र की काली मिट्टी बर्तनों के लिए काफी उपयोगी है। परन्तु वर्तमान में प्लास्टिक व अन्य नुकसानदेह धातुओं के बर्तनों ने न केवल हमारी आजीविका के सामने संकट पैदा किया है बल्कि स्वास्थ्य और पर्यावरण के सामने भी संकट पैदा किया है। मिट्टी के बर्तनों की बिक्री में पहले की तुलना में वर्तमान में कमी आई है।

ऐसे बनते हैं मिट्टी के बर्तन

यहां के मिट्टी के बर्तनों की विशेषता का अंदाजा इस बात से लगाया जाता है कि कुंभकार पहले चिकनी मिट्टी लाता है फिर उसे पानी भिगोता है, जब मिट्टी पूरी तरह भीग जाती है तो उसे चाक की सहायता से विभिन्न प्रकार के मिट्टी के वस्तुओं जैसे मटके, गमले, हांडी, सुराही, परात, कुल्हड़, कुंडी,तवा, परात,बच्चों के गुल्लक, दीये इत्यादि की आकृति देता है। वस्तुए बनाकर सुखाता है। सुखने के बाद उसे भट्टी (न्याहाई) में पकाता है। पूरी तरह मिट्टी के बर्तनों के पकने के बाद उनका विक्रय किया जाता है।

नोहर दीपावली परिशिष्ट प्रकाशन पर समस्त विज्ञापनदाता व पाठकों तथा शुभचिन्तकों को
हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु : मुकेश पारीक
संवाददाता 94624-01666



ग्राम पंचायत गुड़िया की बेटी ममता बिजारणियां 186 वोटों से सरपंच बनीं

सीमा सन्देश # चारणवासी। पास की ग्राम पंचायत गुड़िया में गांव की बेटी ममता बिजारणियां सरपंच पद पर निर्वाचित हुई हैं। ममता भाजपा देहात मंडल फेफाना के अध्यक्ष ओमप्रकाश बिजारणियां की सुपुत्री हैं। ग्राम पंचायत में कुल 2964 मतदान हुआ, जिसमें से ममता बिजारणियां को 1310 वोट, ईश्वरी को 1124 वोट और सरला को 506 वोट मिले। इस तरह ममता ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 186 वोटों से पराजित किया। उधर गांव फेफाना की बेटी प्रियंका ज्याणी को सर्वसम्मति से उप सरपंच चुना गया है। मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के पश्चात गुड़िया में सरपंच, उप सरपंच तथा निर्वाचित वार्ड पंचों को निर्वाचन अधिकारियों द्वारा प्रमाण-पत्र सौंपे गए और विधिवत शपथ ग्रहण करवाई गई। रतनपुरा-सरपंच पद के चुनाव में बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जहां पूर्व सरपंच जिंदर पाल गोदारा की पत्नी इंद्रा देवी चुनाव हार गईं और जेता बाई ने सरपंच पद पर जीत दर्ज की। पंचायत के वार्ड 1, 4, 5, 6, 7, 8 और 10 में वार्ड पंच निर्विरोध चुने गए। जबकि वार्ड 2 में रामचंद्र व हनुमान, वार्ड 3 में शंकर शर्मा व साधुराम, वार्ड 9 में सुरेन्द्र व सुशील तथा वार्ड 11 में महावीर प्रसाद व महेंद्र कुमार के बीच चुनाव हुआ। मतगणना में वार्ड 2 से रामचंद्र, वार्ड 3 से शंकर, वार्ड 9 से सुरेन्द्र और वार्ड 11 से महावीर प्रसाद विजयी रहे। इसके बाद सभी निर्वाचित वार्ड पंचों ने सर्वसम्मति से महावीर प्रसाद को उप सरपंच चुना। निर्वाचन अधिकारियों ने सभी विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र देकर शपथ दिलवाई। मलवानी-ग्राम पंचायत के मनीष कुमार डूडी सरपंच निर्वाचित हुए हैं।

मतदान कवरेज के दौरान पत्रकारों से बदसलूकी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी से कार्रवाई की मांग

चारणवासी। पंचायतीराज चुनाव-2026 के दौरान मतदान की कवरेज करने पहुंचे पत्रकारों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कथित बदसलूकी करने और कवरेज से रोकने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान (जयपुर) को विशेष पत्र भेजकर उच्च स्तरीय जांच करवाने तथा दोषी लोकसेवकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

दीपावली पर नोहर नगर पालिका की अभिनव पहल

सीमा सन्देश # नोहर। दीपावली के पावन अवसर पर नोहर नगर पालिका की ओर से शनिवार को पालिका परिसर में अध्यक्ष हाजन खातून टाक की अध्यक्षता में दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में जहां



जरूरतमंद परिवारों को बड़ी आर्थिक राहत दी गई, वहीं नगर पालिका कर्मचारियों के साथ खुशियां साझा कर आपसी सौहार्द और सम्मान का संदेश भी दिया गया। समारोह के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत चयनित 141 गरीब परिवारों के बैंक खातों में कुल 70 लाख 50 हजार रुपये की आवास किस्त हस्तांतरित की गई। दीपावली के अवसर पर मिली इस आर्थिक सहायता को जरूरतमंद परिवारों के लिए विशेष उपहार माना जा रहा है। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष हाजन खातून टाक ने अपने निजी खर्चे से पालिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दीपावली के उपलक्ष्य में उपहार और मिठाइयां भेंट कीं। उन्होंने कर्मचारियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगर पालिका के कर्मचारी शहर की साफ-सफाई और विकास की असली रीढ़ हैं। कर्मचारियों के सहयोग और मेहनत से ही शहर में विकास एवं जनहित के कार्यों को गति मिलती है। अध्यक्ष ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शहर की सफाई व्यवस्था और जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगरपालिका में आने वाले प्रत्येक नागरिक के साथ विनम्र एवं सम्मानजनक व्यवहार किया जाए। राजकीय कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समारोह में अधिशासी अधिकारी गिरिराज रतनू, अध्यक्ष प्रतिनिधि सिकंदर टाक, पूर्व मदरसा बोर्ड चेयरमैन मेहरुनिशा टाक, पार्षद मोहम्मद रियाज टाक, पार्षद रूपराम सैनी, कनिष्ठ अभियंता सुशील सिहाग, जगदीशचंद्र, श्रीकृष्ण झूरिया, महावीर सिंह, विकास शर्मा सहित नगर पालिका के बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कोविड काल में दिवंगत पालिका अधिकारी के परिवार को 50 लाख रुपए की सहायता



सीमा सन्देश # नोहर। नगर पालिका में आयोजित समारोह के दौरान राज्य सरकार की ओर से एक संवेदनशील एवं जनकल्याणकारी पहल के तहत कोविड काल में दिवंगत हुए पालिका अधिकारी स्वर्गीय शिवशंकर के परिजनों को 50 लाख रुपए की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष खातून एवं अधिशासी अधिकारी गिरिराज रतनू ने दिवंगत अधिकारी के परिजनों को राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत 50 लाख रुपए की मुआवजा राशि का चेक सौंपा। उल्लेखनीय है कि कोविड महामारी के कठिन दौर में अनेक सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए जनसेवा में योगदान दिया। इसी दौरान नगर पालिका के अधिकारी स्वर्गीय शिवशंकर का भी निधन हो गया था। उनके निधन के बाद परिवार को आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य सरकार की ओर से 50 लाख रुपए की मुआवजा राशि स्वीकृत की गई थी। इसी क्रम में आयोजित समारोह में उनके परिजनों को सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। चेक सौंपते समय नगर पालिका अध्यक्ष खातून एवं अधिशासी अधिकारी गिरिराज रतनू ने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत अधिकारी के योगदान को याद करते हुए उनके परिजनों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर मौजूद जनप्रतिनिधियों एवं नगर पालिका कार्मिकों ने भी दिवंगत शिवशंकर को श्रद्धांजलि देते हुए परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। इस दौरान मेहरूनिशा टाक सहित नगर पालिका के विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह में 50 लाख रुपए की सहायता राशि का चेक सौंपे जाने को दिवंगत अधिकारी के परिवार के लिए आर्थिक संबल की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना गया। इस पहल से यह संदेश भी सामने आया कि कर्तव्य निर्वहन के दौरान दिवंगत होने वाले कर्मचारियों के परिवारों को आर्थिक सुरक्षा एवं सहायता उपलब्ध कराना शासन और प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में अधिशाषी अधिकारी गिरीराज रत्नू, भाजपा नेता सिकन्दर टाक, पूर्व मदरसा बोर्ड चेयरमैन मेहरुन्निसा टाक, पार्षद मोहम्मद रियाज टाक, कनिष्ठ अभियंता सुशील सिहाग, जगदीशचन्द्र, श्रीकृष्ण झूरिया, महावीर सिंह एवं कनिष्ठ सहायक विकास शर्मा सहित बड़ी संख्या में पालिका कार्मिक उपस्थित रहे।

दीपावली के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
-: शुभेच्छु :-
अभिषेक मटोरिया
पूर्व विधायक
नोहर विधानसभा क्षेत्र

दीपावली के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
-: शुभेच्छु :-
डॉ. सुनील गोदारा
MS Ortho (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
अरोग्य आर्थोपेडिक हॉस्पीटल एवं ट्रोमा सेन्टर
पंचायत समिति के सामने, सेक्टर नं. 5, नोहर
मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत निःशुल्क ऑपरेशन
डॉ. सुनील गोदारा

दीपावली के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
-: शुभेच्छु :-
संजय मोदी
अध्यक्ष
संयुक्त व्यापार संघ, नोहर
संजय मोदी

दीपावली के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
-: शुभेच्छु :-
गिरीराज रत्नू
ईओ, नगरपालिका नोहर,
सुशील सिहाग
कनिष्ठ अभियंता, नोहर
गिरीराज रत्नू
सुशील सिहाग

श्री राधाकृष्ण गर्ल्स पी.जी कॉलेज, नोहर
ADMISSION OPEN
B.A (Regular & Private) B.SC (Math & Bio.) M.A (Geography) M.A (All sub) Private)
नियमित व स्वयपाठी (Private) छात्राओं का परीक्षा केन्द्र
छात्रवृति सुविधा
फ्री बस सुविधा
शिव शंकर बंसल चेयरमैन
साहिल बंसल मैनेजिंग डायरेक्टर
पियूष बंसल डायरेक्टर
+91-9509803777, 8949177014

सभी क्षेत्रवासियों को
धनतेरस, दीपावली
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अभिषेक मटोरिया
राजन खातून टाक
सुनील सिकंदर टाक
मेहरुनिसा टाक

दीपावली के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
-: शुभेच्छु :-
मानसिंह बिजारणिया
सरपंच
ग्राम पंचायत, फेफाना
मानसिंह बिजारणिया

दीपावली के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
-: शुभेच्छु :-
श्रीमती उर्मिला शर्मा
सरपंच, ग्राम पंचायत, मंदरपुरा
शंकरलाल शर्मा
अध्यक्ष, ब्राह्मण महासभा, नोहर

दीपावली के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
-: शुभेच्छु :-
पवन कंदोई
अध्यक्ष
किरयाना व्यापार संघ, नोहर
सत्यबाला कंदोई
पूर्व पार्षद, नोहर
पवन कंदोई
सत्यबाला कंदोई

दीपावली के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
-: शुभेच्छु :-
डॉ. संतलाल छिम्पा
(एम.डी.) शिशु रोग विशेषज्ञ, गंगा नर्सिंग होम,
पुराने पुलिस थाना के पास, नोहर
मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत बच्चों का निःशुल्क इलाज
डॉ. संतलाल छिम्पा

दीपावली के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
संजय खदरिया
समाजसेवी
अनुज खदरिया
अध्यक्ष
अपेक्स क्लब, नोहर
महावीर टिम्बर स्टोर, नोहर
संजय खदरिया
अनुज खदरिया

दीपावली के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
बलवीर सुथार
निवर्तमान अध्यक्ष
कृषि उपज मंडी,
नोहर
बलवीर सुथार

दीपावली के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
नोहर डिग्री कॉलेज
1 NHR BHADRA ROAD, NOHAR
महावीर प्रसाद धानुका छात्रवृति योजना
महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा मान्यता प्राप्त
ADMISSION OPEN 2025-26
B.A. छात्राओं को कॉलेज फीस पर 50 प्रतिशत की छात्रवृत्ति
B.Sc छात्रों को कॉलेज फीस पर 30 प्रतिशत की छात्रवृत्ति
अधिक जानकारी के लिए जॉइन करें- TELEGRAM GROUP (NDCNHR)
Contact-9461567470
nohardegreeecollege.org

दीपावली के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील उप शाखा नोहर
अध्यक्ष उग्रसैन सहारण
सभाध्यक्ष हंसराम महरिया, अध्यक्ष उग्रसेन सहारण, मंत्री रणजीत सिंह गोदारा, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सुथार, उपाध्यक्ष याकूब अली, कार्यकारिणी सदस्य प्रहलाद ठोलिया, जयसिंह सहारण, विजयपाल सहू, एजाज नबी अब्बासी, रामप्रताप सिहाग, ताराचंद सहारण, कालूराम मेघवाल, मालाराम भांभू, दलीप कुमार सहू, जगदीश प्रसाद राहड़, महिला मंत्री श्रीमती वीरमती, महिला प्रवक्ता मीनारोधा, एवम समस्त प्रगतिशील सदस्य उप शाखा नोहर।
मंत्री रणजीत सिंह गोदारा

दीपावली के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
-: शुभेच्छु :-
राधेश्याम जोईया
अध्यक्ष, अम्बेडकर नवयुवक संघ
रतन अरोड़ा
समाज सेवी
डॉ. विनोद मुड
शिशु रोग विशेषज्ञ
नोहर
आशीष मोदी
प्रवासी उद्योगपति
अनिल कड़वासरा
व्यापारी नेता
कबीर ज्याणी
समाजसेवी
मुकेश जोशी
पार्षद, नं.पा.नोहर

durashine
धोखे से बचिए, असली इयूराशाइन® के लिए QR कोड स्कैन कीजिए
TATA BLUESCOPE STEEL
Satin Silver
असली इयूराशाइन Satin Silver छत की पहचान, ब्रांड के साथ गार्डफिल्म
जानिये | परखिये | खरीदिये
1800 2708333
टोल फ्री
DISTRIBUTOR NAME, CITY | Tel: 0123456789
#ShelterForAll
Leaders in Colour Coated Roofing and Cladding Solutions
बिहाणी एंटरप्राइजेज
एस-1, उषा प्लाजा, आकाशवाणी के सामने, एमआई रोड जयपुर मो. 9799398133

व्यवहार में पक्षपात नहीं करना चाहिए। व्यवहार धर्म से भी महत्वपूर्ण है। - चाणक्य

संपादकीय

दीपों की लौ व बुझते रिश्ते

फिल्म 'बीस साल बाद' के प्रसिद्ध गीत का मुखड़ा 'कहीं दीप जले, कहीं दिल', आज के समय में दीपावली की बदलती तस्वीर का सटीक रूपक बन गया है। यह गीत भले ही किसी अन्य संदर्भ में लिखा गया हो, लेकिन वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों में यह उस विडंबना को उजागर करता है, जहाँ घर रोशनी से जगमगा रहे हैं, पर अनेक दिल अकेलेपन, बिखरते रिश्तों और सामाजिक विषमता के अंधेरे से घिरे हैं। दीपावली केवल दीप जलाने का पर्व नहीं है; यह भारतीय संस्कृति में परिवार, परंपरा, आस्था और सामाजिक समरसता का उत्सव है। दुर्भाग्य से बदलती जीवनशैली, उपभोक्तावाद और आर्थिक प्रतिस्पर्धा के दौर में इस पर्व की आत्मा धीरे-धीरे क्षीण होती दिखाई दे रही है।

एक समय था जब दीपावली का अर्थ केवल घर सजाना नहीं, बल्कि परिवार का एक साथ होना था। चाहे घर कच्चे हों या फूस के, मिट्टी के दीयों की लौ पूरे परिवार के चेहरे पर मुस्कान बिखेर देती थी। बच्चे कई दिन पहले से दीये सजाने की तैयारी करते थे, महिलाएँ घर-आँगन लीपती थीं और पुरुष दूर-दराज से हर हाल में घर लौटने का प्रयास करते थे। आर्थिक साधन सीमित थे, लेकिन उत्साह और अपनापन असीम था। आज परिस्थितियाँ उलट गई हैं। मकान पक्के और आलीशान हो गए हैं, रोशनी के लिए आधुनिक एलईडी और बिजली की रंग-बिरंगी लड़ियाँ उपलब्ध हैं, परंतु घरों की मुंडेरों पर मिट्टी के दीपक कम और मन के भीतर का अंधकार अधिक दिखाई देता है।

तकनीक ने जीवन को सुविधाजनक अवश्य बनाया है, किंतु उसने अनेक परंपराओं को भी पीछे छोड़ दिया। एक बटन दबाते ही पूरा घर रोशनी से नहा जाता है, लेकिन वह प्रकाश उस आत्मीयता का स्थान नहीं ले सकता, जो परिवार के साथ बैठकर एक-एक दीप जलाने में मिलती थी। आज दीपावली की तैयारियाँ बाजार तय करता है, जबकि पहले इसकी तैयारी परिवार करता था। परिणाम यह है कि त्योहारों का भावनात्मक पक्ष धीरे-धीरे औपचारिकता में बदलता जा रहा है। बदलते सामाजिक ढाँचे ने भी इस स्थिति को गहरा किया है। रोजगार, शिक्षा और बेहतर अवसरों की तलाश में करोड़ों लोग अपने गाँव और शहर छोड़कर महानगरों या विदेशों में बस गए हैं। यह परिवर्तन स्वाभाविक है, किंतु इसका प्रभाव पारिवारिक जीवन पर स्पष्ट दिखाई देता है। अनेक घरों में माता-पिता दीपावली की शाम बेटे-बेटियों और पोते-पोतियों की प्रतीक्षा करते रह जाते हैं। कई परिवार वीडियोकॉल पर शुभकामनाएँ देकर त्योहार की औपचारिकता पूरी कर लेते हैं। घर रोशन होते हैं, लेकिन उनमें वह सामूहिक उल्लास नहीं होता, जो कभी भारतीय परिवारों की पहचान था। धीरे-धीरे दीपावली सामूहिक उत्सव से व्यक्तिगत उत्सव में परिवर्तित होती जा रही है।

दीपक का महत्व केवल धार्मिक प्रतीक तक सीमित नहीं है। भारतीय परंपरा में दीप ज्ञान, आशा, सकारात्मक ऊर्जा और जीवन मूल्यों का प्रतीक माना गया है। बदलते मौसम के संधिकाल में सरसों या तिल के तेल से जलने वाले दीप वातावरण को भी शुद्ध करने में सहायक माने गए हैं। मिट्टी का दीपक प्रकृति से जुड़ा है, पर्यावरण के अनुकूल है और स्थानीय कारीगरों की आजीविका का आधार भी है। इसके विपरीत, प्लास्टिक और कृत्रिम सजावट से बनी विद्युत लड़ियाँ केवल चमक देती हैं, संस्कृति नहीं। आधुनिक साधनों का विरोध करना उद्देश्य नहीं है, बल्कि यह समझना आवश्यक है कि सुविधा और परंपरा के बीच संतुलन कैसे बनाया जाए।

आज का सबसे बड़ा संकट आर्थिक नहीं, भावनात्मक है। उपभोक्तावाद ने सफलता का अर्थ केवल अधिक कमाई और अधिक उपभोग तक सीमित कर दिया है। लक्ष्मी पूजा का वास्तविक संदेश परिश्रम, सदाचार, संतुलन और समृद्धि का था, किंतु आज लक्ष्मी की खोज चौबीसों घंटे चलने वाली दौड़ में बदल गई है। विडंबना यह है कि धन अर्जित करने की इस निरंतर होड़ में हम उन्हीं संबंधों से दूर होते जा रहे हैं, जो जीवन की सबसे बड़ी पूँजी हैं। माता-पिता का स्नेह, परिवार का साथ, पड़ोस का अपनापन और समाज के प्रति संवेदनशीलता, ये सभी धीरे-धीरे हमारी प्राथमिकताओं से बाहर होते जा रहे हैं। दीपावली हमें केवल अपने घर को रोशन करने की नहीं, बल्कि समाज के अंधेरे को भी कम करने की प्रेरणा देती है। यदि हमारे आसपास कोई निर्धन परिवार दीपावली की खुशियों से वंचित है, यदि कोई बुजुर्ग अकेले त्योहार मना रहा है, यदि किसी के घर में निराशा का अंधेरा है, तो हमारा एक दीप, एक मुस्कान या एक छोटा-सा सहयोग भी उसके जीवन में उजाला ला सकता है। भारतीय संस्कृति में दीपक का अर्थ केवल प्रकाश नहीं, बल्कि दूसरों के लिए जलना भी है।

आवश्यकता इस बात की है कि आधुनिकता को अपनाते हुए भी अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ाव बनाए रखें। घर की मुंडेर पर कुछ मिट्टी के दीप अवश्य जलें, परिवार के सभी सदस्य कुछ समय साथ बैठें, बच्चों को दीपावली के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व की जानकारी दी जाए तथा स्थानीय कुम्हारों से दीप खरीदकर उनके श्रम का सम्मान किया जाए। इससे न केवल परंपरा जीवित रहेगी, बल्कि समाज में आत्मीयता और संवेदनशीलता भी मजबूत होगी। दीपावली का वास्तविक संदेश बाहरी रोशनी से अधिक भीतर के अंधकार को दूर करना है। यदि इस पर्व पर केवल घर जगमगाएँ और रिश्ते बुझ जाएँ, तो उत्सव अधूरा रह जाएगा। इसलिए इस दीपोत्सव पर संकल्प केवल अधिक रोशनी करने का नहीं, बल्कि अधिक रिश्ते निभाने, अधिक संवेदनशील बनने और अपने भीतर के दीप को प्रज्ज्वलित रखने का होना चाहिए। तभी दीपावली सच अर्थों में प्रकाश, प्रेम और मानवता का पर्व बनी रहेगी। हर परिस्थिति में उम्मीद का दीया जलाए रखिए!

सांस्कृतिक गरिमा एवं सौन्दर्यबोध की आलोकमयी व्याख्या





डॉ. सत्यव्रत वर्मा
श्रीगंगानगर

पवित्र दीपावली हिन्दु जाति के कलात्मक बोध की मनोहारी व्याख्या है। उत्सवप्रियता हिन्दु समाज की अन्तश्चेतना में इस गहराई से रची-बसी है कि वह अवसाद-विषाद के कठिन क्षणों में भी उसके इन्द्रधनुषी सौन्दर्य से आलोकित तथा आनन्दित रहता है। हिन्दु पर्व-त्यौहार मात्र मौज-मस्ती के उत्सव नहीं हैं। वे संस्कृति, सौहार्द तथा बन्धुत्व के अग्रदूत हैं जो समग्र जाति को मणिमाला की भाँति एकता के सूत्र में पिरो कर उसकी निष्ठा और गरिमा को सहजता से रेखांकित करते हैं। शरद् ऋतु के सुखद अवतरण के साथ ही हिन्दु समाज में नाना पर्वों तथा उत्सवों का सोता-सा फूट पड़ता है। पवित्रतम प्रेम का प्रतीक रक्षा बन्धन तथा श्रीकृष्ण का चमत्कारी जन्मदिवस–जन्माष्टमी–जहाँ इस पर्व-पुराण की भूमिका की रचना करते हैं, वहीं अधर्म पर धर्म की विजय का शाश्वत सन्देशवाहक दशहरा इस पर्वमाला को उदात्त भावभूमि में प्रतिष्ठित कर देता है। सावित्री चतुर्थी (करवा चौथ) का अविचल पातिव्रत्य तथा ममतामयी होई माता का अखूट वात्सल्य उस उत्सव-शृंखला में नाना रंग भर कर मानवचेतना के ऊर्ध्वारोहण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। इस पावन परिवेश में जब, अमावस्या के गहन अन्धकार में, दीपमाला का चित्ताकर्षक वैभव धरा पर छिटकता है तो ऐसा प्रतीत होता है कि वेद की पावन ऋचाएँ मानव-कल्याण के लिये चतुर्दिक् गुंजित हो गयी हैं।

दीपावली विश्व का अनूठा पर्व है, जिसकी परिकल्पना मानव की निर्मलतम प्रज्ञा के द्वारा ही सम्भव थी। इसका आरम्भ कब हुआ और क्यों हुआ, यह महत्त्वपूर्ण नहीं है। श्रीराम, भगवान् महावीर, स्वामी दयानन्द, गुरु गोविन्दसिंह आदि महापुरुषों के साथ सम्बन्ध ने दीपावली को निस्सन्देह अतिशय गौरव प्रदान किया है। किन्तु दीपावली का आरम्भ तो उसी दिन हो गया था, जिस दिन मनुष्य में सौन्दर्यबोध और विवेक का प्रथम बीज अंकुरित हुआ था। इस दृष्टि से वह मानव जाति का चिरन्तन/अनादि पर्व है। वस्तुतः दीपावली केवल एक पर्व नहीं, समूची संस्कृति है, जिसमें नाना आदर्श, मूल्य, लोकबोध और परम्पराएँ मुखरित हैं।

कार्तिक की घोर अन्धियारी रात को अनन्त दीप-शृंखलाओं से जगमग कर, उस देवलोक-तुल्य परिवेश में, भगवती लक्ष्मी की आराधना तथा सुख-समृद्धि एवं सर्वविध उत्थान की कामना करना दीपावली का केवल बाह्य पक्ष है। मन के दीप को विवेक के तेल से भर कर उसके प्रकाश से अज्ञान के विनाशकारी अन्धकार को उच्छिन्न करने से ही दीपावली को सच्ची सार्थकता मिलती है। तभी दीपावली यथार्थ में ज्योतिष्मान् पर्व बनता है। अनगिनत दुर्गुणों और दुर्बलताओं के रहते हुए भी मनुष्य को बाह्य तथा भीतरी सभी प्रकार के कालुष्य और अन्धकार से जन्मजात घृणा है। वह ज्ञान और सौन्दर्य की विभूति से जीवन को समृद्ध तथा सार्थक बनाने को लालायित रहता है। उसकी इस परम पावन सद्प्रवृत्ति की कलात्मक अभिव्यक्ति दीपावली के मनोहारी पर्व में होती है। दीपावली वस्तुतः स्वयं उसके सौन्दर्यबोध और ज्ञानपिपासा की उज्ज्वल अभिव्यक्ति है। ज्ञान, शील, शुचिता तथा कमनीयता के परिवेश में ही आध्यात्मिक तथा भौतिक सम्पदाओं का अवतरण होता है। इसीलिये हम अनादिकाल से 'तमसो मा ज्योतिर्गमय, असद् मा सद्गमय, मृत्योर्माऽमृतं गमय' की मंगलाकारी प्रार्थना करते आ रहे हैं। सात्त्विकता, सच्चरित्रता तथा पावनता की पूँजी लेकर ही मनुष्य की चेतना का ऊर्ध्वारोहण होता है और वह उस भ्राजिष्णु लोक को प्राप्त होता है, जहाँ 'परम पुरुष' का वास है। भौतिकता में लिप्त मनुष्य को उस 'परम ज्योति' के सान्निध्य में पहुँच कर जीवन को कृतार्थ करने का दिव्य सन्देश देने के लिये ही दीपावली घर-आँगन में अवतरित है, यह उसका सौभाग्य है।

दीपावली सांस्कृतिक तथा आध्यात्मिक मूल्यों का पोषक महान् पर्व है। लक्ष्मी-पूजन भी उन मूल्यों का प्रतीक है, जो इस पर्वमाला में अभिव्यक्ति पाते हैं। शतपथ ब्राह्मण में दीपावली को 'यक्ष रात्रि' कहा गया है। यक्ष का एक अर्थ 'ब्रह्म' है। इस दृष्टि से दीपावली परम पिता परमात्मा की आराधना की पुण्य रात्रि है। दीपावली पर्व का चरम बिन्दु भगवती विष्णुप्रिया की आराधना है। परम्परा से लक्ष्मी पूजन को ही उसका सर्वस्व मान लिया जाता है। भौतिक समृद्धि और अभ्युदय की कामना करना मनुष्य की सहज वृत्ति है। किन्तु भगवती लक्ष्मी का स्वरूप धन-वैभव तक सीमित नहीं है। धन-वैभव की अधिष्ठात्री देवी होने के साथ-साथ वह श्रम तथा कर्म की पोषक आद्य शक्ति भी है। जीवन की समूची सिद्धियाँ और विभूतियाँ श्रम तथा कर्त्तव्यनिष्ठा से प्राप्त होती हैं, लक्ष्मी पूजन का यही सच्चा सन्देश है। लक्ष्मीपूजन सचमुच श्रम की साधना है। इसीलिये श्रम / कर्म को भगवद्गीता में परमात्मा की आराधना के समकक्ष / बराबर माना गया है, जो सर्वविध अभ्युदय का द्वार है – 'स्वकर्मणा तमभ्यर्च्य सिद्धिं विन्दति मानवः'। श्रम / कर्मठता से अर्जित धन ही स्वयं और समाज के उत्थान का साधन है। शोषण और उत्पीड़न से प्राप्त धन दोनों के लिये विनाशकारी है। लक्ष्मी पूजन का यही वास्तविक तात्पर्य है। अतः दीपावली के मंगलमय अवसर पर धन-वैभव का निर्लज्ज प्रदर्शन तथा अपव्यय लक्ष्मी का अपमान करने के समान है।

दीपावली सौन्दर्य की भाँति शुचिता का भी पोषक पर्व है। सौन्दर्य का वटवृक्ष शुचिता के प्रांगण में ही लहलहाता है। जीवन में बाह्य शुचिता / स्वच्छता जितनी आवश्यक है, उससे कहीं अधिक आवश्यक आन्तरिक पवित्रता तथा सौन्दर्य है। इसीलिये भगवद्गीता में शुचिता (शौच) को 'दैवी सम्पदा' का अग्रणी तत्त्व माना गया है। आन्तरिक निर्मलता तथा शुद्धता की प्राप्ति कठोर अनुशासन एवं साधना से होती है। मन जितना निर्मल होगा, वह उतना ही परमात्मा के निकट होगा। दीपावली बाहरी और भीतरी कलुषता को मिटा कर प्रभु का सान्निध्य प्राप्त करने को प्रेरित करती है।

दीपावली के आयाम इतने विस्तृत तथा भंगिमाएँ इतनी उदात्त हैं कि उन्हें शब्दों में यथावत् बाँधना सरल नहीं है। उसके प्रत्येक तत्त्व में कोई न कोई 'सीख' छिपी है। यदि लक्ष्मी दीपोत्सव का केन्द्र बिन्दु है, तो दीपक उसका प्राण तत्त्व है। दीपोत्सव का समूचा वैभव मिट्टी के इस लघु पात्र पर ही आश्रित है। निष्प्राण 'दीपक' के समान किसी प्राणवान् परोपकारी और बलिदानी की कल्पना करना भी सम्भव नहीं है। निर्माता कुम्भकार की थाप की मार सहकर तथा आवे की प्रचण्ड आग में दह कर, वह जन्म लेते ही स्वयं को परोपकार की वेदि पर बलिदान कर देता है। पता नहीं, वह कितने भूले-भटकों को राह दिखाता है, कितनों को गन्तव्य पर पहुँचाता और कितनों के बसेरों को अपने प्राणों से आलोकित करता है। उस-जैसा 'शहीद' कहाँ मिलेगा? दीपावली की रात्रि में अनगिनत दीप जला कर आनन्दित होते हुए इस निर्जीव 'प्राणी' की साधना और बलिदान को याद रखने से दीपावली का उल्लास दूना हो जाएगा और मन दिव्य उजास से भर जाएगा।

दीपमाला के जगमग प्रकाश को साक्षी मान कर, समाज और राष्ट्र के लिये, दीपक की भाँति, हँसते-हँसते, प्राण न्योछावर करने की प्रतिज्ञा करना उस 'हुतात्मा' (शहीद) के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। 'लघुता' में कितनी 'महानता' समा सकती है, इसका दीपक से बड़ा क्या उदाहरण होगा!

लक्ष्मी के 'सिंहासन' कमल का गौरव भी कम नहीं है। कीच का वासी यह 'जीव' कवियों का ही प्रिय प्रतीक अथवा उपमान नहीं है, पारखियों की दृष्टि में वह सौन्दर्य का प्राकृतिक कोष है। इसकी मन्द मुस्कान एकबारगी तन-मन को हुलसित कर देती है। उस जैसा वीतराग कहाँ मिलेगा? कीच में जन्म लेकर भी उसकी कलुषता से निर्लिप्त रहने वाले कमल का मानव मात्र को निर्भ्रान्त सन्देश है कि जीवन का सच्चा सुख भोग के त्याग में है, भोग में नहीं – 'तेन त्यक्तेन भुञ्जीथाः'। त्याग से अनुशासित जीवन ही सच्चा जीवन है। अतिशय भोग से व्यक्तित्व धुआँ हो जाता है। लक्ष्मी माता के पूजन के समय उसके सिंहासन के इस उदात्त सन्देश को आत्मसात् करने से जीवन अधिक भव्य तथा मंगलमय होगा।

स्वयं में महान् होते हुए भी दीपावली पूर्ववर्ती तथा उत्तरवर्ती पर्वों के बिना अधूरी है। उनके समाहार से ही उसे पूर्णता प्राप्त होती है और वह मानव जीवन के लक्ष्यभूत पुरुषार्थ चतुष्टय की प्राप्ति का साधन बनती है। तभी पाँच पर्वों की इस शृंखला में मनुष्य के सर्वाङ्गीण अभ्युदय की कामना की जाती है। यद्यपि धन्वन्तरि त्रयोदशी (धनतेरस) अब धन के उद्दाम प्रदर्शन और अपव्यय का माध्यम बन गया है, किन्तु मूलतः वह राष्ट्र के स्वास्थ्य और आरोग्य के लिये सामूहिक प्रार्थना का मंगलमय पर्व है।

स्वस्थ शरीर राष्ट्र के सर्वविध अभ्युदय का आधार है, इस तथ्य को सुदूर अतीत में ही आत्मसात् कर लिया गया था (शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्)। चतुर्दशी का 'यमदीप' स्वर्ग के सौन्दर्य और वैभव को धरा पर उतारने का प्रयास है। श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत को अँगुली पर धारण करना मानव की दृढ़ इच्छाशक्ति तथा कल्याण भाव की ऊर्जस्वी व्याख्या है। श्रम तथा धैर्य से दैवी चुनौतियों को परास्त किया जा सकता है, यही इसका मर्म है। अन्नकूट का सह-भोज समाज में सामूहिकता एवं समता का संचार करने का सहज प्रयास है। और भ्रातृ द्वितीया (भाई दूज) में भाई-बहिन का सात्त्विक प्रेम भाई के ललाट पर लगाए टीके की लालिमा में साकार हो जाता है। लक्ष्मीपूजन सहित इन पाँच पर्वों के समुच्चय 'दीपावली' में मानव जीवन के नाना आदर्श, मूल्य तथा सिद्धियाँ आकार ग्रहण करते हैं। वे सामूहिक रूप से जीवन के ताने-बाने में ऐसे मनोरम रंग भर देते हैं कि उसे अनन्त काल तक जीने की लालसा हृदय में करवटें लेने लगती है – '**जीवेम शरदः शतम्**'। **सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः। सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग् भवेत्॥**

दीपावली पर विभिन्न कवियों की रचनाएं



दीवट का दिया

मैं तुम्हारी कोठरी के दीवट पर रखा दिया हूँ
तुम मेरे पास आओ
लटियाए बालों को सुलझाओ
पाटी पारो माथे पर लगाओ
लाल रंग वाली बड़ी टिकुली
माँग भर सेंदुर,
एड़ी भर महावर रचाओ
और मैं तुम्हारी मद्धिम
रोशनी में झिलमिलाऊँ
जैसे छरहर नीम की छाँह में
झिलमिलाता है चाँद।

केशव तिवारी

तुम्हारा दिया

राम! तुम्हें वनवास
इसलिए तो नहीं दिया गया था
कि तुम लौट सको
रावण ने दरअसल
कैकेयी की मदद की थी
लेकिन सीता के प्रेम में
रावण से तुम्हारे युद्ध का औचित्य था
और भरत के प्रेम में अयोध्या लौटने का
यों तुम अपना औचित्य त्याग में खोजते रहे
अधिग्रहण में नहीं दीपावली के
दियों की रौशनी में तुम्हारा दिया
यह आशय झिलमिलाता है
कि प्रेम न हो तो पराक्रम भी
अन्याय ही है

- पंकज चतुर्वेदी

दीप पत्थर का

दीप पत्थर का लजीली किरण की
पद-चाप नीरव :
अरी ओ करुणा प्रभामय!
कब? कब?

- अज्ञेय

ओ दीयों की दीपावलि!

इंद्रिय-दीये नहीं प्रकाशित कर पाते हैं उसे,
जो उनका स्वाधिष्ठान है, टिकाव है।
इन दीयों के तले में है
नहीं भेदा जा सकने वाला तमस,
ओ दीयों की दीपावलि!
उसे दीपित कर दो।

प्रवीण पण्ड्या

यह दीया सब को उजाला दे

पार जाएँ हम अँधेरों की विवशता के
पार जाएँ हम बाजारों की अधमता के
डूबते को नाव भूखों को निवाला दे
हम पढ़ें वह पाठ ऐसे आदमी का हो
ठोकरें खाता शिखर पर चढ़ गया है जो
वह उमंगों की चमकती पाठशाला दे
लिख सकें सारी कथा हम आसमानों की
दमदमाते सब समय सारे जमानों की
अग्निमय कुंदन बनी वह वर्णमाला दे।

- नंद चतुर्वेदी

अंधकार के बिंब

दीपोत्सव की रात मायूस था अँधेरा,
दो रोज से रात छीन ली थी उजाले ने।
मदहोश था उजाला,
रात को अपनी समझ बैठा था।
उदास थी सुबह, रात से जंग थी,
उसके उजाले के सौतन जो संग थी।
दीवाली की रात
दीवाली की रात

- नीलेश रघुवंशी

पर्व पर जलो दीप!

बचा हुआ नहीं है थोड़ा-सा भी तैल,
आज तो मेरे घर। जलो दीप! खूब
उष्णरक्त से पर्व पर।

प्रवीण पण्ड्या

सब सो गए हैं

सब सो गए हैं दिए भी
जो रौशनी है वह, फिलिप्स और
हैवेल के बल्बों की है
एक लुहुरती हुई दीपक की लौ–देखूँ कि,
वह समय सो गया
मेरा उत्सव है–डेढ़ सौ के क्वार्टर में
ठीक से डूब नहीं पाता
हूँ इतनी छोटी मक्खी मैं।
सभी अँधेरे डूब गए है–सभी
रौशनियों के आँसू में
सब आँखे विरूपित हैं–
एक काजल के बिना।
सब चेहरों पर कहकहे हैं–
भाषा के अँधेरों का
सब उंगलियाँ कर्मठ हैं–
अपने विरूपणों के पीछे
हे, काल-प्रकाश तुम! थम जाओ
भाषा मानवता के छोर पर अटकी पड़ी है।

- अखिलेश सिंह

दीपावली की मूल भावना को तार-तार कर दिया है हमने मिलकर

श्रीगंगानगर के जवाहरनगर में मेरे आवास के सामने एक शानदार उद्यान है जिसमें सुबह-सुबह अच्छी संख्या में महिलाएं और पुरुष पधारते हैं। कुछ महिलाएं कार्तिक माह के स्नान के बाद त्रिवेणी (पीपल, बड़ व नीम) पूजा स्थल पर दीपक जलाती हैं, नियमित रूप से योग करने वाली महिलाओं का भी एक छोटा सा समूह है और कुछ महिलाएं अलग से बैठकर भजन-कीर्तन करती हैं। पुरुषों में मेरे जैसे अनेक तो पार्क में बनी इंटरलॉकिंग पगडंडी पर कुछ चक्कर लगाते रहते हैं और एक दल रोजाना राजनीतिक बहस करता है। दीपावली से ठीक एक दिन पहले भी ये लोग राहुल व मोदी पर बहस कर रहे थे। राहुल द्वारा मोदी को बहस के लिए दी गई चुनौती और झारखंड के एक कांग्रेसी मंत्री द्वारा 40 लाख युवकों का सड़कों पर उतर आने की धमकी पर आग-बबूला हो रहे थे। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से हिंदुओं के एक अति महत्वपूर्ण त्यौहार दीपावली पर मैंने उनके मुख से एक शब्द निकलते नहीं सुना।

यह दृश्य किसी एक उद्यान में बैठे कुछ महिला-पुरुषों का नहीं बल्कि समूचे समाज का दर्पण प्रस्तुत करता है। जहाँ व्यापारियों को अपने व्यापार की चिंता है वहीं राजनेताओं को अपनी राजनीति चमकाने का यह अवसर दिखाई देता है। इसी कारण दिल्ली के विभिन्न व्यावसायिक संगठनों ने एक नवम्बर को रामलीला मैदान में रैली आयोजित ना करने तथा कुछ दिनों के लिए आगे खिसकाने की गुहार लगाई। उन्होंने हजारों करोड़ रुपयों के व्यापारिक नुकसान होने का भी वास्ता दिया लेकिन कांग्रेस के 56 वर्षीय युवा नेता ने उनकी एक नहीं सुनी। परिणाम जो निकलना चाहिये था, वही निकला। व्यापारियों का दीपावली पर बड़ा नुकसान टला नहीं और 10 लाख के दावे को धत्ता बताते हुए रामलीला मैदान, जिसकी क्षमता 50 हजार की बताई जाती है, आधा खाली रह गया।

जुलाई माह से 'जंतर-मंतर' पर कोक्रोच जनता पार्टी द्वारा धर्मेंद्र प्रधान के त्यागपत्र की मांग के साथ किए गए आंदोलन ने विगत 3 महीनों में अनेक गुल खिलाये। कभी राष्ट्रपति भवन, कभी संसद, कभी आकाशवाणी भवन तो कभी प्रधानमंत्री आवास को घेरकर अराजकता फैलाने के अनेक असफल प्रयास किये गये। यहाँ तक कि कांग्रेस के वयोवृद्ध राष्ट्रीय अध्यक्ष ने 'मोदी जायेगा, मोदी का बाप भी जायेगा' जैसा घोर आपत्तिजनक उच्चारण भी कर डाला। भारतीय जनता पार्टी कहाँ पीछे रहने वाली थी। आज देश के विभिन्न राज्यों की राजधानियों और बड़े शहरों में बड़े-बड़े नेता भारी भीड़ व ध्वजाओं के साथ 'मोदी कहीं नहीं जायेगा' का ओजस्वी गाना गाते घूम रहे हैं। लेकिन 19 राजनीतिक दलों के 'इंडिया ब्लॉक' के विभिन्न नेता व एनडीए घटक में सबसे प्रमुख भाजपा के नेताओं को ना तो राम याद आ रहे हैं और ना ही उन्हें दीपावली पर्व की कोई सुध है। बल्कि 31 अक्टूबर 1984 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद देश के विभिन्न हिस्सों और विशेषकर दिल्ली में कांग्रेस द्वारा किये गये सिखों के नरसंहार के घावों को फिर से कुरेदने का अवश्य प्रयास किया गया। क्या ही अच्छा होता



कि ये राजनीतिक दल कम से कम वर्ष में एक बार आने वाले इस पुनीत त्यौहार के अवसर पर तो भारत के नागरिकों को बख्श देते।

अपने हाथ में संविधान की लाल किताब लहराने वाले इन नेताओं को ना तो संसद की गरिमा की चिंता है और ना ही सुप्रीम कोर्ट की। ये लोग राष्ट्रपति को 'वोट चोरी' के सबूत पेश करने का वादा भूलकर सड़कों पर देश में बांग्लादेश व नेपाल जैसी परिस्थितियाँ पैदा करने को आमादा हैं। इन नेताओं को सार्वजनिक तौर पर कभी ना तो लक्ष्मी पूजन करते देखा गया और ना ही अपनी बहन से राखी बंधवाते हुए। यद्यपि सार्वजनिक तौर पर भारतीय संस्कृति का मजाक उड़ाते हुए तो इन्हें अनेक बार देखा गया है। ऐसा भद्दा व शर्मसार प्रदर्शन करने वालों से भारतीयों को यह आशा भी नहीं करनी चाहिये कि दीपावली के पर्व पर कुछ सार्थक करके स्वयं को हिंदु ना सही, सच्चा भारतीय होने का उदाहरण प्रस्तुत करेंगे। इसके विपरीत ये पांच मिनट की बहस के बाद छठे मिनट में देश के प्रधानमंत्री को देशद्रोही सिद्ध करने की ताल ठोकते दिखाई दे रहे हैं। कपड़ों के ऊपर जनेऊ धारण करने वाले तथा स्वयं को दत्तात्रेय गोत्र का होने का दावा करने वाले ये लोग ना तो रामलला के दर्शन करने अयोध्या गये और न ही इन्हें नवरात्रों के समय कन्याओं का पूजन करते देखा गया। यहाँ तक कि स्वयं को श्रीकृष्ण भगवान के वंशज होने का दम भरने वाले नेता भी कभी मथुरा-वृंदावन के बांके बिहारी के मंदिर में नजर आते नहीं आये।

ना जाने ऐसा क्या है कि दीपावली पर्व पर ही पर्यावरण की चिंता ज्यादा क्यों सताने लगती है। हर बार पटाखों से प्रदूषण का स्तर बढ़ने, ग्रीन पटाखों को चलाने, उनके चलाने के लिए टाईम टेबल की पाबंदी जैसी बातें क्यों की जाने लगती हैं। माननीय न्यायालय भी स्वयं संज्ञान लेने बैठ जाते हैं। अभी अगले ही महीने क्रिसमस और फिर नववर्ष पर यह पर्यावरण प्रदूषित होने की चिंता ना जाने कहाँ काफूर हो जायेगी।

यही हाल खाद्य सुरक्षा विभाग वालों का है। ऐसा दिखाने का प्रयास किया जा रहा है कि सारी मिलावट व नकल इस दीपावली के त्यौहार पर ही शुरू की गई है। दूध, पनीर, खोया, मिठाई, घी, तेल व अन्य खाद्य पदार्थों के सेम्पल तो आप ईद व क्रिसमस के अवसर पर भरेंगे तो भी नकली ही मिलेंगे लेकिन लगता है चिढ़ तो हिंदु त्यौहारों से है। जन्माष्टमी पर दही हांडी की ऊंचाई से समस्या होने लगती है, तो होली के अवसर पर रंग-गुलाल व बहाये जाने वाले पानी की समस्या इन्हें परेशान करने लगती है। ईद पर हजारों-हजारों बकरों की बलि लेने वाले उत्सव पर तो इन्हें कोई तकलीफ नहीं होती। तब तो जालीदार टोपी ओढ़कर यही नेता बड़ी खुशी-खुशी उत्सव में शामिल होते देखे जा सकते हैं। सनातन को डेंगू-मलेरिया व कोढ़ की संज्ञा देने और उसका समूल नाश करने वाले यही लोग रामचरितमानस की सरे आम प्रतियां जलाते हैं और बाबा बागेश्वर को ढोंगी करार देते हैं। राम भक्तों पर गोली चलाकर अयोध्या में बह रही 'सरयू' को यही लोग रक्तरंजित करते हैं और दीपावली पर्व को अपवित्र व बदनाम करने का षड्यंत्र रचते हैं। दीपावली से एक दिन पूर्व तक राजस्थान में पंचायतों के चुनाव करवाकर करोड़ों हिंदुओं की आस्था को चोट पहुँचाने का कार्य भी ये राजनेता ही कर रहे हैं। प्रश्न कांग्रेस या भाजपा या किसी अन्य दल का नहीं है, हमारी पुरातन संस्कृति की रक्षा व अपनी आस्था से जुड़े रहने का भी है। उसे हानि पहुँचाने का कृत्य क्यों बार-बार दोहराया जाता है?

सिर्फ नेताओं को ही दोष देना भी कहाँ तक उचित है। हमने स्वयं व्यवहार में क्या किया है। कोई जमाना था जब दीपावली के अवसर पर घर-बार की लिपाई हम स्वयं करते थे। घरों की महिलाएं अपनी रसोई में ही न केवल पकवान बनाती थीं अपितु बहन-बेटियों की ससुराल भेजी जाने वाली मिठाइयां भी घर पर ही तैयार की जाती थीं। दीवाली पर लक्ष्मी पूजन के पोस्टकार्ड हम अपने रिश्तेदारों व इष्ट मित्रों को डाक से प्रेषित करते थे। एक दूसरे के घर 'राम-राम' करने न केवल जाते थे बल्कि बुजुर्गों का आशीर्वाद भी शिरोधार्य करते थे। पूरे परिवार, समाज व नगर में उत्सव व अपनत्व का माहौल होता था। तेजी से बदलती प्रौद्योगिकी के इस 'एआई' (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) युग ने सब कुछ तहस नहस कर डाला है। हर व्यक्ति की जेब में विराजमान 'एंड्रॉयड मोबाइल फोन' ने हमारे सामाजिक ताने-बाने को तार-तार कर डाला है। अब हमारा संवाद मोबाइल फोन की स्क्रीन पर हमारी उंगलियां करती हैं। अब घर-परिवारों में पति-पत्नी दो जने ही बसते नजर आयेंगे। अगर कहीं साथ में बच्चे व उनकी पत्नियां भी हैं तो बुजुर्गों के आशीर्वाद से उनका अब कोई सरोकार नहीं रह गया है। वीडियो-कॉल से ही आज सारे आशीर्वाद लिये व दिये जा रहे हैं।



डॉ. ओ.पी. गुप्ता
मो. 94149-48913

दीपावली के अवसर पर हम पूजन तो माँ लक्ष्मी का अवश्य करते हैं लेकिन उसी 'लक्ष्मी' (धन) को हमने बाजार के हवाले कर दिया है। कभी हजारों या लाखों की बात करने वाले व्यापारी आज सैंकड़ों-हजार करोड़ की डील करने लगे हैं। 'जियो' एक ही झटके में 30 हजार करोड़ रुपये बटोर लेती है। व्यावसायिक जगत में आज होड़ लगी है कि किस प्रकार से प्रदेश, देश या अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम दस धनवानों की सूची में हमारा नम्बर आये। राजनीतिक सम्बन्धों के आधार पर येन-केन-प्रकारेण पैसा चाहिये। अब जनसेवा की चिंता नहीं, हर दिन बस 'धन-धन' की चिंता करते हैं।

यद्यपि भारतीय अर्थव्यवस्था को 'डेड इकॉनोमी' करार देने वाले ट्रम्प अपना मध्यावधि चुनाव हार चुके हैं और 'नरेन्द्र सरेन्डर' का नारा भी ध्वस्त हो चुका है लेकिन फिर भी देश को गर्त में जाता देखना ना जाने क्यों कुछ लोगों की दिली इच्छा है। रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे लम्बे युद्ध तथा अमेरिका-ईरान के बिगड़ते सम्बन्धों के कारण अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेक देशों की अर्थव्यवस्था छिन्न-भिन्न हो चुकी है लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था आज भी 7 प्रतिशत की वृद्धि दर से आगे की ओर बढ़ रही है। इस दीपावली पर अनेक विपरीत परिस्थितियों के बावजूद बाजार गुलजार है। आशा करनी चाहिये कि 'देवी लक्ष्मी माता' हम पर आशीर्वाद बनाये रखेगी और हमारा भारतवर्ष प्रगति के नित नवीन शिखर

वर्ग पहली क्रमांक 7973



ó *बायें से दायें:-* 2) बरछा, 15) तरोताज़ा, 16) अनुभव, 5) गिरफ़्त, 7) पारशी नववर्षारंभ, 18) कटि, नगर, 9) जान देने को 19) संकट की पूर्वसूचना, उत्तेजित, 10) शादी, 11) 20) मुद्रा; ठप्पा; प्रभाव, 22) रूबरू, 12) कलंकित, 13) सजावट की सामग्री, 23) एक इंद्रिय, 14) बोझ, रुपया-पैसा; मालमत्ता, 24) 15) सुंदर, 17) संदिह, 19) अत्यधिक, 25) दफनाना, 27) शागिर्द, 20) छोर, 21) अक्ल; बुद्धि, 28) विष्ठा. चरबी, 23) नौका घाट; (उत्तर: अगले अंक में) वेगपूर्वक आघात, 24) *पिछली पहेली का उत्तर* निठल्ला, 26) उलटी, 28) केवल, 29) कार्यदिशा, 30) वर्षामिष, 31) तीर.

ó *ऊपर से नीचे:-* 1) सलाह, 2) सजीला, 3) जलीय अंश *(फलों का)*, 4) सर्वकालीन, 5) थाली में खाना लगाना, 6) सोच-विचार, 8) वायु, 14)

त	■	बा	ह	र	■	ल	ता	ड़	ना
बा	द	ल	■	वि	ज्ञा	प	न	■	वि
द	■	प	रे	वा	■	क	■	त	क
ला	ल	न	■	र	च	ना	त्म	क	■
■	च	■	वि	■	ट	■	■	रा	ज़
वि	क	रा	ल	■	क	बु	त	र	■
ना	न	■	ख़ा	ल	ना	■	नि	■	स
य	■	प	ना	ह	■	त	क	ली	फ़
क	पू	त	■	मा	त	म	■	क	र

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता) 08 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ -

1627: मुगल शासक जहांगीर का निधन।

1829: ईस्ट इंडिया कंपनी के गवर्नर जनरल लॉर्ड विलियम बेंटिक ने सती प्रथा खत्म करने की पहल की। 1920: भारत की प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना सितारा देवी का जन्म।

1939: एडोल्फ हिटलर की हत्या के लिए टाइम-बम लगाया था। किस्मत से हिटलर बच गया।

1956: संयुक्त राष्ट्र ने सोवियत संघ से यूरोपीय देश हंगरी से हटने की अपील की।

1972 : अमेरिका की केबल टेलीविजन कंपनी एचबीओ की शुरूआत। 1971 में आई फिल्म 'समटाइम्स ए ग्रेट नोशन' का प्रसारण किया गया।

1990 : आयरलैंड की जनता ने मैरी राबिन्सन को देश की पहली महिला राष्ट्रपति चुना।

1998: बंगलादेश के प्रथम प्रधानमंत्री शेख मुजीब-उर-रहमान की हत्या के जुर्म में 15 लोगों को मौत की सजा सुनाई गई।

1999: राहुल द्रविड़ और सचिन तेंडुलकर ने वन-डे क्रिकेट मैच में 331 रन की साझेदारी कर विश्व रिकॉर्ड बनाया।

2008: भारत का पहला मानव रहित अंतरिक्ष मिशन चन्द्रयान-1 चन्द्रमा की कक्षा में पहुंचा।

2016 : तमाम आकलन और रायशुमारियों को झुठलाते हुए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति चुने गए। उनकी प्रतिद्वंद्वी हिलेरी क्लिंटन की जीत की भविष्यवाणी की गई थी।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 9 नवंबर (एनएनएस) सोमवार कार्तिक बदी अमावस्या एवं अन्न कूट है। गेहूं, जौ, जई, बारीक चावल, ग्वार, मक्की, बाजरा, सरसों, सूरजमुखी, बिनौला एवं इसके तेल, तुवर, मूंग, मोठ, मटर, उड़द, शर्मिली, देशी चना, काबुली चना, राजमां चित्रा, मसूर, खांडसारी, दालचीनी, केसर, बादाम गिरी, कलौंजी, जावित्री, अजवायन, लाल मिर्च, धनिया, अमचूर, सौंफ, देशी घी, दूध पाउडर में लाभ तथा सोयाबीन, जायफल, बड़ी इलायची, लौंग, गोला, इमली, रुई, जस्ता, टिन, काजू, जीरा, हल्दी, सूत, कॉपर, पीतल, निकिल, गुड़-चीनी में हानि की संभावना है। **भाग्यांक 2-3-6-7 है। यात्रा विचार- पश्चिम दिशा की ओर 11.38 बजे पूर्वा ? के बाद यात्रा शुभ होगी।**

आज का राशिफल

08 नवम्बर रविवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी/अमावस, नक्षत्र-स्वाति, योग-आयुष्मान, करण-शकुनि, दिशाशूल-पश्चिम सूर्योदय 6.47 बजे, सूर्यास्त 5.48

ग्रह स्थिति : सूर्य,चन्द्रमा-तुला, शुक्र-कन्या, गुरु,केतु-सिंह, बुध-वृश्चिक, राहु-कुंभ, शनि-मीन राशि में संचार कर रहे हैं।

मेष : करियर में सहजता बनी रहेगी। अटका हुआ धन या पुराने लेन-देन में लाभ मिलेगा। वाहन चलाने में सावधानी रखें।

वृषभ : दिन सामान्य और सुकून भरा रहेगा। परिवार के साथ वक्त अच्छा बीतेगा। विदेश यात्रा का योग बनेगा।

मिथुन : मित्रों के साथ सकारात्मक सोच से आगे बढ़ेंगे। नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं।

कर्क : दिन बहुत अच्छा रहेगा। प्रयासों में सफलता, अच्छा स्वास्थ्य और व्यापार में बड़ी साझेदारी की शुरूआत होगी।

सिंह : कामकाज में मैनेजमेंट बेहतर रहेगा। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी पर खर्चों पर नियंत्रण रखें। मांगलिक कार्य की संभावना।

कन्या : आर्थिक मामलों में दिन शुभ रहेगा। कर्ज या पैसों की परेशानी से राहत मिलेगी और परिवार से जुड़े निवेश में फायदा हो सकता है।

तुला : नए ढंग से कार्य करने का भाव रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा और परिवार के साथ खुशियां बांटने का अवसर मिलेगा।

वृश्चिक : नेतृत्व क्षमता और कार्यकुशलता की सराहना होगी। आत्मविश्वास मजबूत रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

धनु : रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। पारिवारिक मामलों में समझदारी से निर्णय लें। पुराना रुका हुआ धन मिलने की संभावना।

मकर : मेहनत का फल मिलेगा। व्यापार में नए अवसर सामने आ सकते हैं। यात्रा का योग बन रहा है। व्यापार में उन्नति।

कुंभ : करियर में कोई अच्छी खबर मिल सकती है। कामकाज के सिलसिले में की गई यात्रा लाभ देगी।

मीन : आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि के योग हैं और मन प्रसन्न रहेगा।

दीवाली : अंधकार से प्रकाश की ओर



होली और दीवाली भारत के ऐसे दो प्रमुख त्योहार हैं, जिन्हें देश के लगभग सभी भागों में अत्यंत उत्साह, श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। होली रंगों का त्योहार है और पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है, जबकि दीवाली कार्तिक मास की अमावस्या को दीप जलाकर मनाई जाती है। इन दोनों त्योहारों का ऋतु परिवर्तन से भी गहरा संबंध है। होली के साथ वसंत ऋतु अपने चरम पर पहुँचती है और गर्मी का आगमन होने लगता है। हम सर्दियों के कपड़े समेटकर रख देते हैं। दूसरी ओर, दीवाली के आसपास शरद ऋतु का आगमन होता है और हम घरों की सफाई करके तथा आवश्यक तैयारियाँ करके सर्दियों के स्वागत की तैयारी करते हैं।

दीवाली केवल एक दिन का त्योहार नहीं है। भारत में उत्सवों का एक लंबा सिलसिला चलता है। जन्माष्टमी से उत्सवों का वातावरण बनने लगता है। इसके बाद गणेश चतुर्थी, पितृपक्ष, नवरात्रि, दशहरा, शरद पूर्णिमा, करवा चौथ, अहोई अष्टमी, धनतेरस, नरक चतुर्दशी और दीवाली आती है। दीवाली के अगले दिन गोवर्धन पूजा और अन्नकूट का आयोजन होता है। अनेक मंदिरों में इस अवसर पर प्रीतिभोज होता है। लोग अपने-अपने घरों से कोई न कोई सब्जी अथवा खाद्य सामग्री लेकर आते हैं। सब सामग्री मिलाकर सामूहिक रूप से भोजन तैयार किया जाता है और फिर सभी लोग मिल-बाँटकर भोजन करते हैं। यह सहभागिता और सामुदायिक भावना का बहुत सुंदर उदाहरण है। इसके अगले दिन भाई दूज मनाई जाती है, जब बहन अपने भाई के माथे पर तिलक लगाकर उसकी मंगलकामना करती है। इसके बाद कार्तिक पूर्णिमा को देव दीपावली मनाई जाती है। इसी दिन सिख समाज के लिए गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व भी विशेष महत्त्व रखता है।

उत्सव हमारे जीवन को उत्साह और उमंग से भर देते हैं। कार्तिक मास की अमावस्या की रात अंधकार से भरी होती है। शरद ऋतु के बाद दिन छोटे होने लगते हैं और वातावरण में एक प्रकार की नीरवता तथा सुस्ती आ सकती है। यदि ऐसी काली रात में कोई उत्सव न हो तो वातावरण में उदासी छा सकती है। दीवाली हमें इस वातावरण से बाहर निकालती है। घर-आँगन की सफाई, साज-सज्जा, नए कपड़ों की तैयारी और परिवार तथा मित्रों के साथ मिलना-जुलना जीवन में नया उत्साह भर देता है।



सतीश कालड़ा
बैंगलोर

दीवाली का एक और बहुत महत्त्वपूर्ण पहलू है। इस दिन लगभग हर व्यक्ति अपने घर की सफाई करता है और घर के आसपास के वातावरण को भी स्वच्छ बनाने का प्रयास करता है। रात अमावस्या की होती है और आकाश में चाँद की रोशनी भी नहीं होती। शाम ढलते ही लोग अपने घर की मुंडेर पर, दहलीज पर और खिड़कियों में दीपक जलाने लगते हैं। कुछ दीपक आँगन और मंदिर में भी जलाए जाते हैं।

देखते ही देखते पूरा गाँव और पूरा शहर दीपों से जगमगा उठता है। इस दृश्य में एक बहुत सुंदर सामाजिक संदेश छिपा हुआ है। हर घर अपना दीपक जलाता है, लेकिन जब सभी घरों के दीपक एक साथ जलते हैं तो पूरा समाज प्रकाशमय हो जाता है। इसी प्रकार यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने हृदय में प्रेम, सद्भावना, करुणा और विवेक का दीपक जगा ले तो पूरा समाज प्रकाशमान हो सकता है। समाज में परिवर्तन की शुरूआत व्यक्ति से ही होती है।

दीवाली पर भगवान गणेश और माता लक्ष्मी की पूजा करने की भी परंपरा है। गणेश जी विघ्नहर्ता हैं और बुद्धि, विवेक तथा शुभारंभ के प्रतीक हैं। लक्ष्मी जी को सामान्यतः धन की देवी माना जाता है। इसी कारण कई बार लक्ष्मी पूजा का अर्थ केवल धन-संपत्ति प्राप्त करना समझ लिया जाता है। लेकिन भारतीय चिंतन में समृद्धि का अर्थ इससे कहीं अधिक व्यापक है।

लक्ष्मी के आठ स्वरूपों की कल्पना की गई है, जिन्हें अष्टलक्ष्मी कहा जाता है। इनमें आदि लक्ष्मी आध्यात्मिक शांति और जीवन के मूल आधार का प्रतीक हैं; धन लक्ष्मी आर्थिक सम्पन्नता की, धान्य लक्ष्मी अन्न और कृषि की, गज लक्ष्मी वैभव और प्रतिष्ठा की, संतान लक्ष्मी परिवार और संतान के कल्याण की, वीर अथवा धैर्य लक्ष्मी साहस और आत्मबल की, विजय लक्ष्मी सफलता की तथा विद्या लक्ष्मी ज्ञान और शिक्षा की प्रतीक हैं।

इस दृष्टि से देखें तो धन अपने आप में सम्पूर्ण समृद्धि नहीं है। यदि किसी के पास धन है, लेकिन स्वास्थ्य नहीं, परिवार में सुख नहीं, ज्ञान नहीं, साहस नहीं और मन में शांति नहीं, तो उसे वास्तव में सम्पन्न कैसे कहा जा सकता है? गणेश जी और लक्ष्मी जी की संयुक्त पूजा का एक सुंदर भावार्थ यह भी हो सकता है कि समृद्धि के साथ बुद्धि और विवेक भी आवश्यक हैं। धन तभी कल्याणकारी है जब उसका उपयोग सही दिशा में हो।

होली और दीवाली दोनों ही ऐसे अवसर हैं जब हम अपने मनमुटाव और आपसी भेदभाव को भुलाकर एक-दूसरे के पास जाते हैं। मित्रों, संबंधियों और पड़ोसियों से मिलते हैं, मिठाइयाँ बाँटते हैं और शुभकामनाएँ देते हैं। इन अवसरों पर समाज में प्रेम, स्नेह और अपनत्व का संचार होता है। मंदिरों में सामूहिक भोज और परिवार में भाई दूज जैसे आयोजन इसी भावना को और मजबूत करते हैं। इसीलिए होली और दीवाली केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सद्भाव के भी महत्त्वपूर्ण अवसर हैं।

दीवाली के साथ धार्मिक,पौराणिक मान्यताएँ भी जुड़ी हुई हैं। सर्वविदित है कि इसी दिन भगवान श्रीराम चौदह वर्ष का वनवास पूरा करके अयोध्या लौटे थे। उनके स्वागत में अयोध्यावासियों ने दीप जलाए थे। धनतेरस का संबंध भगवान धन्वंतरि से जोड़ा जाता है, जिन्हें आयुर्वेद और आरोग्य का देवता माना जाता है। नरक चतुर्दशी भगवान श्रीकृष्ण द्वारा नरकासुर के वध और उसके बंदीगृह से सोलह हजार नारियों को मुक्त कराने की कथा से जुड़ी है। इस कथा का एक मानवीय पक्ष भी है। कहा जाता है कि उन नारियों को समाज में अपने सम्मान और भविष्य की चिंता थी। भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें स्वीकार करके सामाजिक सम्मान और सुरक्षा प्रदान की। इस कथा को केवल विवाह की घटना के रूप में नहीं, बल्कि असहाय और पीड़ित महिलाओं को सम्मान देने के संदेश के रूप में भी देखा जा सकता है।

जैन धर्म में दीवाली भगवान महावीर के निर्वाण दिवस के रूप में मनाई जाती है। सिख परंपरा में यह पर्व बंदी छोड़ दिवस के रूप में विशेष महत्त्व रखता है, जो गुरु हरगोबिंद साहिब जी की मुक्ति से जुड़ा है। इस प्रकार भारत की विभिन्न धार्मिक परंपराओं में भी दीपावली का अपना विशिष्ट स्थान है।

कुल मिलाकर, दीवाली प्रकाश, स्वच्छता, उत्साह, समृद्धि, सद्भाव और नई शुरूआत का पर्व है। दीपक जलाने का वास्तविक संदेश केवल अपने घर को रोशन करना नहीं, बल्कि अपने भीतर भी प्रकाश उत्पन्न करना है। गणेश जी हमें बुद्धि और विवेक का स्मरण कराते हैं, अष्टलक्ष्मी समृद्धि के व्यापक अर्थ से परिचित कराती हैं, सामूहिक भोज हमें मिल-बाँटकर जीना सिखाता है और भाई दूज पारिवारिक प्रेम को मजबूत करती है। जब व्यक्ति के मन में अज्ञान के स्थान पर ज्ञान, घृणा के स्थान पर प्रेम और निराशा के स्थान पर आशा का दीपक जलेगा, तभी समाज और देश भी वास्तव में प्रकाशमान होंगे। आइए, हम सब मिलकर अपने भीतर और अपने आसपास प्रकाश फैलाएँ।

श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

श्रीगंगानगर जिला

श्रीगंगानगर : श्रीगंगानगर : सरसों 9160-7800 (आ. 667 क्विं.), मूंग 8140-6600 (आ. 306 क्विं.), ग्वार 7906-6595 (आ. 116 क्विं.), नरमा 8916-8515 (आ. 1036 क्विं.), बाजरा 2694-2662 (आ. 80 क्विं.), कपास 8600-8545 (आ. 14 क्विं.), मक्का 2755-2580 (आ. 130 क्विं.), गेहूं 2700 (आ. 105 क्विं.), **रायसिंहनगर :** सरसों 8826-8371, चना 6790, गेहूं 2640-2500, मूंग 8451-8126, नरमा 8825-8650, कपास 8180, ग्वार 8070-7825, बाजरी 2700-2671, **केसरीसिंहपुर :** नरमा 8800-8380, **जैतसर :** सरसों 8487, मूंग 8430-8261, ग्वार 7910-7561, नरमा 8904-8100, कपास 8691-8641, बाजरी 2740-2650, धान 4500-3600, **घड़साना :** मूंग 8675-7800, नरमा 8810-8300, सरसों 8613-8250, ग्वार 7705, **सबमंडी यार्ड रीको :** गेहूं 2840-2200, सरसों 8781-5500, पीली सरसों 9100-6200, ग्वार 7800-6500, मूंग 8270-5000, नरमा 8811-8000, बाजरी 2750-2000 **(दीपावली अवकाश के कारण मंडियों के भाव पूर्ववत दिये जा रहे हैं।)**

किरयाना

धनिया 17000-20000, हल्दी 22000-24000, जीरा 28000-30000, अजवाइन 20000-21000, सौंफ 12500-22000, मेथी 8500, खोपरा 1850, गट गोला 425 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 2900-3000, मिर्च एमपी 19000-23000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 25000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1500, आटा (45 किग्रा.) 1460, सूजी 1620, बेसन 9000, चावल टुकड़ी 3500-4200, चावल डबल छनाई 4200-4500, चावल सेला 3800, चावल बासमती 6000-10000

दाल-दलहन

मूंग धूली 10500, मूंग छिल्का 9800, उड़द धुली 12500-13000, उड़द साबुत 11300-11800, अरहर दाल 13500-14500, दाल मसूर 7800, दाल चना 8600, देशी चना 8800, सिंगल डालर चना 9000-9200, डबल डालर चना 10000-10300, काला चना 8500-9000.

गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 5700, गुड़ पेड़ी 5600, गुड़ शिवलिंग 6300, गुड़ बर्फी 5900, चीनी महाराष्ट्र 5900-6000, चीनी एल 6450, चीनी एस 6000, चीनी गंगानगर।

तेल-तिलहन व घी



तेल सरसों (एक्सपेलर) 185-195 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 190-195 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति : 2350-2550रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 155-170 रु., तेल रिफाइंड 148-160 रु. प्रति लीटर, घी देशी : 10300-11000 रु.(15 कि.ग्रा. टिन), 580-650 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 10500 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 590 रु., पंजाब किंग : 11000रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 590 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 690 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 690 रु. प्रति लीटर। **(नोट : उपरोक्त में किरयाना, तेल-तिलहन, दाल-दलहन व गुड़ चीनी के सभी थोक भाव दिये गये हैं।)**

हनुमानगढ़ जिला

हनुमानगढ़ जं.: नरमा व्यापारी 8761, बाजरा 2585, ग्वार 7825, मूंग व्यापारी 7500, धान पीआर व्यापारी 2475, धान मुछल 4500, धान 1509-3850 **हनुमानगढ़ टा.:** कपास 8605, नरमा व्यापारी 8806, बाजरा 2525, ग्वार 7762, मूंग व्यापारी 7850, सरसों व्यापारी 8187, धान पीआर व्यापारी 2521, धान मुछल 4750, धान 1509-4430, **रावतसर:** कपास 8411, नरमा व्यापारी 8790, गेहूं व्यापारी 281, बाजरा 2631, ग्वार 8025, चना व्यापारी 682, मूंग व्यापारी 7721, मोठ 8496, सरसों व्यापारी 8571, तिल 15701, मूंगफली व्यापारी 7800, **भादरा:** सरसों व्यापारी 9785, **संगरिया:** नरमा व्यापारी 8770, गेहूं व्यापारी 2700, बाजरा 2722, ग्वार 7605, मूंग व्यापारी 7200, सरसों व्यापारी 8278, **गोलूवाला:** कपास 8500, नरमा व्यापारी 8850, गेहूं व्यापारी 2500, बाजरा 2655, ग्वार 7911, मूंग व्यापारी 8242, सरसों व्यापारी 8278, **पीलीबंगा:** नरमा व्यापारी 8500, बाजरा 2651, ग्वार 7929, धान पीआर व्यापारी 2235, धान 1509-4078

स्वर्णकार संघ रावतसर की नई कार्यकारिणी गठित

अशोक जोड़ा अध्यक्ष, झम्मन लाल उपाध्यक्ष, श्योप्रकाश खुरमी उपाध्यक्ष

सीमा सन्देश # रावतसर ।

स्थानीय स्वर्णकार समाज की एक आवश्यक बैठक में सर्वसम्मति से स्वर्णकार संघ रावतसर की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। बैठक में उपस्थित समाज बंधुओं ने प्रकाश पर्व दीपावली की समस्त इलाकावासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सर्वसम्मति से चुनी गई नई कार्यकारिणी का विवरण इस प्रकार है: अध्यक्ष अशोक कुमार जोड़ा (धन्नासर वाले), उपाध्यक्ष झम्मन लाल जोड़ा व उपाध्यक्ष श्योप्रकाश खुरमी, महासचिव विनोद जंगलवा, सचिव विक्रम सोनी मटोरिया ढाणी वाले, कोषाध्यक्ष राजकुमार सोनी, रामपुरा तथा प्रचार मंत्री सुनील कड़ेल को बनाया गया है। इसके साथ ही संरक्षक मंडल में मोहन लाल जोड़ा, सुरेश सहदेव, गोकल राम सोनी, श्रीनिवास जी सोनी एवं भंवर लाल जंगलवा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सलाहकार के रूप में कृष्ण लाल सोनी व सुभाष फौजी, कानूनी सलाहकार जसवंत भामा व राकेश जोड़ा (गेंजू) तथा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कृष्ण लाल सोनी डबली वाले और रतन लाल जंगलवा को मनोनीत किया गया है। नवनियुक्त कार्यकारिणी ने समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया।



अशोक कुमार जोड़ा



झम्मन लाल



श्योप्रकाश खुरमी

सरपंच पद के लिए जनसंपर्क

कीकरवाली। ग्राम पंचायत कीकरवाली में पंचायत राज चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। सरपंच पद अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित है। शुक्रवार को सरपंच पद की दावेदार प्रेम कुमार के परिवार की पुत्रवधू प्रियंका रानी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा उन्हें गुड़ से तौला गया। बाद में उन्होंने घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। वहीं राजविंदर कौर, ममता देवी, मनोहारी देवी व सुमन देवी मेघवाल भी चुनाव प्रचार में जुटी हैं। जिला परिषद डायरेक्टर पद के कांग्रेस प्रत्याशी जगतार सिंह समरा तथा पंचायत समिति सदस्य पद के कांग्रेस उम्मीदवार सुभाष चन्द्र छींपा भी जनसंपर्क कर रहे हैं।

गंगनहर का वरीयताक्रम

08 नवम्बर 2026, रविवार [सम्भावित]



पेयजल व छीजत 250		खुलने का समय	बंद होने का समय
बीबी	448 (7)	01 नवम्बर प्रातः 3 बजे	08 नवम्बर सायं 6 बजे
एमके	546 (7)	01 नवम्बर प्रातः 3 बजे	08 नवम्बर रात्रि 9 बजे
एच	853 (5)	03 अक्टूबर सायं 6 बजे	11 नवम्बर प्रातः 9 बजे
वाई	884 (5)	03 अक्टूबर रात्रि 9 बजे	11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
जैड	1039 (5)	03 अक्टूबर रात्रि 9 बजे	11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
डी-भागसर	1057 (5)	03 अक्टूबर रात्रि 9 बजे	11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
बीआईएफ+जे	1098 (5)	03 अक्टूबर रात्रि 9 बजे	11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
पीएस	1258 (5)	03 अक्टूबर रात्रि 9 बजे	11 नवम्बर दोपहर 12 बजे
समेजा	1460		
आरबी	1730		
एचएच	1765		
रिडमलसर	1776		
फार्म	1837		
जीजी	2038		
हिरणांवाली	2060		
नेतेवाला	2081		
एमएल	2141		
एमएलए	2182		
करणीजी	2512		
एलएनपी	2789		06 नवम्बर रात्रि 9 बजे
ईईए	2849		06 नवम्बर सायं 6 बजे
केके	2862		03 नवम्बर रात्रि 9 बजे
एफ	3365		30 नवम्बर सायं 6 बजे

नोट : गंगनहर में शनिवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1330 क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	6545	साहवा	382
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	निल
एनडी	निल	कंवरसैन	162
रावतसर	55	बिरधवाल हैड से नीचे	4624
सूरतगढ़	1875		
जोरावरपुरा	50		
खेतेवाली	72		

शनिवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 07.11.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1632.59
पानी की आवक - 7145 क्यूसेक, निकासी- 8100 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 1357.65
पानी की आवक- 2263 क्यू., निकासी- 12002 क्यू., बीकानेर - 1998

सार्दुल ब्रांच 895, करणीसिंह ब्रांच- 305, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

05 नवम्बर से 13 नवम्बर तक रहेगा प्रभावी

नगराना	78	नाथवाना	1449
लीलांवाली	326	प्रतापपुरा	1554
भाखरांवाली	376	हरिपुरा	1567
करनीसिंह	731	दीनगढ़	1580
मम्मड़खेड़ा	926	सूरतपुरा	1589
जोड़कियां	1036	मोडिया	1749
सूरतगढ़	1156	लोंगवाला	1884
भगतपुरा	1194	पीलीबंगा	2099
संगरिया	1200	अमरपुरा	2192
मोरजंडा	1410	रोड़ांवाली	2205
रतनपुरा	1421	नवां-सतीपुरा	2216

ताल मैदान छोड़ बाजारों में बिक रहे पटाखे

सीमा सन्देश # सरदारशहर। दीपावली के त्योहार पर सरदारशहर के मुख्य बाजारों और गली-मोहल्लों में पटाखों की दुकानें सज गई हैं, जबकि प्रशासन द्वारा बिक्री के लिए निर्धारित ह्यताल मैदानह्न पूरी तरह खाली पड़ा है। उपखंड अधिकारी महिपाल सिंह राजावत एवं नगरपरिषद आयुक्त मगराज डूडी ने आदेश जारी कर ताल मैदान को अस्थायी पटाखा दुकानों के लिए तय किया था और नगरपरिषद से अनुमति व लाइसेंस अनिवार्य किया था। निर्देश थे कि अन्य स्थानों पर दुकान चलाने वालों पर कार्रवाई होगी, लेकिन धरातल पर स्थिति इसके विपरीत है। पटाखे अत्यंत ज्वलनशील होने के कारण भीड़भाड़ वाले बाजारों में आगजनी और बड़े हादसों का गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं। इसके बावजूद नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है। शहरवासियों ने सवाल उठाया है कि जब प्रशासन ने स्थान निर्धारित किया है, तो उसकी पालना करवाने की जिम्मेदारी किसकी है? नागरिकों ने उपखंड अधिकारी और नगरपरिषद आयुक्त से मामले का त्वरित संज्ञान लेने, अवैध दुकानों की जांच करवाने और बिना अनुमति पटाखे बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

पटाखा दुकानों का किया निरीक्षण, अग्नि सुरक्षा के इंतजाम अधूरे मिलने पर व्यवस्था सुधारने के दिये निर्देश

दीपावली पर सुरक्षा के लिए पुलिस अलर्ट, बाजारों में बढ़ाई गश्त

महिला सुरक्षा के लिए कालिका पेट्रोलिंग यूनिट सक्रिय

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। दीपावली पर्व के मद्देनजर आमजन की सुरक्षा और त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए हनुमानगढ़ पुलिस अलर्ट मोड पर है। जिला पुलिस अधीक्षक बी आदित्य के निर्देशानुसार बाजारों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस की ओर से पटाखा दुकानों के निरीक्षण के साथ महिला सुरक्षा, यातायात नियंत्रण और असामाजिक गतिविधियों पर निगरानी के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में हनुमानगढ़ जंक्शन पुलिस थाना प्रभारी परमेश्वर सुथार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नगरपालिका से स्वीकृत पटाखा दुकानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई दुकानों पर अग्निशामक यंत्र, पानी एवं मिट्टी से भरी बाल्टियों सहित आवश्यक अग्नि सुरक्षा संसाधनों की कमी पाई गई। इस पर संबंधित दुकानदारों को शाम तक सभी आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पटाखा बिक्री के दौरान लाइसेंस की शर्तों की पालना करने के लिए भी पाबंद किया गया।



महिला सुरक्षा के लिए सादा वस्त्रों में पुलिसकर्मी तैनात

त्योहारी सीजन में बाजारों में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए प्रमुख बाजारों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की लगातार गश्त एवं निगरानी की जा रही है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए कालिका पेट्रोलिंग यूनिट को सक्रिय किया गया है। वहीं छेड़छाड़ और अन्य अवांछनीय गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सादा वस्त्रों में भी पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। बाजारों में यातायात सुचारू बनाए रखने के लिए निर्धारित मार्गों, पार्किंग स्थलों और नो-पार्किंग जोन पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। हनुमानगढ़ पुलिस ने आमजन से यातायात नियमों का पालन करने तथा पटाखों का उपयोग सुरक्षा मानकों के अनुरूप करने की अपील की है।



गुड़िया की बेटी ममता 186 वोटों से सरपंच बनीं, फेफाना की प्रियंका बनी उप सरपंच

सीमा सन्देश # चारणवासी। पास की ग्राम पंचायत गुड़िया में गांव की बेटी ममता बिजारणिया सरपंच पद पर निर्वाचित हुई हैं। ममता भाजपा देहात मंडल फेफाना के अध्यक्ष ओमप्रकाश बिजारणियां की सुपुत्री हैं। ग्राम पंचायत में कुल 2964 मतदान हुआ, जिसमें से ममता बिजारणिया को 1310 वोट, ईश्वरी को 1124 वोट और सरला को 506 वोट मिले।

इस तरह ममता ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 186 वोटों से पराजित किया। उधर गांव फेफाना की बेटी प्रियंका ज्याणी को सर्वसम्मति से उप सरपंच चुना गया है। मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के पश्चात गुड़िया में सरपंच, उप सरपंच तथा निर्वाचित वार्ड पंचों को निर्वाचन अधिकारियों द्वारा प्रमाण-पत्र सौंपे गए और विधिवत शपथ ग्रहण करवाई गई। रतनपुरा सरपंच पद के चुनाव में बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जहां पूर्व सरपंच जिंदर पाल गोदारा की पत्नी इंद्रा देवी चुनाव हार गईं और जेता बाई ने सरपंच पद





पर जीत दर्ज की।

पंचायत के वार्ड 1, 4, 5, 6, 7, 8 और 10 में वार्ड पंच निर्विरोध चुने गए। जबकि वार्ड 2 में रामचंद्र व हनुमान, वार्ड 3 में शंकर शर्मा व साधुराम, वार्ड 9 में सुरेन्द्र व सुशील तथा वार्ड 11 में महावीर प्रसाद व महेंद्र कुमार के बीच चुनाव हुआ।



मलवानी पंचायत में सरपंच-उपसरपंच सहित वार्ड पंच निर्वाचित हुए

सीमा सन्देश # चारणवासी। मतगणना में वार्ड 2 से रामचंद्र, वार्ड 3 से शंकर, वार्ड 9 से सुरेन्द्र और वार्ड 11 से महावीर प्रसाद विजयी रहे। इसके बाद सभी निर्वाचित वार्ड पंचों ने सर्वसम्मति से महावीर प्रसाद को उप सरपंच चुना। निर्वाचन अधिकारियों ने सभी विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र देकर शपथ दिलवाई। मलवानी - ग्राम पंचायत के मनीष कुमार डूडी सरपंच निर्वाचित हुए हैं। पंचायत के वार्ड 1 में रोहतास कंवर, वार्ड 2 में सत्यनारायण शर्मा, वार्ड 4 में रामादेवी, वार्ड 5 में सरोज और वार्ड 7 में मंगतूराम निर्विरोध वार्ड पंच चुने गए। वहीं वार्ड 3, 6, 8 और 9 में मतदान हुआ, जिसमें वार्ड 3 से भागीरथ सुथार, वार्ड 6 से वजीराम साहू, वार्ड 8 से निशा कुमारी और वार्ड 9 से संदीप कुमार गोदारा विजयी रहे। चुनाव के बाद सभी वार्ड पंचों ने सर्वसम्मति से रोहतास कंवर को उप सरपंच चुना। निर्वाचन अधिकारियों ने नवनिर्वाचित सरपंच, उप सरपंच और वार्ड पंचों को प्रमाण पत्र देकर पद की शपथ दिलाई।

दीपोत्सव के पावन पर्व पर समस्त शहरवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
हनुमानगढ़ केन्द्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड

सहकारिता का विश्वास - समृद्धि का आधार
आपका अपना बैंक, आपके सपनों और
आपकी आर्थिक उन्नति का सच्चा साथी।
सहकारिता की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने, किसानों की खुशहाली तथा आमजन के आर्थिक विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।
किसानों, ग्रामीणों एवं आम नागरिकों की आर्थिक प्रगति के लिए प्रतिबद्ध।

हमारी प्राथमिकताएँ एवं प्रमुख सेवाएँ

1. किसानों को कृषि एवं संबंधित गतिविधियों के लिए ऋण सुविधा।
2. बचत एवं सावधि जमा की बैंकिंग सुविधाएँ।
3. ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं का विस्तार।
4. व्यापारियों एवं लघु उद्यमियों को वित्तीय सहयोग।
5. आधुनिक तकनीक आधारित डिजिटल बैंकिंग सुविधाएँ।
6. सहकारी समितियों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास।

हमारा संकल्प
सशक्त किसान–समृद्ध गाँव – आत्मनिर्भर समाज।
विश्वास भी, विकास भी, सहकारिता के साथ भी।

अध्यक्ष : राजेन्द्र न्यौल प्रबंध निदेशक : योगेश शर्मा
मुख्य कार्यालय नई धान मण्डी, हनुमानगढ जंक्शन

दीपोत्सव के पावन पर्व पर समस्त शहरवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
कार्यालय उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां, हनुमानगढ़

हमारी प्राथमिकताएँ एवं प्रमुख सेवाएँ

1. किसानों को कृषि आदानों की आपूर्ति करना।
2. किसानों से रबी एवं खरीफ फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद करना।
3. श्री अन्न उत्पाद का विक्रय करना।
4. नैफेड के उच्च क्वालिटी उत्पाद जैसे- चाय व चावल आदि की बिक्री करना।
5. उपभोक्ता वस्तुओं का व्यापार करना।
6. सस्ते एवं गुणवत्ता युक्त कीटनाशक किसानों को उपलब्ध करवाना।
7. खरीफ 26-27 में मूंग, मूंगफली खरीद के पंजीयन 02 नवम्बर 2026 से प्रारम्भ है। किसान अपना पंजीकरण अवश्य करवाएं। मूंग का मूल्य 8780/- रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली का न्यूनतम समर्थन मूल्य 7517/- प्रति क्विंटल है।
8. किसानों को कृषि हेतु प्रशिक्षण, स्व प्रचार-प्रसार करना।

क्रय-विक्रय सहकारी समिति लि., भादरा भागीरथ ढ़ाका, अध्यक्ष श्रीमती मंजू देवी, मुख्य व्यवस्थापक

क्रय-विक्रय सहकारी समिति लि., नोहर धर्मपाल ढिल, अध्यक्ष नीरज कुमार, मुख्य व्यवस्थापक

क्रय-विक्रय सहकारी समिति लि., रावतसर भागाराम बैनीवाल, अध्यक्ष कुलविन्द्र कुमार, मुख्य व्यवस्थापक

क्रय-विक्रय सहकारी समिति लि., टिब्बी कृष्ण कुमार जांदू, अध्यक्ष दिनेश जांगिड़, मुख्य व्यवस्थापक

क्रय-विक्रय सहकारी समिति लि., संगरिया विजय सिंह नैण, अध्यक्ष भारत भूषण शर्मा, मुख्य व्यवस्थापक

क्रय-विक्रय सहकारी समिति लि., हनुमानगढ प्रेम गोदारा, अध्यक्ष श्रीमती संदीप कौर, मुख्य व्यवस्थापक

क्रय-विक्रय सहकारी समिति लि., पीलीबंगा अभिषेक महिया, प्रशासक मोहित बिश्नोई, मुख्य व्यवस्थापक

क्रय-विक्रय सहकारी समिति लि., गोलूवाला रजीराम गोदारा, अध्यक्ष इन्द्रजीत बिश्नोई, मुख्य व्यवस्थापक

अमनदीप कौर (उपरजिस्ट्रार,सहकारी समितियां हनुमानगढ़)



संगरिया व्यापार मण्डल की पहल, धान मंडियों में होंगे विकास कार्य

धीरज गोयल # संगरिया।



सीमा सन्देश । संगरिया व्यापार मण्डल समिति द्वारा मंडी के व्यापारियों की सुविधाओं एवं समस्याओं को लेकर लगातार किए जा रहे प्रयासों के तहत कल व्यापार मण्डल कार्यालय में अध्यक्ष कृष्ण कुमार जैन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि उपज मंडी समिति के सचिव सी.एल. वर्मा सहित व्यापार मण्डल के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में नई एवं पुरानी धान मंडी में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने तथा लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों के अनुसार नई धान मंडी में वर्तमान सुलभ कॉम्प्लेक्स की जगह नया पेशाब घर (यूरिनल) बनाया जाएगा, जिससे मंडी में आने वाले किसानों, मजदूरों एवं व्यापारियों को सुविधा मिल सकेगी। वहीं पुरानी धान मंडी में दुकान नंबर 22 से 101 तक के बीच स्थित सभी दुकानों के आगे पिड (फर्श) का निर्माण करवाया जाएगा। इसके साथ ही जर्जर एवं क्षतिग्रस्त नालियों को व्यवस्थित ढंग से पुनर्निर्मित कर जल निकासी की समस्या का समाधान किया जाएगा।

नई एवं पुरानी दोनों धान मंडियों में आवश्यक स्थानों पर नई मर्करी लाइटें लगवाई जाएंगी, ताकि रात्रि के समय भी पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था बनी रहे। बैठक के पश्चात अध्यक्ष कृष्ण कुमार जैन, मंडी सचिव सी.एल. वर्मा एवं उपस्थित पदाधिकारियों ने दोनों धान मंडियों का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया तथा प्रस्तावित विकास कार्यों के स्थानों का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश एवं सुझाव दिए। व्यापार मण्डल के उपाध्यक्ष हेमराज गुप्ता, कोषाध्यक्ष अतुल सिंगला, सह सचिव सतपाल सिंगला, अर्जुनदेव अंगी, चंद्रपाल भोभिया, हैप्पी मित्तल, सुधीर सहू, खूबी बंसल, राजेन्द्र राजपूत, सेठी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

स्वच्छता अभियान के तहत आमजन को किया जागरूक



धीरज गोयल # संगरिया।

सीमा सन्देश । नगरपालिका प्रशासन द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए पांडा व गोरिला के गुब्बारे रूपी प्रतीक बनाकर सभी मार्किट में घूम घूमकर संदेश दिया गया। नगरपालिका से पालिका उपाध्यक्ष पारुल माहेश्वरी, प्रशासनिक अधिकारी अरविंद खन्ना, पार्षद प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद, बादशाह, सुधीर , पूर्व पार्षद लखन करवा,प्रदीप, अश्वनी थापन ने इनको रवाना किया। बाजार में पंपलेट वितरण कर स्वच्छता, यातायात व्यवस्था तथा प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने का संदेश आमजन को दिया।

पालिका अध्यक्ष सुमन संजीव सोनी ने बताया कि यह पहल सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए आमजन को प्रेरित करने के लिए कि गई । उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि कूड़ा कचरा इधर उधर न डाले। व्यवस्था बनाने में सहयोग करें। जिससे शहर को सुंदर और प्लास्टिक मुक्त किया जा सके।

गांव शाहपीनी में सरपंच पद को लेकर चुनावी सरगर्मियां जोरों पर

धीरज गोयल # संगरिया।



सीमा सन्देश । ग्राम पंचायत शाहपीनी में सरपंच पद के चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। गांव की गलियों से लेकर चौपालों तक चुनावी चचाओं का दौर शुरू हो गया है। सरपंच पद के प्रत्याशी पूर्व सरपंच गुरुप्यार सिंह घर-घर पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात कर रहे हैं और गांव के विकास में सहयोग का भरोसा दिला रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा उन्हें समर्थन देते हुए फलों व लड्डुओं से तोला जा रहा है। जनसंपर्क के दौरान प्रत्याशी बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं से संवाद करते हुए उनकी समस्याएं जानने का प्रयास कर रहे हैं। ग्रामीणों से मिल रहे सुझावों को गांव के विकास का आधार बनाने की बात कही जा रही है। गुरप्यार सिंह ने कहा कि कहा कि पंचायत की विकास योजनाओं में गांव के प्रत्येक परिवार की आवश्यकताओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए। विकास कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना जरूरी है, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंच सके। सरपंच का दायित्व केवल विकास कार्य करवाने तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीणों के सुख-दुख में भागीदार बनना, उनकी समस्याओं का समाधान करवाना और गांव में आपसी भाईचारा बनाए रखना भी महत्वपूर्ण है।

गुरप्यार सिंह ने कहा कि गांव में स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है।

दीपोत्सव के पावन पर्व पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



दीपोत्सव पर्व पर समस्त ग्रामीणों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं





दीपावली पर समस्त विज्ञापनदाताओं का हार्दिक आभार


धीरज गोयल


भरत गोयल (मोन्टी)


लोकेश गोयल (हनी)

धीरज गोयल
संवाददाता सीमा संदेश संगरिया
लोकेश गोयल (हनी)
भरत गोयल (मोन्टी)
कार्यालय-एचपी पम्प के सामने, जामा मस्जिद के पास, संगरिया मोबाईल व वाट्सअप- 9414629987
ईमेल-d9414629987@gmail.com



कार्यालय नगरपालिका संगरिया
हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक :- 5533 दिनांक :- 6/11/26

सार्वजनिक सूचना

नगर पालिका संगरिया द्वारा दीपावली पर्व के मद्देनजर आमजन की सुरक्षा एवं शहर में शांति, स्वच्छता तथा यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु समस्त पटाखा विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि पटाखों की बिक्री हेतु पालिका प्रशासन द्वारा **'मीरा खेल मैदान'** को ही अधिकृत स्थान निर्धारित किया गया है। अतः समस्त पटाखा विक्रेता निर्धारित स्थान पर ही अपनी दुकानें लगाएं। शहर के बाजारों, मुख्य मार्गों एवं अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पटाखों का विक्रय नहीं करें। सभी विक्रेता अग्नि सुरक्षा संबंधी नियमों एवं प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निदेशों की पूर्ण पालना सुनिश्चित करें।

नगर पालिका क्षेत्र में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलिथीन के उपयोग, विक्रय एवं वितरण पर प्रतिबंध की पालना सुनिश्चित करें। समस्त व्यापारियों, दुकानदारों एवं रेहड़ी चालकों को निर्देशित किया जाता है कि उनके पास वर्तमान में उपलब्ध प्रतिबंधित पॉलिथीन का अपने स्तर पर निस्तारण करने हेतु दिनांक 16.11.2026 तक का समय दिया जाता है। उक्त तिथि के पश्चात पालिका प्रशासन द्वारा सख्त रुख अपनाते हुए नियमानुसार निरीक्षण एवं कार्रवाई की जाएगी तथा नियमानुसार जुमार्ना भी लगाया जाएगा।

नगर पालिका प्रशासन आमजन, समस्त व्यापारियों, दुकानदारों एवं रेहड़ी चालकों से अपील करता है कि शहर को स्वच्छ, सुंदर, सुरक्षित एवं पॉलिथीन मुक्त बनाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें, दुकानों के बाहर समान नहीं लगावे, यातायात व्यवस्था सुचारू रखने में सहयोग देवें। पालिका द्वारा शहर को स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुन्दर बनाये रखने हेतु प्रतिदिन सफाई करवाई जाती है, सड़कों, गलियों, नालियों व सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न डाले, कचरा निर्धारित कचरा पात्र व कचरा संग्रहण वाहन में ही डाले।

आइए, हम सभी मिलकर स्वच्छता की जिम्मेदारी निभाएं और अपने संगरिया शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं आदर्श शहर बनाने में सहभागी बनें।

- (सुमन रानी), अध्यक्ष, नगरपालिका संगरिया

पुलिस दल ने किया बाजार का निरीक्षण



संगरिया। दीपावली पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी अमर सिंह के नेतृत्व में पुलिस दल ने किया बाजार में निरीक्षण

सभी प्रदेशवासियों को
दीपावली
एवं भाई दूज
की हार्दिक शुभकामनाएं
यह पर्व आपके जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और नई ऊर्जा का प्रकाश लेकर आए।
हमीदा बेगम
पूर्व मंत्री राजस्थान सरकार
तनवीर खान
AICC सदस्य, पूर्व राष्ट्रीय संयोजक
ओबीसी प्रकोष्ठ AICC

आपके एवं आपके परिवार के जीवन में
सुख, समृद्धि, खुशहाली और नई ऊर्जा का प्रकाश आए
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
एवं
भाई दूज
की हार्दिक शुभकामनाएं
मां लक्ष्मी की कृपा से आपके घर में
सुख, शांति, समृद्धि और खुशियों
का दीप सदैव जलता रहे।
अनीता राकेश टाक
सभापति – नगरपरिषद सरदारशहर

समस्त नगरवासियों को
दीपावली
व भाई दूज
की हार्दिक शुभकामनाएं
यह पावन पर्व आपके जीवन में
सुख, समृद्धि, खुशहाली और नई ऊर्जा
का संचार करे।
श्री मान मघराज डूडी
आयुक्त नगर परिषद, सरदारशहर

कार्यालय अधिशासी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, सरदारशहर (चूरू)
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
नहिमन पाढ़ी नबिवड़े, बिन पानी सब सूना।
पानी बिवा ना उबरें, मोठी मानस चूना।
बदलती जीवनशैली और बदलते शहरीकरण के कारण पानी की मांग लगातार बढ़ रही है। भू-जल अतिदोहण के कारण पानी की कमी निरंतर बढ़ रही है।
अतः जीवन को सुरक्षित रखना है तो वर्ष एवं भूमिगत जल को संरक्षित रखना होगा। पानी के दुरुपयोग को रोकना होगा तथा जीवन खारे में यह जायेगा।
आओ हम दैनिक कार्यों में जल उपयोग के निम्नलिखित तरीकों को अपनाकर जल की बचत कर आओ वाली पीढ़ी के जीवन को सुरक्षित रखने में सहयोग प्रदान कर सकते हैं-
जल बिन सब सूना
"जल ही जीवन है" जल के बिना जीवन सुरक्षित नहीं है इस बात महान कवि रहीमजी ने भी अपने निम्नांकित दोहे के माध्यम जीवन पर जल की उपयोगिता का चित्रण किया है।
बचें दस बूंद, पले जीवन, हमने किये हैं वो भानुं जगत।
अब आओ अच्छे एक-एक जन, जल संचय में लगा दे तन मन।।

दैनिक क्रिया का नाम	खर्च पानी की मात्रा लीटर में	जल उपयोग करने के तरीके	पानी बचत की मात्रा लीटर में
स्नान करने में	पवारे से – 180 लीटर	बाल्टी से – 18 लीटर	162 लीटर
शौचालय जाने में	पल्स टैंक से 13 लीटर	छोटी बाल्टी से 4 लीटर	9 लीटर
शेव करने में	नल खोलकर करने से 11 लीटर	मग से पानी लेकर 1 लीटर	10 लीटर
दंत मंजन	नल खोलकर करने से 33 लीटर	मग या छोटे लोटे से पानी लेकर 1 लीटर	32 लीटर
कपड़ों की धुलाई	नल खोलकर करने से 166 लीटर	बाल्टी के उपयोग से 18 लीटर	148 लीटर

1. एक नल/कोटे पाईप में 10,000 से 12,000 लीटर उपयोग किये जल से एक छोटे परिवार हेतु एक माह का जल उपलब्ध हो सकता है।
2. प्रति सेकण्ड नल से टपकती जल बूंद से एक दिन में 17 लीटर जल का अपव्यय होता है।
3. इसके अलावा उपयोगिता अपनी सर्विस लाईनों की मरम्मत कर पानी के रिसाव को रोककर भी सहयोग प्रदान कर सकते है।
4. जलदाय विभाग की पाईप लाईनों में यदि कहीं लीकेज हो तो उसकी सूचना भी विभाग को समय पर देकर सहयोग कर सकते है।

जल संरक्षण अभियान कीजिए। जल एक बहुमूल्य संपदा है।

कार्यालय पंचायत समिति, सरदारशहर
• स्वच्छ सरदारशहर • स्वस्थ सरदारशहर • विकसित सरदारशहर
आम जनता से अपील
01. स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें, कचरा कचरा पात्र में ही डालें।
02. अपने घरों एवं संस्थानों में कचरा पात्र का प्रयोग करें।
03. पर्यावरण की सुरक्षा हेतु ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं।
04. जल जीवन मिशन सफल बनायें, जल संरक्षण करें।
05. यातायात नियमों का पालन अवश्य करें।
06. प्रदूषण मुक्त सार्वजनिक परिवहन का प्रयोग करें।
07. आम रास्तो एवं सड़क पर अतिक्रमण ना करें।
08. सिंगल यूज़ प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग ना करें।
09. तेज आवाज में स्पीकर एवं डीजे चलाकर ध्वनि प्रदूषण ना करें।
10. शहर से जुड़ी अपनी शिकायतें पंचायत समिति कार्यालय में दर्ज करवायें।
11. शिक्षा से वंचित सभी विद्यार्थियों का विद्यालय में नामांकन करवायें।
12. जन्म, मृत्यु, विवाह पंजीयन समय पर करवायें।
13. सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार-प्रसार ना करें।
14. 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वायें।
15. सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठायें।
16. व्यापारी बंधु से आग्रह कचरा डस्टबीन में ही डालें।
पर्यावरण की सुरक्षा हेतु ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं।
आइए, हम सब मिलकर अपने सरदारशहर क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने का संकल्प लें।
शुभकामनाओं सहित
विकास अधिकारी
पंचायत समिति, सरदारशहर

सभी क्षेत्रवासियों, समाजबंधुओं, सहयोगियों एवं शुभचिंतकों को
दीपावली व भाई दूज की
हार्दिक शुभकामनाएँ
श्री मान ओमप्रकाश जोशी
• संस्थापक अध्यक्ष – अन्तर्राष्ट्रीय पारीक परिषद्
• सदस्य – एआईपीएम, दिल्ली
• चूरू जिला प्रवासी – प्रकोष्ठ अध्यक्ष भाजपा
• ट्रस्टी – पारीक आश्रम पुष्कर
• भूतपूर्व अध्यक्ष – नेपाली मारवाड़ी ब्राह्मण सेवा संघ
आप पारीक समाज एवं अन्य सामाजिक संगठनों में भी प्रतिनिधित्व करते हैं तथा कानी जगह समाज के भवनों के ट्रस्टी हैं।
मूल रूप से सरदारशहर, हाल–नेपाल
आदर्श विद्या मंदिर के पास, सरदारशहर जि. चूरू | मो. 9195304483343

श्री मान शिवरतन बाबू कंदोई
समाजसेवी, सरदारशहर
की ओर से आप सभी क्षेत्रवासियों को
दीपावली
व भाई दूज
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
दीपावली का प्रकाश आपके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाए तथा भाई दूज का यह पावन पर्व आपके भाई-बहन के प्रेम को और भी मजबूत करे।

समस्त क्षेत्रवासियों, शुभचिंतकों एवं प्रदेशवासियों को
दीपावली एवं भाई दूज
की
हार्दिक शुभकामनाएँ
प्रकाश, समृद्धि, सुख, शांति और भाई-बहन के अटूट स्नेह के इस पावन पर्व पर आप सभी के जीवन में खुशियों का उजास, स्वास्थ्य, समृद्धि और मंगलमय सफलता बनी रहे, यही मंगलकामना है।
श्री मान आशीष मिश्रा
युवा उद्योगपति व समाजसेवी
संरक्षक श्री छः न्याति ब्राह्मण महासंघ, सरदारशहर

आप सभी क्षेत्रवासियों को
दीपावली एवं भाई दूज
की हार्दिक शुभकामनाएं
यह पावन पर्व आपके जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य, उन्नति और आपसी सौहार्द का प्रकाश लेकर आए इसी मंगलकामना के साथ सभी को हार्दिक बधाई!
मुस्ताक खान
प्रदेश सचिव, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी
PCC से प्रभारी बीकानेर जिला देहात व शहर

सभी क्षेत्रवासियों, मित्रों एवं शुभचिंतकों को
दीपावली व भाई दूज
के पावन पर्व की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
दीपों का यह पर्व आपके जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और उत्तरोत्तर प्रगति का प्रकाश लेकर आए।
श्रीमान् शम्भूदयाल पांडिया
• अध्यक्ष - पारीक मंडल ट्रस्ट, सरदारशहर
• अध्यक्ष - बाबा रामदेव पैदल यात्री संस्था, सरदारशहर
• अध्यक्ष - श्री न्याति ब्राह्मण महासंघ, सरदारशहर
• मंत्री - श्री लोकरंजन परिषद, सरदारशहर

आप सभी नगरवासियों
को प्रकाश, आनंद, समृद्धि
और खुशहाली के महापर्व
दीपावली व भाई दूज
की
हार्दिक शुभकामनाएँ
श्री मान शोभा कांत स्वामी
पार्षद, कांग्रेस वार्ड नं. 50
उपाध्यक्ष - लोकरंजन परिषद सरदारशहर

समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली एवं भाई दूज
की
हार्दिक शुभकामनाएं
दीपों का यह पावन पर्व आपके जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य, शांति और असीम खुशियां लेकर आए, साथ ही भाई दूज का यह पर्व भाई-बहन के स्नेह, विश्वास और अटूट रिश्तों को और अधिक मजबूत बनाए।
श्री मान शंकर लाल सिंधी
कोषाध्यक्ष
लोकरंजन परिषद सरदारशहर

NAVNEET SOLAR LIGHTS
सौरमान भविष्य, उज्ज्वल ऊर्जा
हांडिया बाबा मंदिर के पास, पांच भाई चौक, बीकानेर रोड, सरदारशहर
आप सभी ग्राहकगण, शुभचिंतकों एवं क्षेत्रवासियों को
दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं
मां लक्ष्मी की कृपा से आपके जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशहाली का सदैव प्रकाश बना रहे।
कैलाश पारीक
9983269154, 8696032080

समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली एवं भाई दूज
की हार्दिक शुभकामनाएं
यह पावन पर्व आपके जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य, शांति और असीम खुशियां लेकर आए।
श्री मान हुलास मल व्यास
समाजसेवी
अध्यक्ष, ऋषिकुल आश्रम, सरदारशहर
संरक्षक, श्री छः न्याति ब्राह्मण महासंघ, सरदारशहर

न्यूज इन ब्रीफ

रिवॉल्वर साफ करते समय गोली चलने से सरपंच की मौत

मोगा। जिले के गांव घोलिया खुर्द के सरपंच अमरजीत सिंह भुट्टो की लाइसेंसी रिवॉल्वर की सफाई के दौरान गोली लगने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि घर में हथियार साफ करते समय अचानक गोली चल गई, जो उन्हें लग गई। गंभीर रूप से घायल सरपंच को परिजन अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

बंदर से बैग छुड़ाता शिक्षक खाई में गिरा

पचमढ़ी। मध्य प्रदेश के पचमढ़ी स्थित सनराइज व्यू पॉइंट पर बंदर द्वारा छीना गया बैग वापस लेने के प्रयास में नागपुर के शिक्षक विजय नायक की 150 फीट गहरी खाई में गिरकर मौत हो गई। वह सोमलवार स्कूल के एनसीसी शिक्षक थे और 20 विद्यार्थियों व शिक्षकों के साथ शैक्षणिक भ्रमण पर आए थे। पुलिस व स्थानीय लोगों ने करीब साढ़े तीन घंटे के बचाव अभियान के बाद शव बरामद किया।

लापरवाही से पटाखा बजाने से बच्चे घायल

अजमेर। दीपावली पर पटाखे चलाते समय अजमेर के नगरा क्षेत्र में बड़ा हादसा हो गया। बच्चों ने सुतली बम पर स्टील का गिलास रख दिया, जिससे विस्फोट में गिलास के टुकड़े उड़ गए। हादसे में चार बच्चे घायल हुए, जिनमें दो गंभीर हैं। एक बालक के पेट में करीब 10 सेंटीमीटर स्टील का टुकड़ा घुस गया, जिसकी सर्जरी की तैयारी चिकित्सक कर रहे हैं। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

भीड़ की पिटाई से युवक की मौत

जींद। हरियाणा के जींद जिले के कालवन गांव में चोरी के शक में ग्रामीणों ने तीन युवकों की बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना में बिहार निवासी आशीष मिश्रा की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी अमन और कैलाश घायल हो गए। पुलिस के अनुसार खेतों में चोरी की घटनाओं के चलते ग्रामीणों ने तीनों को पकड़ा था। मामले में 30-35 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

रिटायर्ड कर्नल से 70.19 लाख की ठगी

मोहाली। शेयर बाजार में कम समय में भारी मुनाफे का झांसा देकर साइबर ठगों ने न्यू चंडीगढ़ निवासी भारतीय सेना के रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल ओम प्रकाश से 70.19 लाख रुपये ठग लिए। आरोपितों ने फेसबुक विज्ञापन के जरिए उन्हें वाट्सएप ग्रुप से जोड़ा और फर्जी ट्रेडिंग एप डाउनलोड करवाकर रकम जमा कराई। पीड़ित ने शिकायत में बताया कि एप पर फर्जी मुनाफा दिखाकर निकासी के नाम पर अतिरिक्त रकम मांगी गई।

मजदूरों पर पलटी कार, तीन की मौत

चित्तौड़गढ़। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले में नेशनल हाईवे-27 पर बन रहे एक ओवरब्रिज के पास एक तेज रफ्तार कार पानी के टैंकर से टकराकर 15 फुट गहरे गड्ढे में जा गिरी। इस हादसे में एक महिला समेत 3 मजदूरों की मौत हो गई और 10 लोग घायल हो गए।

सैटेलाइट से खोजे गांजे के खेत

नई दिल्ली। एनसीबी ने देश भर में चल रहे अवैध खेतों की पहचान करने और उन्हें नष्ट करने के लिए एजेंसी ने राज्य पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र बलों के साथ मिलकर एक बड़ा साझा अभियान शुरू किया है। अरुणाचल प्रदेश की दुर्गम पहाड़ियों से लेकर हिमाचल प्रदेश की पार्वती घाटी और ओडिशा के आदिवासी जिलों तक, इसे जड़ से उखाड़ने के लिए काम कर रही है। पश्चिम कामेंग जिले के कलाकतांग सब-डिवीजन में लगभग 458 एकड़ में फैली अवैध गांजे की खेती को पूरी तरह नष्ट कर दिया है।

नई किताब 'बिलॉन्गिंग: ए जर्नी ऑफ लव' से पहले दिए इंटरव्यू में इंदिरा गांधी के फैसलों और आपातकाल पर रखी राय

बड़ा बयान; इमरजेंसी को लेकर सिर्फ संजय गांधी को जिम्मेदार ठहराना सही नहीं

नई दिल्ली।

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी जल्द ही अपनी नई किताब 'बिलॉन्गिंगः ए जर्नी ऑफ लव' के माध्यम से अपनी जिंदगी से जुड़े कई अनुभवों को साझा करने जा रही हैं। किताब के विमोचन से पहले दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, संजय गांधी और आपातकाल के दौर को लेकर कई महत्वपूर्ण बातें कही हैं।

फैसलों पर था पछतावा

सोनिया गांधी ने कहा कि समय बीतने के बाद घटनाओं को बेहतर तरीके से समझा जा सकता है। उन्होंने बताया कि इंदिरा गांधी को आपातकाल के दौरान लिए गए कुछ फैसलों पर पछतावा था। सोनिया के अनुसार, इंदिरा गांधी ने हालात को पहचाना और मार्च 1977 में चुनाव कराने का फैसला लिया। उन्होंने बाद में आपातकाल के दौरान की गई सख्त कार्रवाइयों के लिए सार्वजनिक रूप से खेद भी जताया था।

लोकतांत्रिक अधिकारों में हुई थी कटौती

आपातकाल को लोकतंत्र विरोधी और तानाशाही अध्याय कहे जाने के सवाल पर सोनिया गांधी ने माना कि उस



दौरान लोकतांत्रिक अधिकारों में कटौती हुई थी। उन्होंने कहा कि आपातकाल समाप्त होने के बाद उन्हें इसकी गंभीरता का अधिक एहसास हुआ। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि आपातकाल लागू करने की प्रक्रिया संवैधानिक प्रावधानों के तहत पूरी की गई थी।

किताब में निजी जीवन के अनुभव भी होंगे शामिल

सोनिया गांधी की किताब 10 नवंबर को जारी होगी। इसमें उन्होंने अपने जीवन के कई महत्वपूर्ण प्रसंगों के साथ राजीव गांधी से पहली मुलाकात, उनके रिश्ते और निजी अनुभवों को भी शामिल किया है। किताब के माध्यम से सोनिया गांधी अपने राजनीतिक और व्यक्तिगत जीवन की कई यादों को पाठकों के सामने रखेंगी।

संजय गांधी को अकेले जिम्मेदार ठहराना सही नहीं

सोनिया गांधी ने आपातकाल के लिए केवल संजय गांधी को जिम्मेदार ठहराए जाने को पूरी तरह सही नहीं बताया। उन्होंने कहा कि आम धारणा में संजय गांधी को आपातकाल से जोड़ा जाता है, लेकिन उस समय इंदिरा गांधी पर उनके कुछ वरिष्ठ सहयोगियों का भी काफी दबाव था। उनके अनुसार, इंदिरा गांधी के आसपास राजीव गांधी जैसे कुछ लोग थे, जिनका नजरिया अलग था।

संघर्ष को सलाम; दीपावली से पहले रेणू सांगवान को तीन सौ किलो लड्डू बनाने के ऑर्डर भी मिले

नौ गायों से शुरू किया डेयरी कारोबार : आज तीन करोड़ का टर्नओवर, 15 देशों में बिक रहा देसी घी

श्रीगंगानगर।

हरियाणा के एक छोटे से गांव से शुरू हुआ डेयरी कारोबार आज अंतरराष्ट्रीय पहचान बना चुका है। पति के निधन के बाद परिवार की जिम्मेदारी संभालने वाली रेणु सांगवान ने अपनी मेहनत और हौसले से नौ गायों की छोटी-सी डेयरी को बड़े कारोबार में बदल दिया। आज उनके फार्म में करीब 270 देसी गाय हैं और सालाना कारोबार 3 करोड़ रुपये से अधिक पहुंच गया है। उनके यहां तैयार होने वाले देसी घी की मांग देश ही नहीं, बल्कि 15 देशों में है। दिवाली से पहले उन्हें 300 किलो लड्डू बनाने के ऑर्डर भी मिले हैं।



पति के सपने को बनाया मंजिल

हरियाणा के खरमाण गांव की रहने वाली रेणु सांगवान के पति कृष्ण कुमार ने वर्ष 2016 में महज नौ गायों के साथ डेयरी कारोबार शुरू किया था। उनका उद्देश्य अच्छी गुणवत्ता वाला दूध और घी उपलब्ध कराने के साथ देसी गायों का संरक्षण करना था। हालांकि, वर्ष 2017 में पति के निधन के बाद परिवार पर मुश्किलों का पहाड़ टूट पड़ा। दो बेटों की जिम्मेदारी के साथ डेयरी संभालने की चुनौती भी रेणु के सामने थी। लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और पति के सपने को आगे बढ़ाने का फैसला किया।

कोरोना काल में निकाला कमाई का नया रास्ता

रेणु के कारोबार के लिए कोरोना काल एक बड़ी चुनौती बनकर आया। लॉकडाउन के दौरान दूध की बिक्री प्रभावित हुई और डेयरी चलाना मुश्किल होने लगा। ऐसे में उन्होंने दूध से देसी घी तैयार करना शुरू किया। इसके लिए उन्होंने पारंपरिक बिलोना विधि अपनाई। घी की गुणवत्ता और खासियत को लोगों तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। धीरे-धीरे उनके उत्पाद की पहचान बढ़ने लगी। वर्ष 2021 में अमेरिका से उन्हें 10 किलो घी का पहला विदेशी ऑर्डर मिला। विदेशों से भी मांग आने लगी और कारोबार ने रफ्तार पकड़ ली।

350 वर्ग गज से 4 एकड़ तक पहुंचा फार्म : शुरूआत में घर की 350 वर्ग गज जगह पर चलने वाली डेयरी आज करीब चार एकड़ में फैल चुकी है। फार्म में लगभग 270 देसी गाय हैं। रेणु के दोनों बेटे भी कारोबार में उनका साथ देते हैं। बड़ा बेटा फार्म के कामकाज में हाथ बंटाता है, जबकि छोटा बेटा विनय सांगवान पशु चिकित्सक है। इससे पशुओं की देखभाल और डेयरी प्रबंधन में भी मदद मिलती है।

150 रुपये लीटर दूध, 3500 रुपये किलो घी

रेणु के फार्म में तैयार दूध करीब 150 रुपये प्रति लीटर के भाव से बिकता है। वहीं, वैदिक पद्धति से बिलोना विधि द्वारा तैयार देसी घी की कीमत करीब 3500 रुपये प्रति किलो है। गुणवत्ता और पारंपरिक तरीके से तैयार होने के कारण उनके उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है। आज उनका सालाना कारोबार 3 करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है।

गोसेवा के लिए मिल चुका है सर्वोच्च सम्मान

रेणु सांगवान को गोसेवा और देसी नस्ल की गायों के संरक्षण में उल्लेखनीय योगदान के लिए सर्वोच्च गोसेवा सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है। सोनीपत के भटगांव स्थित धर्मार्थ गोशाला में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया था। इसके साथ 51 हजार रुपये की पुरस्कार राशि और स्मृति चिह्न भी दिया गया।

भाजपा का पलटवार, सोनिया गांधी देश की प्रगति देखें

नई दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के मोदी सरकार पर लोकतंत्र और संस्थाओं को कमजोर करने के आरोपों के बाद भाजपा ने तीखा पलटवार किया है। भाजपा ने सोनिया गांधी के इमरजेंसी को संवैधानिक प्रक्रिया के तहत उठाया गया कदम बताने वाले बयान पर भी सवाल उठाए। भाजपा नेता तरुण चुघ ने कहा कि सोनिया गांधी को इटैलियन चश्मा हटाकर पिछले 12 वर्षों में देश की प्रगति देखनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि भारत 7.8 प्रतिशत जीडीपी विकास दर के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है और वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक:-नियमन/2026/9084 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 05.11.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती मंजु पत्नी श्री राजीव कुमार निवासी 34 एफ ब्लॉक, श्रीगंगानगर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित **आवासीय** भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के संबंध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है:-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूमि का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 51 किला नं. 7 भूखण्ड संख्या ई-13 माप 28 इन्दू 50 फीट सिटी वॉलीवुड, श्रीगंगानगर	उक्त भूखण्ड का पट्टा संख्या 3677 दिनांक 15.07.2014 को श्री तरूण बंसल पुत्र श्री सत्यपाल बंसल के नाम से जारी किया हुआ है।	श्रीमती मंजु द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैनामा दिनांक 11.11.2024 के द्वारा क्रय कर पटटे एवं बैनामों के प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में **श्रीमती मंजु पत्नी श्री राजीव कुमार निवासी 34 एफ ब्लॉक, श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजी सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा लिखत हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिए कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति / उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन संख्या : - SGNR/FY26-27/MUT/852 प्रभारी अधिकारी नियमन शाखा, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगरपालिका रायसिंहनगर, जिला श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक: 4170 दिनांक 06-11-2026

दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ

सार्वजनिक सूचना

पालिका प्रशासन ने दीपावली पर्व के मद्देनजर नगर वासियों एवं पटाखों के अस्थायी लाइसेंसधारी दुकानदारों से अपील की जाती है कि वे प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थान पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय रायसिंहनगर के खेल मैदान में ही पटाखों की दुकानें लगाए। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पटाखों की दुकानें लगाने से आगजनी जैसी घटनाओं का खतरा बना रहता है। आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी दुकानदार निर्धारित स्थान एवं प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना करें। पालिका प्रशासन ने स्वच्छता अभियान में भी नागरिकों से सहयोग की अपील की हैं। नागरिक कचरा निर्धारित स्थानों पर ही डाले तथा डस्टबिन का उपयोग करें। सड़क, नाली, सार्वजनिक स्थल एवं खाली भूखण्डों में कचरा डालने से बचे। गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने की आदत अपनाएं। प्रशासन ने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से ही कस्बे को स्वच्छ, सुन्दर और सुरक्षित बनाया जा सकता हैं। यदि पालिका क्षेत्र में कहीं भी आग लगने की घटना होती हैं, तो तत्काल फायर बिग्रेड को सूचित करें। आग लगने की स्थिति में **फायर बिग्रेड के लैण्डलाईन नम्बर 01507-223814** पर संपर्क कर समय रहते सहायता प्राप्त करें।

रोशनी का पर्व दीपावली – दीपावली खुशियों, रोशनी एवं स्वच्छता का पर्व हैं। हमारा प्रयास होना चाहिए कि हम अपने घर के साथ-साथ अपने शहर को भी स्वच्छ एवं सुन्दर बनाएं।



आइए, हम सभी मिलकर संकल्प लें कि नगरपालिका रायसिंहनगर को स्वच्छ, सुन्दर, अतिक्रमण मुक्त बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएंगे।

आपका सहयोग-शहर का विकास।

(मयंक कांत) अध्यक्ष नगरपालिका रायसिंहनगर

(पवन कुमार) अधिशासी अधिकारी नगरपालिका रायसिंहनगर

हादसा; अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

सीमा सन्देश# सूरतगढ़।

राजियासर थाना क्षेत्र में देईदासपुरा व लधेर गांव के बीच अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद मोटरसाइकिल में आग लगने से स्वाहा हो गई। गंभीर रूप से घायल युवक को 108 एंबुलेंस की मदद से यहां राजकीय उप जिला चिकित्सालय के ट्रोमा सेंटर लाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार हनुमानगढ़ जिले के घनीयासर निवासी महावीर (33) पुत्र सुरजाराम सांसी मोटरसाइकिल पर रिडमलसर से अपने गांव घनीयासर जा रहा था। इसी दौरान देईदासपुरा व लधेर गांव के बीच अज्ञात वाहन के चालक ने कथित रूप से लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महावीर गंभीर रूप से घायल हो गया और मोटरसाइकिल में आग लग गई। हादसे की सूचना मिलने पर करडू निवासी चिमनाराम व सांवलसर निवासी साहबराम ने पहुंचकर 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल महावीर को ट्रोमा सेंटर पहुंचाया। इस संबंध में मृतक के परिजन संतलाल पुत्र सुरजाराम की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच सहायक उपनिरीक्षक जयपाल सिंह को सौंपी है।

प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग खण्ड हनुमानगढ़।

क्रमांकः राजकाज 25324216 दिनांकः साईन दिनांक

वास्तेः- सर्व साधारण को सूचनार्थ।

नोटिस समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को (नाम, वर्णन तथा निवास स्थान) चूंकि श्री राकेश कुमार राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के तहत श्री हनुमान धाम धर्मशाला चैरिटेबल ट्रस्ट, श्रीगंगानगर में प्रन्यास में नवीन कार्यकारिणी दर्ज करवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः अधिनियम द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपयुर्क्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां यदि कोई हो, प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्विर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 03.11.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर से अधीन जारी किया गया। प्रकरण की सुनवाई दिनांक 07.12.2026 निश्चित है। (गौरव सोनी) **सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, हनुमानगढ़**

आग की चपेट में आने से गायें झुलसी

सीमा सन्देश# सूरतगढ़। राजियासर थाना क्षेत्र के सांवलसर गांव में सरपंच चुनाव में जीत के जश्न के दौरान गोवंश के छपरे में आग लगाने का मामला सामने आया है। आग की चपेट में आने से छपरे में बंधी कई गायें झुलस गई। पुलिस ने परिवादी की रिपोर्ट पर दो युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस के अनुसार सांवलसर निवासी बलदेव जाट (31) ने रिपोर्ट दी कि 5 नवंबर की रात करीब साढ़े 9 बजे गांव में सरपंच चुनाव में अनिता पत्नी कुंदनलाल शर्मा की जीत का जश्न मनाया जा रहा था। इसी दौरान भवानीशंकर उर्फ धोनी झोरड़ व महेश कुमार झोरड़ कथित रूप से शराब के नशे में उसके घर में घुस आए। परिवादी का आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते दोनों ने बदला लेने की नीयत से गोवंश के छपरे में आग लगा दी और वहां से भागकर चुनावी जश्न में शामिल भीड़ के बीच चले गए। छपरे में आग लगते ही परिवादी ने ग्रामीणों से मदद आग बुझाई और छपरे में बंधी गायों को बाहर निकाला। हालांकि तब तक कई गायों के बाल व चमडी. आग की चपेट में आने से जल गए। सूचना मिलने पर राजियासर पुलिस ने भी पहुंच कर घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता तथा राजस्थान गोवंशीय पशु नियम 1995 की धारा 9 व 10 के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक जयपाल सिंह कर रहे हैं।

कीकरवाली; चौदस पर सजाई दीप माला

सीमा सन्देश# कीकर वाली। ग्राम पंचायत कीकरवाली, गंगू वाला, कुम्हार वाली सहित आस पास के गांवों में कार्तिक माह की चौदस को रुप दीपावली के अवसर पर दीप माला की गई। बच्चों ने इस अवसर पर पटाखे बजाकर खुशी मनाई। धन की देवी लक्ष्मी की पूजा करते हुए सुख-समृद्धि की मन्नत मांगी गई। रुप दीपावली के अवसर पर दिन भर साफ-सफाई के प्रति विशेष ध्यान दिया गया।

मोदी-योगी पर जनता का भरोसा, पंजाब और बंगाल में भाजपा मजबूत

राहुल गांधी 'टूलकिट', अखिलेश 'माफियाओं का शागिर्द' : नबीन

नई दिल्ली।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए विपक्षी नेताओं राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला। उन्होंने राहुल गांधी को देश में अराजकता फैलाने का 'टूलकिट' बताया, जबकि अखिलेश यादव को 'माफियाओं का शागिर्द' करार दिया। समाचार एजेंसी को दिए साक्षात्कार में नवीन ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा है। उन्होंने दावा किया कि योगी सरकार ने कानून-व्यवस्था में सुधार किया है और केंद्र की योजनाओं का



प्रभावी क्रियान्वयन किया है।

अखिलेश पर माफिया राजनीति का आरोप : अखिलेश यादव की आजम खां से मुलाकात पर नवीन ने आरोप लगाया कि सपा सरकार के दौरान उत्तर प्रदेश में वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया जैसी स्थिति थी। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है।

राहुल गांधी पर साधा निशाना : राहुल गांधी पर हमला करते हुए नवीन ने कहा कि वह देश को अस्थिर करने वाली ताकतों के हाथों इस्तेमाल हो रहे हैं। उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हुआ है।

पंजाब-बंगाल पर भी बोले : नितिन नवीन ने कहा कि पंजाब में भाजपा अपने दम पर चुनावी तैयारी कर रही है और जनता के लिए उम्मीद की किरण बन रही है। वहीं पश्चिम बंगाल में उन्होंने भाजपा के लिए बेहतर माहौल होने का दावा किया। उन्होंने तमिलनाडु में कांग्रेस पर टीवीके को नियंत्रित करने का आरोप भी लगाया।

कार्यालय नगरपालिका टिब्बी जिला हनुमानगढ़

Email-nagarpalikatibbi@gmail.com

क्रमांक : नपाटि/भूमि/2026/-2718 दिनांक : 06.11.2026

आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शहरी सेवा अभियान-2026 के तहत प्राप्त आवेदनों के नीचे अंकित भूमि में अपने अधिकार पट्टे के लिए पूर्ण स्वामित्व के पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगरपालिका टिब्बी के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये गए हैं।

क्र. स.	आवेदक का नाम	भूखण्ड साईज	आसा-पासा	प्रयोजन का प्रकार
1.	श्री भोला सिंह पुत्र श्री गांधा सिंह जाति जटसिख निवासी टिब्बी	273.2 वर्गमीटर	उत्तर- गुरमेल सिंह, दक्षिण-गली पूर्व - अर्शदीप सिंह, पश्चिम-काला सिंह	69-क
2.	श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री बुटा सिंह जाति जटसिख निवासी टिब्बी	23.42 वर्गमीटर	उत्तर-आम रास्ता, दक्षिण-पंचायत घर पूर्व-नरेन्द्र सिंह, पश्चिम- हंसराज चाहर	आवासीय
3.	श्री चंदन पुत्र श्री सतपाल जाति कुम्हार निवासी कुलचन्द्र	138.94 वर्गमीटर	उत्तर-महला सिंह, दक्षिण-मिकर स्वयं पूर्व - प्रकाश सिंह, पश्चिम- आम रास्ता	69-क
4.	श्री कुलदीप सिंह पुत्र श्री बलकरण सिंह जाति तरखान निवासी टिब्बी	182 वर्गमीटर	उत्तर- ओमप्रकाश, दक्षिण-कमलजीत सिंह पूर्व- खाली प्लॉट, पश्चिम- रोड	69-क
5.	श्री राजकुमार पुत्र श्री साधुराम जाति अग्रवाल निवासी टिब्बी	62.45 वर्गमीटर	उत्तर- कैलाश सिंह, दक्षिण- आम रास्ता पूर्व- आम रास्ता, पश्चिम- पुनित	69-क
6.	श्री संदीप शर्मा पुत्र श्री भीखाराम जाति ब्राहम्ण निवासी टिब्बी	95.10 वर्गमीटर	उत्तर- मानाराम, दक्षिण-राहुल कस्वां पूर्व- मोहन सिंह, पश्चिम-आम रास्ता	69-क
7.	श्री राजकुमार पुत्र श्री हरचन्दराम जाति यादव निवासी टिब्बी	209.57 वर्गमीटर	उत्तर- आम रास्ता, दक्षिण- राजकुमार स्वयं पूर्व- आम रास्ता, पश्चिम-ढोकल राम	69-क
8.	श्रीमती सुमित्रा पत्नी श्री गोविन्द कुमार जाति मेघवाल निवासी टिब्बी	22.30 वर्गमीटर	उत्तर- अन्य भूमि, दक्षिण- आम रास्ता पूर्व - अन्य भूमि, पश्चिम- अन्य भूमि	69-क
9.	श्री पवन कुमार पुत्र ज्ञानचन्द जाति अग्रवाल निवासी हनुमानगढ़ टाउन	172.86 वर्गमीटर	उत्तर- कृषि भूमि, दक्षिण-आम रास्ता पूर्व- कृषि भूमि, पश्चिम- पवन कुमार	69-क
10.	श्री जगवन्त सिंह पुत्र श्री कौर सिंह जाति जटसिख निवासी टिब्बी	403.34 वर्गमीटर	उत्तर- आम रास्ता, दक्षिण-कृषि भूमि पूर्व- बीरबल राम, पश्चिम- भूखण्ड सं. 02	69-क
11.	श्री गुरप्रीत सिंह पुत्र श्री बुटा सिंह जाति रामगढिया निवासी सादुलशहर	172.86 वर्गमीटर	उत्तर - साहिल सिंघल, दक्षिण- आम रास्ता पूर्व-भूखण्ड सं 17, पश्चिम-भूखण्ड सं. 19	69-क
12.	अजय सिंह पुत्र श्री सवाई सिंह जाति राजपूत निवासी टिब्बी	153 वर्गमीटर	उत्तर-उमेश एवं संदीप सिंह, दक्षिण- लालचन्द सोनी पूर्व -अजीत कुमार, पश्चिम-रोड व करणी सिंह	69-क
13.	राजकमलदीप पुत्र श्री दीपाराम जाति मेघवाल निवासी टिब्बी	181.22 वर्गमीटर	उत्तर- आम रास्ता, दक्षिण- सुखदेव सिंह पूर्व -प्रकाश कमलदीप, पश्चिम-बलवीर सिंह	69-क
14.	प्रकाशकमलदीप पुत्र श्री दीपाराम जाति मेघवाल निवासी टिब्बी	181.22 वर्गमीटर	उत्तर-आम रास्ता दक्षिण- सुखदेव सिंह पूर्व -राज कमलदीप, पश्चिम बलवीर सिंह	69-क

यदि किसी व्यक्ति को इस नोटिस के प्रकाशन के 12 दिन के भीतर-भीतर किसी को कोई आक्षेप है तो वे कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर से जारी की गई है। - **अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका टिब्बी**

स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2021-2023 फोन : 2466402/03, मो. 97833-85185, विज्ञापन विभाग : 2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

स्ट्रीट वेंडर्स और लोक कलाकारों के बुढ़ापे को सुरक्षित बना रही सीएम विश्वकर्मा पेंशन योजना

जयपुर

दीपावली का त्योहार हो या अन्य पर्व, बाजारों और सड़कों पर छोटी-छोटी दुकानें लगाकर आजीविका चलाने वाले स्ट्रीट वेंडर्स की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। दीपावली पर सड़क किनारे बैठकर अथवा ठेले लगाकर लक्ष्मी-गणेश जी के चित्र, पूजा सामग्री, गन्ने और फल बेचने वाले छोटे व्यापारी भी त्योहार की रौनक बढ़ाते हैं। ये लोग दिनभर मेहनत कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं, लेकिन उम्र बढ़ने के साथ आजीविका और आर्थिक सुरक्षा को लेकर इनके सामने कई चुनौतियां खड़ी हो जाती हैं। ऐसे ही श्रमिकों, स्ट्रीट वेंडर्स और लोक कलाकारों के भविष्य को सुरक्षित एवं सुखद बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना लागू की है। योजना के माध्यम से राज्य सरकार असंगठित क्षेत्र के इन मेहनतकश लोगों को वृद्धावस्था में आर्थिक संबल प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है।



मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निदेर्शानुसार कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजना पहुंचाई जा रही है और उन्हें इससे जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा हैं। राज्य में अब तक 25,345 पात्र व्यक्ति मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना से जुड़ चुके हैं। इनमें राजसमंद में 3,072, बालोतरा में 2,117, भरतपुर में 1,851, झुंझुनूं में 1,289 तथा सवाई माधोपुर में 1,090 पात्र व्यक्तियों ने पंजीकरण करवाया है।

पीएम श्रमयोगी मानधन योजना का भी हो रहा विस्तार

मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना से संबद्ध है। राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश में प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना के प्रति भी पात्र लोगों का रुझान बढ़ा है। इसके तहत वर्ष 2024-25 में 5,085, वर्ष 2025-26 में 6,248 तथा वर्ष 2026-27 में अब तक 3,191 पात्र व्यक्ति योजना से जुड़ चुके हैं। यह केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

3 हजार रुपये मासिक पेंशन

मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना स्वैच्छिक एवं अंशदायी पेंशन योजना है। इसके अंतर्गत पात्र अभिदाताओं को 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर प्रतिमाह 3,000 रुपये की सुनिश्चित न्यूनतम पेंशन प्रदान की जाती है। यह पेंशन मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन के अतिरिक्त है। योजना में शामिल होने वाले व्यक्ति को निर्धारित आयु तक नियमित अंशदान करना होता है। योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जीवनभर मेहनत कर परिवार और समाज के लिए योगदान देने वाले श्रमिकों को वृद्धावस्था में आर्थिक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

कौन उठा सकता है योजना का लाभ: योजना के लिए राजस्थान का मूल निवासी होना आवश्यक है। इसके साथ ही मासिक आय 15 हजार रुपये तक होनी चाहिए। ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिक, स्ट्रीट वेंडर्स तथा लोक कलाकार योजना के पात्र हैं। योजना में प्रवेश के समय आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। पात्रता और निर्धारित आयु के अनुसार लाभार्थियों को संबंधित पेंशन व्यवस्था से जोड़ा जाता है।

परिवार को भी मिलेगा आर्थिक संबल: योजना में पारिवारिक सुरक्षा का भी प्रावधान किया गया है। पेंशन प्राप्त करने के दौरान यदि किसी पेंशनर की मृत्यु हो जाती है, तो उसका पंजीकृत जीवनसाथी निर्धारित नियमों के अनुसार पेंशनर को देय पेंशन का 50 प्रतिशत पारिवारिक पेंशन प्राप्त करने का हकदार होगा। वहीं, 60 वर्ष की आयु से पहले किसी अभिदाता के स्थायी रूप से निःशक्त होने और अंशदान जारी रखने में असमर्थ होने की स्थिति में पति अथवा पत्नी नियमित अंशदान कर योजना जारी रख सकते हैं अथवा नियमानुसार ब्याज सहित अंशदान का हिस्सा प्राप्त कर योजना से बाहर निकल सकते हैं।

तीन वर्ष बाद योजना से बाहर निकलने का भी विकल्प: योजना में सरल एक्जिट प्लान की सुविधा भी दी गई है। इसके तहत तीन वर्ष की लॉक-इन अवधि पूरी होने के बाद तथा दस वर्ष से कम की अवधि के भीतर योजना छोड़ने पर अभिदाता के अंशदान का हिस्सा बैंक बचत खाते पर मिलने वाली ब्याज दर के अनुसार ब्याज सहित लौटाने का प्रावधान है।

-नंदिनी भार्गव, ईन्टर्न / मोहन लाल, एपीआरओ, डीआइपीआर







दीपावली के पावन पर्व की क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



नारायण गहलोत
अध्यक्ष
ईंट भट्टा संघ खाजूवाला



प्रभुदयाल डूडी
संरक्षक
ईंट भट्टा संघ जिला बीकानेर



मेघराज सियाग
संरक्षक
ईंट भट्टा संघ खाजूवाला

खाजूवाला ईंट भट्टा संघ, खाजूवाला (बीकानेर)



रमेश कुमार बाना
वीर तेजाजी ईंट उद्योग, 14 बीडी
9983773017



लाखे खां भाटी
भाटी ईंट उद्योग, 19 केजेडी
9929083928



मोखराम दिलोईया
दिलोईया ईंट उद्योग, सियासर चौगान
8824079177



कालूराम कुंट
बालाजी ब्रिक्स कम्पनी
7339827565



रायसाहब डेलू
बालाजी ब्रिक्स कम्पनी 20 केवाईडी
9983773288



बसीर खां
खान ईंट उद्योग, 5 केवाईडी
9829953730



करणराम पूनियां
9414955501



नारायण चौधरी
डीसी ईंट सप्लाई 2 केजेडी
9799812755

विकास मंडा
मंडा ईंट उद्योग
9413697111



राजकुमार सियाग
सियाग ईंट उद्योग 11 केजेडी
9414582315



गणपतराम जांगू
श्री बाजाली ईंट उद्योग

रविन्द्र डेलू,
श्रीगणेश ईंट उद्योग 3 केजेडी
9828243341



कृष्ण पूनिया
जमीदारा ईंट उद्योग 22 केवाईडी,
9414549131

श्योपत पूनियां
8239111133



नारायण गेट
मै. गोदारा गेट ब्रिक्स इंडस्ट्रीज
99294-08367



सुरेन्द्र सिंवर
सिंवर ब्रिक्स उद्योग
9982511338



ओमप्रकाश शर्मा



ब्रिजेश खीचड़
श्रीबालाजी ब्रिक्स 20 बीडी



सहीराम मेघवाल
शिवा ईंट उद्योग 10 बीडी
8890008099



जगदीश बाना
बाना ब्रिक्स इंडस्ट्रीज दंतौर
9887690796



यूनस खां
भाटी ईंट उद्योग, 1 केवाईडी



प्रिंस चुग
चुग ब्रॉदर्स 7 केएलडी खाजूवाला
9783120772



चैनाराम गोदारा
9460720350



सोहन सियाग
श्रीकृष्ण ईंट उद्योग संजरवाला
9413013326



हनुमान पूनियां
पूनियां ब्रिक्स गुल्लूवाली
9485077777



मदन राव
जाट ब्रिक्स इंडस्ट्रीज
9783972808



लालचन्द मेघवाल
श्रीश्याम ब्रिक्स कम्पनी
9694920053



लोकेश सहारण
सहारण ईंट उद्योग, 61 हैड



अमर गजरा
कृष्णा इंडस्ट्रीज
9351333347



राकेश गोदारा
गणपति ब्रिक्स उद्योग
9587741670



धर्मवीर जांगू
28 बीडी
8949040459



हंसराज मंडा
मंडा ईंट उद्योग 1 पावली
9414591111



मदन सिहाग
एएमएस ब्रिक्स इंडस्ट्रीज



नरेन्द्र न्योल
कीर्ति ईंट उद्योग 11 केएलडी
6375595919



अचलाराम जाखड़
शिव ब्रिक्स इंडस्ट्रीज 5 केजेडी
9672178865



लखविन्द्र सिंह
गणपति ईंट उद्योग 16 बीडी (खाजूवाला)
9610442152



रामप्रताप जलंधरा
सनराइज ब्रिक्स इंडस्ट्रीज
9460394195

महावीर कुलड़िया
चौधरी ब्रिक्स इंडस्ट्रीज 6 बीडी

मदन सियाग

देवीलाल लिम्बा
9509138263

महेन्द्र थापन
9413329111

राजेश पूनियां
बालाजी ब्रिक्स कम्पनी
8107903130

महेन्द्र कुमार खालिया
बालाजी ब्रिक्स कम्पनी
7339706571

मानसिंह टामक
बालाजी ब्रिक्स कम्पनी
9868373040

अनिल सहारण
सहारण ईंट उद्योग
9602370110

न्यूज इन ब्रीफ

शादी के 10 दिन बाद ही दहेज के लिए प्रताड़ना का आरोप

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। रावतसर निवासी विवाहिता दिव्या (31) ने पति, सास और ससुर पर 20 लाख रुपए नकद व कार की मांग को लेकर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार शादी के 10 दिन बाद ही ससुराल पक्ष ने कम दहेज के ताने देने शुरू कर दिए थे। आरोप है कि उसके साथ मारपीट की गई, भूखा रखा गया और बीमारी में इलाज भी नहीं करवाया गया। पति उसे बीमार हालत में पीहर छोड़ गया था। बाद में भी दहेज को लेकर प्रताड़ना जारी रही। पीड़िता की शिकायत पर रावतसर पुलिस ने पति शुभम सिंह, सास शायर कंवर और ससुर नरेश सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

ब्लड बैंकों में आधुनिक जांच का अभाव और बढ़ता खतरा

सीमा सन्देश# हनुमानगढ़। अधिकांश सरकारी और निजी ब्लड बैंकों में रक्त जांच के लिए सबसे उन्नत ह्यनैट्ह्न (न्यूक्लिक एसिड टेस्ट) तकनीक उपलब्ध नहीं है। वर्तमान में ज्यादातर जगहों पर चौथी पीढ़ी की एलाइजा पद्धति का उपयोग हो रहा है, जिसका विंडो पीरियड 18 से 45 दिन तक होता है। इस शुरूआती अवधि में वायरस के पकड़ में न आने का खतरा रहता है, जिससे रक्त चढ़ाने के दौरान संक्रमण फैलने की आशंका बनी रहती है। रक्त की सीमित उपयोग अवधि के कारण लंबे समय तक सुरक्षित रखकर जांच का इंतजार करना भी व्यावहारिक नहीं है। दूसरी ओर, इंजेक्शन व सिरिंज साझा कर हेरोइन, चिट्टा जैसे मेडिकेटेड नशे लेने की प्रवृत्ति से एचआईवी संक्रमण तेजी से पैर पसार रहा है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण हनुमानगढ़ जिला है, जहां 2020-21 में पंजीकृत 89 एचआईवी संक्रमितों की संख्या 2024-25 में बढ़कर 259 तक पहुंच गई। विशेषज्ञों का मानना है कि एचआईवी के खतरे को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए नशाखोरी के खिलाफ सख्त कदम उठाने के साथ-साथ प्रदेश के सभी ब्लड बैंकों में नैट जैसी आधुनिक जांच प्रणालियों का विस्तार करना बेहद जरूरी है, ताकि सुरक्षित रक्त की शत-प्रतिशत गारंटी सुनिश्चित की जा सके।

फर्जी स्टाम्प और हस्ताक्षर से 433 क्विंटल गेहूं बेचकर सरकारी भुगतान लेने का आरोप, तलवाड़ा झील थाने में मुकद्दमा दर्ज

फर्जीवाड़ा : किसान की 249 क्विंटल गेहूं की फसल का भुगतान दूसरे व्यक्ति ने उठाया!

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। सरकारी समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद में कथित फर्जीवाड़ा कर सरकारी भुगतान प्राप्त करने का मामला सामने आया है। एक किसान की ओर से अपनी फसल बेचने के बावजूद भुगतान नहीं मिलने पर की गई पड़ताल में दूसरे व्यक्ति की ओर से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 433 क्विंटल गेहूं का बेचान दिखाकर भुगतान प्राप्त करने का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में तलवाड़ा पुलिस थाना में नामजद व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचना एवं फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, विनोद कुमार (41) पुत्र मदनसिंह जाट निवासी प्लॉट नंबर 32, इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी, वैशाली नगर, जयपुर हाल चाहुवाली पीएस तलवाड़ा झील ने थाने में उपस्थित होकर लिखित रिपोर्ट पेश की। परिवादी ने बताया कि चाहुवाली में उसकी 45 बीघा नहरी कृषि भूमि है, जिसका रकबा 9 एजी है। इस जमीन पर उसने गेहूं की फसल की सरकारी खरीद के लिए 6 अप्रैल को पंजीयन करवाया था। इसके बाद 16 मई को खरीद केन्द्र चाहुवाली-रामपुरा केहरवाला पर उसने अपनी 249.12 क्विंटल गेहूं की उपज सरकारी समर्थन मूल्य एवं बोनस पर बेची थी। गेहूं बेचने के बाद उसे भुगतान प्राप्त नहीं हुआ। विनोद कुमार के अनुसार, भुगतान नहीं मिलने पर उसने जनसंपर्क पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज करवाई।



जिला रसद अधिकारी को शिकायत

इसके बाद जिला रसद अधिकारी से संपर्क करने पर उसे जानकारी मिली कि कमलेश पुत्र गिरधारीलाल निवासी भोमपुरा ने अपनी अनिल ट्रेडिंग कंपनी के माध्यम से 433 क्विंटल गेहूं का बेचान दर्शाकर भुगतान प्राप्त कर लिया है। परिवादी ने बताया कि जब उसने संबंधित दस्तावेज देखे तो पता चला कि कमलेश ने फर्जी स्टाम्प और फर्जी हस्ताक्षर कर भुगतान प्राप्त किया है। इस संबंध में उसने जिला रसद अधिकारी को भी अवगत करवाया। परिवादी के अनुसार, जिला रसद अधिकारी ने कमलेश के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने की सलाह दी। इसके बाद उसने पुलिस थाने पहुंचकर नामजद व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने परिवादी की लिखित रिपोर्ट के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मामले का अनुसंधान थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राजपाल सिंह को सौंपा गया है। मामले में आरोपों की जांच की जा रही है।

हनुमानगढ़ : सात दिवस में औद्योगिक इकाइयों का होगा भौतिक सत्यापन

कालाबाजारी एवं अवैध भण्डारण पर कृषि विभाग सख्त

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जिले में अनुदानित कृषि ग्रेड उर्वरक यूरिया एवं डीएपी के गैर-कृषि कार्यों में उपयोग, डायवर्जन, कालाबाजारी और अवैध भंडारण पर रोक लगाने के लिए कृषि विभाग विशेष निगरानी एवं जांच अभियान चलाएगा। संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) यशवंती ने बताया कि कृषि आयुक्तालय, राजस्थान, जयपुर के निदेर्शानुसार यह अभियान संचालित किया जाएगा। इसके तहत निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर उर्वरक बेचने वालों पर भी कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार किसानों को यूरिया एवं डीएपी पर भारी अनुदान उपलब्ध करवाती है, ताकि उन्हें उचित दरों पर खाद मिल सके। इसके बावजूद कुछ औद्योगिक इकाइयों एवं गैर-कृषि प्रतिष्ठानों में अनुदानित उर्वरकों के उपयोग की आशंका है। इसे रोकने के लिए विभाग सख्ती बरतेगा। यशवंती ने बताया कि आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 एवं 7 तथा उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत उर्वरकों का अनधिकृत उपयोग एवं अवैध व्यापार दंडनीय है।



निरीक्षण के दौरान इन बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा

1. औद्योगिक इकाइयों में यूरिया एवं डीएपी का वास्तविक उपयोग किस प्रयोजन एवं उत्पादन प्रक्रिया में किया जा रहा है।
2. इकाई में उपलब्ध उर्वरक के भौतिक स्टॉक का सत्यापन तथा स्टॉक रजिस्टर, खरीद बिल एवं अन्य अभिलेखों की जांच।
3. यूरिया एवं डीएपी की खरीद अधिकृत स्त्रोतों से की जा रही है अथवा अनधिकृत माध्यमों से।
4. इकाई में प्रयुक्त उर्वरक की मात्रा एवं उत्पादन क्षमता के मध्य अनुपात का परीक्षण।
5. अनुदानित कृषि ग्रेड उर्वरक का गैर-कृषि कार्यों में उपयोग अथवा डायवर्जन तो नहीं किया जा रहा है।
6. कालाबाजारी, अवैध भण्डारण, जमाखोरी तथा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बिक्री की जांच।

उन्होंने बताया कि जिन औद्योगिक एवं गैर-कृषि इकाइयों द्वारा अनुदानित यूरिया अथवा डीएपी का उपयोग किया जा रहा है, उनसे प्रतिमाह उर्वरक की खरीद, आपूर्तिकर्ता, मात्रा एवं उपयोग संबंधी विस्तृत जानकारी भी संकलित की जाएगी। संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) यशवंती ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उक्त कार्यवाही तत्काल प्रारम्भ कर अधिकतम 7 दिवस में प्रत्येक संबंधित इकाई का भौतिक सत्यापन पूर्ण करते हुए विस्तृत तथ्यात्मक रिपोर्ट कार्यालय को प्रस्तुत करें।

ऑनलाइन ठगी का शिकार हुआ युवक, खाते से 2.47 लाख पार

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। अब रावतसर थाना क्षेत्र के चक 22 एजी निवासी एक युवक से 2 लाख 47 हजार 677 रुपए की ऑनलाइन ठगी होने का मामला सामने आया है। ठगी का शिकार हुए युवक की शिकायत पर रावतसर थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार वार्ड नंबर 6, चक 22 एजी निवासी कालूराम (29) पुत्र बंशीलाल नाई ने शिकायत दी कि वह ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी का शिकार हुआ है। किसी अज्ञात व्यक्ति ने अपनी गलत पहचान बताकर उसे विश्वास में लिया और छलपूर्वक 2 लाख 47 हजार 677 रुपए की राशि प्राप्त कर ली। शिकायत में फर्जी दस्तावेज अथवा इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड का इस्तेमाल कर उन्हें वास्तविक बताने का भी आरोप लगाया गया है। परिवादी ने मामले में कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया। प्रकरण की जांच उपनिरीक्षक मुकेश कुमार को सौंपी गई है।

ईवीएम कमिशनिंग के लिए प्रशिक्षण



सीमा सन्देश# संगरिया। पंचायत समिति एवं जिला परिषद सदस्य चुनाव के चौथे चरण की तैयारियों के तहत शुक्रवार को उपखंड अधिकारी कार्यालय सभागार में ईवीएम मशीनों को तैयार करने के लिए नियोजित कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में ईवीएम के बैलेट यूनिट व कंट्रोल यूनिट तैयार करने, सीलिंग, मोक पोल, सीआरसी और मशीन में आने वाली तकनीकी त्रुटियों को दूर करने की प्रक्रिया सिखाई गई। रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी जय कौशिक ने कमिशनिंग कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि ईवीएम तैयारी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि ईवीएम कमिशनिंग 10 नवंबर को जिला मुख्यालय स्थित राजकीय पालीटेक्निक कॉलेज में होगी, जिसमें पंचायत समिति एवं जिला परिषद सदस्य पद के अभ्यर्थी उपस्थित रह सकते हैं। प्रशिक्षण में तहसीलदार मोनिका बंसल, राम सिंह मीणा, मास्टर ट्रेनर्स राजेन्द्र मारवाल, जयपाल सिंह, सुरेंद्र मूंड एवं विनेश जैन सहित ईवीएम कमिशनिंग टीम के कार्मिक उपस्थित रहे।

दीपावली पर सुरक्षा के लिए पुलिस का कड़ा पहरा

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। दीपावली पर्व पर बाजारों में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए हनुमानगढ़ पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जंक्शन क्षेत्र के 14 प्रमुख स्थानों पर पुलिस जवानों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है। सुबह 11.30 बजे से रात 11 बजे तक विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू रहेगी। भगतसिंह चौक से सब्जी मंडी तक पैदल गश्त की जा रही है। वहीं बस अड्डा, राजीव चौक, पटाखा मार्केट, रोडवेज डिपो, ट्रक यूनियन और लाल चौक पर पुलिसकर्मी तैनात हैं। खुंजा क्षेत्र में बाइक गश्त, चूना फाटक पर फिक्स पिकेट तथा अन्य संवेदनशील स्थानों पर मोबाइल गश्त की व्यवस्था की गई है। पुलिस बाजारों में भीड़, यातायात और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रही है। पुलिस ने आमजन से यातायात नियमों का पालन करने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल देने की अपील की है।

निकली धन्यवाद रैलियां, फेफाना में 90 तो पदमपुरा में सर्वाधिक 95.87 % मतदान

पंचायत चुनाव में शांतिपूर्ण मतदान के बाद गांवों में जीत का जश्न

सीमा सन्देश # बरवाली। पंचायत राज चुनाव 2026 के तहत क्षेत्र में पंच एवं सरपंच पदों के लिए गुरुवार को मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। मतदान को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। नोहर तहसील के सबसे बड़े गांव फेफाना में 90 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं बरवाली में 86.68 प्रतिशत, 22 एनटीआर में 95 प्रतिशत, परलीका में 92.07 प्रतिशत, नेठराणा में 90.25 प्रतिशत, गोगामेड़ी में 85.64 प्रतिशत, रामगढ़ में 88.48 प्रतिशत, डुंगराना में 90.21 प्रतिशत तथा पदमपुरा में सर्वाधिक 95.87 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। शुक्रवार को चुनाव में जीत के बाद गोगामेड़ी में मांगू सिंह राठौड़ तथा बरवाली में नंदलाल चाहर की ओर से धन्यवाद रैलियां निकाली गईं। चुनाव के दौरान गोगामेड़ी थाना प्रभारी जयप्रकाश ने विभिन्न मतदान केन्द्रों पर गश्त कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



दूल्हे ने फेरों से पहले किया मतदान

चुनाव के दौरान रामगढ़ गांव में लोकतंत्र के प्रति जागरूकता की अनूठी तस्वीर देखने को मिली। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय स्थित मतदान केन्द्र पर एक दूल्हा शादी के फेरे लेने से पहले मतदान करने पहुंचा। दूल्हे ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने का संदेश दिया। वहीं फेफाना गांव में सरपंच पद के लिए सबसे अधिक आठ उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे।

ये बने सरपंच

चुनाव परिणामों में नेठराणा में प्रियंका सहारण ने 1807 मतों से जीत दर्ज की। गोगामेड़ी में मांगू सिंह राठौड़ 1291 मतों से तथा बरवाली में नंदलाल चाहर 916 मतों से विजयी रहे। इसके अलावा रामगढ़ में पूर्व सैनिक बलविंदर भांभू, परलीका में कृष्ण कुमार बेनीवाल, 22 एनटीआर में मनभरी सैनी, फेफाना में मानसिंह बिजानिया, जसाना में लोकेश सहारण, डुंगराना में ओम खालिया, ढोलकी में संतोष बुडानिया, खचवाना में भूपसिंह, भरवाना में रुकसाना/सद्दाम, पदमपुरा में बलवीर सहारण तथा करणपुरा में पप्पू गोदारा ने सरपंच पद पर जीत हासिल की।

मक्कासर के विकास व नशामुक्ति पर रहेगा जोर

हनुमानगढ़। मक्कासर की नवनिर्वाचित सरपंच राजनदीप कौर का जंक्शन में विधायक गणेश राज बंसल के निवास पर अभिनंदन किया गया। उन्होंने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 931 मतों से हराकर जीत दर्ज की। विधायक ने उन्हें बधाई देते हुए गांव के विकास में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। सरपंच प्रतिनिधि सुखचैन सिंह ने मतदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि गांव के अधूरे विकास कार्य पूरे करवाना प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने बताया कि गांव में पानी निकासी की समस्या के समाधान के साथ युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे।

दो माह तक सामान लौटाने का आश्वासन देते रहे आरोपी

नकदी-चांदी के जेवरात और कपड़े चोरी

तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जंक्शन थाना क्षेत्र के सुरेशिया स्थित वार्ड नंबर 57 में चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए नकदी, चांदी के जेवरात, मोबाइल फोन और कपड़ों सहित हजारों रुपए का सामान चोरी कर लिया। वारदात के समय मकान मालकिन पड़ोस में आयोजित जागरण में गई हुई थी। जंक्शन थाना पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर तीन लोगों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार वार्ड नंबर 57, सुरेशिया निवासी सुनीता (45) पत्नी राधेश्याम माली ने रिपोर्ट दी कि वह 18 सितंबर की रात करीब 9 से 10 बजे पड़ोस में आयोजित जागरण में गई थी। घर पर उसका पति सो रहा था। रात करीब 12 बजे जब वह वापस लौटी तो मकान के गेट के ताले खुले हुए थे तथा कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। पेटी और संदूक के ताले भी टूटे हुए मिले। जांच करने पर घर से एक मोबाइल फोन, चांदी की दो जोड़ी पायजेब, दो बिछुए, छह और तीन तोले की चांदी की दो चेन, चांदी की अंगूठी, तीन चांदी के सिक्के, चांदी का एक मंगलसूत्र, चांदी की दो छोटी बालियां, तीन चांदी के छल्ले, 8 हजार रुपए नकद और 10-12 नए सूट चोरी होना सामने आया। पीड़िता ने रिपोर्ट में आरोप लगाया कि अपने स्तर पर पता करने पर पड़ोस में रहने वाले अरुण उर्फ अन्नू पुत्र मांगी, मांगी का दामाद मंगत निवासी पदमपुर तथा उनके रिश्तेदार संदीप की चोरी में संलिप्तता सामने आई। पीड़िता के अनुसार आरोपियों के परिजनों ने भी चोरी की बात स्वीकार करते हुए पुलिस कार्रवाई नहीं करने और 15-20 दिन में चोरी का पूरा सामान लौटाने का आश्वासन दिया था। हालांकि करीब दो माह बीतने के बावजूद सामान वापस नहीं मिला। इसके बाद पीड़िता ने जंक्शन थाने में रिपोर्ट पेश कर आरोपियों को गिरफ्तार करने और चोरी गया सामान बरामद करवाने की मांग की।

रंगों से सजी कल्पनाओं की दुनिया

रंगोली में दिखाई कलात्मक प्रतिभा, रंग बहार टीम ने मारी बाजी



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय में रंगों और रचनात्मकता का अनूठा संगम देखने को मिला। विश्वविद्यालय के आर्टकला क्लब (वाणिज्य, कला एवं प्रबंधन) की ओर से प्रशासनिक भवन (रेड बिल्डिंग) में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने आकर्षक रंगोलियां सजाकर अपनी कलात्मक प्रतिभा, कल्पनाशीलता और रचनात्मक सोच का प्रदर्शन किया।

भारतीय संस्कृति में रंगोली विशेष

इस मौके पर श्री गुरु गोबिंद सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष बाबूलाल जुनेजा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में रंगोली का विशेष महत्व है। यह हमारी परंपराओं, संस्कारों और रचनात्मक अभिव्यक्ति का प्रतीक है। शिक्षा के साथ विद्यार्थियों की कलात्मक एवं सांस्कृतिक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना भी जरूरी है। ऐसे आयोजन आत्मविश्वास, टीम भावना और नई सोच विकसित करने में सहायक होते हैं। विश्वविद्यालय के एमडी दिनेश कुमार जुनेजा ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व का विकास करना भी है। इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने और रचनात्मक क्षमता पहचानने का अवसर देती हैं। प्रतियोगिता में डॉ. प्रवीण शर्मा एवं डॉ. आकाश भारद्वाज ने निर्णायक की भूमिका निभाई। परिणामों में रंग बहार टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

आज ध्वजा यात्रा, कल अन्नकूट महाप्रसाद

श्रीगंगानगर। सिद्ध धाम श्रीखाटू श्याम धाम मंदिर, सुदामा नगर में कार्तिक कृष्ण पक्ष अमावस्या पर श्याम प्रेमियों की ध्वजा यात्रा निकाली जाएगी। मीडिया प्रभारी पंकज शर्मा ने बताया कि पितरों को समर्पित एक ध्वजा लेकर श्रद्धालु रविवार सुबह 8 बजे मीरा चौक से यात्रा प्रारंभ करेंगे, जो मंदिर प्रांगण पहुंचेगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालु ऊं श्री श्याम देवाय नमः का जाप और भजन करेंगे। मुख्य सेवादार संदीप शेरेवाला ने बताया कि यह ध्वजा यात्रा प्रत्येक अमावस्या को आयोजित की जाएगी तथा श्रद्धालुओं को निःशुल्क ध्वजा उपलब्ध कराई जाएगी। दीपावली के दूसरे दिन 9 नवंबर सोमवार को दोपहर 12 बजे मंदिर परिसर में अन्नकूट महाप्रसाद का भोग लगाया जाएगा, जिसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया जाएगा। उन्होंने भक्तों से निर्धारित समय पर पहुंचने की अपील की।

जिलाध्यक्ष प्रमोद डेलू ने जिला कार्यकारिणी व मंडल अध्यक्षों को किया उपहारों का वितरण

हनुमानगढ़ : मुख्यमंत्री के दीपावली संदेश के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं को भेजे गए मिट्टी के दीपक और मिठाई

स्वदेशी दीपावली मनाने का किया आह्वान

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दीपावली के पावन पर्व पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को शुभकामना संदेश भेजकर दीपोत्सव की बधाई दी। मुख्यमंत्री की ओर से जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों के लिए दीपावली उपहार स्वरूप मिट्टी से निर्मित दीपक और मिठाई भी भिजवाई गई। शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष प्रमोद डेलू ने मुख्यमंत्री का शुभकामना संदेश एवं दीपावली उपहार जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों तथा मंडल अध्यक्षों को वितरित किए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रमोद डेलू ने कहा कि दीपावली भारतीय संस्कृति, परंपरा और आपसी भाईचारे का प्रतीक पर्व है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं तक दीपावली की शुभकामनाएं और स्वदेशी उत्पादों से जुड़े उपहार पहुंचाकर भारतीय परंपराओं एवं स्थानीय कारीगरों को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया है। मिट्टी के दीपक हमारी संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा हैं। इनका उपयोग करने से स्थानीय कुम्हारों एवं हस्तशिल्प से जुड़े लोगों को भी आर्थिक संबल मिलता है।



स्वदेशी तरीके से मनाएं दीपावली : प्रमोद डेलू

डेलू ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे दीपावली का त्योहार स्वदेशी तरीके से मनाएं और अपने घरों को मिट्टी के दीपकों से रोशन करें। साथ ही अपने आसपास रहने वाले जरूरतमंद परिवारों की सहायता कर उनकी दीपावली को भी खुशियों से भरने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि त्योहारों की वास्तविक खुशी तभी सार्थक होती है, जब समाज का प्रत्येक वर्ग इसमें सहभागी बने और जरूरतमंदों के चेहरों पर भी मुस्कान आए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने, पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखने तथा आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के साथ दीपोत्सव मनाने का आह्वान किया, ताकि मुख्यमंत्री का यह संदेश आमजन तक पहुंचे। इस मौके पर पंचायत चुनाव जिला संयोजक आशीष पारीक, जिला उपाध्यक्ष ओम सोनी, जिला मंत्री मुरलीधर सोनी, जिला प्रवक्ता जुगल किशोर गौड़, विक्रम प्रधान, लीलाधर सोनी सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई, नोहर, टिब्बी व कैंचियां क्षेत्र में की जांच

खाद्य पदार्थों के लिए 14 सैंपल, 80 किलो दूषित खाद्य सामग्री मौके पर करवाई नष्ट





सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। दीपावली के त्योहार के मद्देनजर आमजन को शुद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिलेभर में विशेष निरीक्षण एवं सैंपलिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा के निर्देशन में तीन निरीक्षण दलों ने नोहर, टिब्बी एवं कैंचियां क्षेत्र में खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच कर खाद्य पदार्थों के 14 सैंपल संग्रहित किए। इस दौरान करीब 80 किलो खराब एवं दूषित खाद्य सामग्री मौके पर ही नष्ट करवाई गई। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि पहले निरीक्षण दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुदेश कुमार गर्ग एवं अनुपम चोयल ने शनिवार को टिब्बी क्षेत्र में कार्रवाई की।

खाद्य कारोबारियों एवं आमजन से अपील

तलवाड़ा झील स्थित मैसर्स श्री कन्हैया डेयरी फार्म से काजू कतली, टिब्बी के मैसर्स सोहनलाल माहेश्वरी किरयाना स्टोर से लाल मिर्च पाउडर तथा मैसर्स कैलाशचंद पुनीत कुमार से सरसों के तेल का सैंपल लिया गया। दल में गार्ड ओमप्रकाश, हीरावल्लभ शर्मा एवं मोहनलाल वर्मा भी शामिल रहे। दूसरे निरीक्षण दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रफीक मोहम्मद एवं अर्चना यादव तथा वाहन चालक गुरुशरण सिंह ने नोहर में कार्रवाई की। मैसर्स जिंदल एजेंसी से खीर ब्रांड घी एवं मूंगफली के तेल, मैसर्स सुरजाराम हरीराम स्वीट्स से वीटा ब्रांड दही एवं मावा मिठाई तथा मैसर्स राठौड़ मावा भंडार से दही का सैंपल संग्रहित किया गया। इसके अलावा 3 नवम्बर को मैसर्स रामदेव स्वीट्स से काजू कतली का सैंपल लेने के साथ करीब 60 किलो दूषित एवं खराब नमकीन, मसाले और कोल्ड ड्रिंक मौके पर नष्ट करवाए गए थे। नोहर की मैसर्स अपनी डेयरी से दही तथा मैसर्स अंजनी एंटरप्राइजेज से मक्खन और घी के सैंपल भी लिए गए। तीसरे निरीक्षण दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय जलंधरा एवं दीपक कुमार ने कैंचियां क्षेत्र में मैसर्स देव ज्यूस बार एवं रेस्टोरेंट से रसगुल्ला तथा मैसर्स श्री जी मिष्ठान भंडार से समोसे का सैंपल लिया। वहीं खोथांवाली स्थित मैसर्स ढूंढाडा मिष्ठान भंडार से बेसन बर्फी का सैंपल संग्रहित किया गया। इसी प्रतिष्ठान से खराब एवं दूषित 20 किलो गुलाब जामुन मौके पर ही नष्ट करवाए गए।

सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने खाद्य कारोबारियों से केवल मानक गुणवत्ता वाली खाद्य सामग्री का विक्रय करने तथा खरीद-बिक्री के बिल, बैच नंबर, निर्माण तिथि एवं उपयोग की अंतिम तिथि सहित आवश्यक रिकॉर्ड संधारित रखने की अपील की। उन्होंने आमजन से भी खाद्य सामग्री खरीदते समय पैकिंग, गुणवत्ता, निर्माण तिथि एवं उपयोग की अंतिम तिथि जांचने का आग्रह किया। मिलावट या किसी भी प्रकार की अनियमितता की आशंका होने पर विभाग के कंट्रोल रूम नंबर 01552-261190 पर सूचना देने की अपील की।

छोटी दीपावली पर बाजारों में उमड़े लोग, जमकर हुई खरीदारी

मिठाइयों, सजावटी सामान और पटाखों की दुकानों पर रही भारी भीड़, अस्थायी पटाखा बाजार में लगी रही ग्राहकों की कतारें



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। दीपोत्सव का उल्लास शनिवार को छोटी दीपावली और रूप चतुर्दशी के अवसर पर पूरे शहर में देखने को मिला। दीपावली के मुख्य पर्व से एक दिन पहले बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। शहर के प्रमुख बाजारों से लेकर अस्थायी पटाखा बाजार तक दिनभर चहल-पहल बनी रही। लोगों ने दीपावली की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए मिट्टी के दीये, मोमबत्तियां, सजावटी लाइटें, रंगोली का सामान, मिठाइयां, पूजन सामग्री और पटाखों की जमकर खरीदारी की। रविवार को दीपावली का पर्व मनाया जाएगा, जिसे लेकर शहर में खासा उत्साह नजर आ रहा है। शनिवार को रूप चतुर्दशी और छोटी दीपावली के चलते सुबह से ही घरों में त्योहार की रौनक रही। महिलाओं ने घरों की साफ-सफाई और सजावट के साथ दीपोत्सव की तैयारियां कीं। वहीं, रूप चतुर्दशी पर परंपरानुसार स्नान और पूजा-अर्चना की गई। शाम होते ही घरों के बाहर और प्रतिष्ठानों पर दीपक जलाकर छोटी दीपावली मनाई गई। दीपावली की पूर्व संध्या पर शहर के मुख्य बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। कपड़ों, मिठाइयों, गिफ्ट आइटम, सजावटी सामान, पूजा सामग्री और इलेक्ट्रॉनिक लाइटिंग की दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बनी रही। दुकानदारों को भी अच्छी बिक्री की उम्मीद के बीच दिनभर ग्राहकों को संभालने में व्यस्त देखा गया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में त्योहार को लेकर उत्साह दिखाई दिया। लोग परिवार के साथ बाजार पहुंचे और जरूरत के अनुसार सामान की खरीदारी की।

पटाखा बाजार में भी रही रौनक

जंक्शन और टाउन शहर में लगाए गए अस्थायी पटाखा बाजार में भी दिनभर ग्राहकों की भीड़ रही। बच्चों और युवाओं में पटाखों को लेकर विशेष उत्साह नजर आया। लोग अपनी पसंद के अनुसार विभिन्न प्रकार के पटाखे और आतिशबाजी का सामान खरीदते दिखाई दिए। शाम के समय यहां खरीदारों की संख्या और बढ़ गई। पटाखा दुकानों पर देर तक खरीदारी का सिलसिला जारी रहा।

शुभ मुहर्त में होगी पूजा-अर्चना

छोटी दीपावली के साथ ही शहर में दीपोत्सव का माहौल पूरी तरह बन गया है। घरों और प्रतिष्ठानों को रंग-बिरंगी रोशनी, झालरों और आकर्षक सजावट से सजाया गया है। रविवार को दीपावली पर लोग शुभ मुहूर्त में भगवान गणेश और माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। दीपों की रोशनी, मिठाइयों की मिठास और आतिशबाजी के बीच हनुमानगढ़ में दीपावली का उल्लास छाने को तैयार है।

चांदी सिक्के के पूजन का महत्व

हनुमानगढ़। दीपावली पर मां लक्ष्मी के स्वागत की तैयारियां घरों में दीप सजाने और पूजा की चौकी सजाने तक सीमित नहीं हैं। इस पर्व से जुड़ी कुछ ऐसी परंपराएं भी हैं, जिनमें खील के दानों से दीप प्रज्वलित करने, धनिया-हल्दी और कौड़ी की पोटली बनाकर तिजोरी में रखने तथा चांदी के सिक्के का पूजन करने का विशेष महत्व बताया गया है। इतना ही नहीं, जिस देवी-देवता की प्रतिमा को पूरे विधि-विधान और श्रद्धा से घर में विराजमान कर पूजा जाता है, उसे विदाई देते समय भी उतना ही सम्मान बनाए रखना जरूरी है। कार्तिक अमावस्या की रात्रि में महालक्ष्मी-गणेश पूजन, 11 दीपकों का प्रज्वलन और विशेष पूजन सामग्री का विधान परिवार में सुख-समृद्धि और आरोग्य की कामना से जुड़ा है।

रावतसर : नंदघर केन्द्र पर उत्साह से मनाई दीपावली

सीमा सन्देश# रावतसर। ब्लॉक में वेदांता ग्रुप और जतन संस्थान के सहयोग से संचालित आंगनबाड़ी की नंदघर परियोजना के अंतर्गत ब्लॉक के वार्ड नं 5 के नंदघर केंद्र पर दीपावली का पर्व हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नंदघर के बच्चों, अभिभावकों, गाँव के बुजुर्गों एवं समुदाय के अन्य सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान दीप प्रज्वलन, मिठाई वितरण एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। नंदघर केंद्र को आकर्षक रूप से सजाया



गया। साथ ही बच्चों एवं समुदाय के सदस्यों को दीपावली पर्व के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। नंदघर क्लस्टर सुपरवाइजर मनीष अरोड़ा ने प्रतिभागियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छ घर, स्वच्छ नंदघर और स्वच्छ गाँव का संदेश दिया। उन्होंने समुदाय के सदस्यों को अपने घर, नंदघर एवं आसपास के परिवेश को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उर्मिला और सुमन का मुख्य सहयोग रहा । कार्यक्रम में समुदाय के सदस्यों एवं बच्चों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही, जिससे दीपावली उत्सव यादगार एवं आनंदमय बना।

पालिका समारोह में प्रदीप खीचड़ ने सफाई व रोशनी व्यवस्था को सराहा

सफाई सेवक-सेविकाओं एवं कार्मिकों का सम्मान

सादुलशहर।

नगरपालिका प्रशासन द्वारा दीपावली पर शुक्रवार को सफाई सेवक-सेविकाओं एवं कार्यालय में कार्यरत सभी कार्मिकों को सम्मान स्वरूप मिठाई एवं गिफ्ट हैंपर प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि चेयरमैन प्रतिनिधि प्रदीप खीचड ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चेयरमैन मनीषा खीचड एवं ईओ नरेंद्र चौधरी के प्रयास से सभी कार्मिकों का बकाया ऐरियर, बोनस एवं वेतन का भुगतान एकमुश्त कर दिया गया है। यह बडी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि दीपावली के मद्देनजर दिन एवं



रात की दोनों पारियों में साफ-सफाई एवं रोशनी की व्यवस्था बेहतर रहे। चौक-चौराहों एवं सरकारी इमारत पर की गई विशेष रोशनी की व्यवस्था आकर्षण का केंद्र रहे।

यह रहे उपस्थित

सम्मानित होने वालों में कार्मिक चेतन शर्मा, सुनील कुमार, राकेश कुमार, पारस, जमादार सतीश कुमार सहित 163 कार्मिक शामिल थे। वाइस चेयरमैन अशोक धमीजा, व्यापार मंडल के अध्यक्ष पार्षद संदीप सिंगला, सीमा सन्देश प्रतिनिधि रवि गोयल, कुलदीप गोयल, सफाई निरीक्षक हरप्रीत कौर, पार्षद रणजीत सहारण, पार्षद प्रतिनिधि एडवोकेट महेंद्र शर्मा, जसवंत मिड्ढा, विकास गोयल, नरेंद्र अग्रवाल आदि मौजूद थे।

बाइक तेज चलाने के विवाद में 9 लोग घायल

हनुमानगढ़। बाइक तेज चलाने के विवाद को लेकर एक घर के बाहर खूनी संघर्ष हो गया। इस हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार एक आवास पर काम करने वाला एक युवक पिछले करीब एक महीने से गली में तेज रफ्तार से बाइक चला रहा था। कई बार टोकने के बावजूद गुरुवार दोपहर युवक फिर तेज गति से बाइक लेकर निकला और विरोध करने पर उसने स्थानीय लोगों के साथ गाली-गलौच व मारपीट की। इसके बाद जब पीड़ित पक्ष के लोग इस बात का उलाहना देने संबंधित आवास पर पहुंचे, तो वहां मौजूद युवक और उसके परिजनों ने कथित तौर पर पत्थर के पागों, कांच की बोतलों और लोहे के सामान से हमला कर दिया। इस अचानक हुए हमले में कई लोग लहूलुहान हो गए।

पहले ही प्रयास में सेट-2026 में सफल हुईं टिब्बी की सुमन बीरट

6.59 प्रतिशत अभ्यर्थियों में बनाई जगह

सीमा सन्देश # टिब्बी। मेहनत, दृढ़ संकल्प और निरंतर अध्ययन के दम पर सफलता की नई इबारत लिखी जा सकती है। इसे साबित किया है टिब्बी की होनहार छात्रा सुमन बीरट ने। डॉ. भीमराव अम्बेडकर भवन एवं पुस्तकालय टिब्बी से जुड़ी सुमन पुत्री अमरसिंह बीरट ने राज्य पात्रता परीक्षा (सेट-2026) में जीव विज्ञान (लाइफ साइंस) विषय से प्रथम प्रयास में ही सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस परीक्षा में महज 6.59 प्रतिशत अभ्यर्थी ही उत्तीर्ण हुए हैं। ऐसे में सुमन की यह उपलब्धि



उनकी कड़ी मेहनत, लगन और मजबूत इच्छाशक्ति का परिचायक है। सुमन ने अपनी सफलता का श्रेय तथागत बुद्ध के संदेश 'अप्प दीपो भव' अर्थात अपना दीपक स्वयं बनो और बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रेरणादायी विचारधारा को दिया। बाबा साहब के कथन 'शिक्षा शेरनी का दूध है, जो पियेगा वो दहाड़ेगा ही' को अपने जीवन का प्रेरणास्रोत मानते हुए उन्होंने निरंतर अध्ययन, दृढ़ निश्चय और अपने कार्य के प्रति ईमानदारी को सफलता का आधार बताया। सुमन ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर भवन एवं पुस्तकालय टिब्बी की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान छोटे बच्चों से लेकर युवाओं तक को शिक्षा और आगे बढ़ने का बेहतर मंच प्रदान कर रहा है। यहां का शैक्षणिक वातावरण विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति प्रेरित करता है।

बीएसएफ जवानों ने मनाई दीपावली

बीकानेर। बीएसएफ हेडक्वार्टर में जवानों ने दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल भी मौजूद रहे। उन्होंने जवानों के साथ फूलझड़ियां जलाकर दीपोत्सव की खुशियां साझा कीं। मेघवाल ने 'जोत से जोत जलाते चलो, प्रेम की गंगा बहाते चलो' गीत प्रस्तुत कर जवानों में उत्साह का संचार किया। उन्होंने कहा कि बीएसएफ के जवान देश की सीमाओं की दिन-रात सुरक्षा कर रहे हैं, जिसके कारण देशवासी सुरक्षित वातावरण में त्योहार मना पा रहे हैं। उन्होंने जवानों के साहस, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए उनका आभार जताया। कार्यक्रम की शुरूआत पूजा-अर्चना से हुई। मेघवाल ने जवानों को लड्डू खिलाकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कार्यवाहक डीआईजी नवीन मोहन शर्मा, कमांडेंट विक्रम कुंवर, द्वितीय कमान अधिकारी प्रकाश सुरीन, डिप्टी कमांडेंट श्री सातार खान सहित बीएसएफ अधिकारी, जवान और उनके परिजन उपस्थित रहे।

क्षेत्र की 36 ग्राम पंचायतों में से 14 उप सरपंच निर्विरोध निर्वाचित हुए

सूरतगढ़ : 36 ग्राम पंचायतों में हुए उप सरपंच के चुनाव



सीमा सन्देश # सूरतगढ़।

पंचायत राज आम चुनाव के तहत शुक्रवार को पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में उप सरपंच पद के लिए चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। क्षेत्र की 36 ग्राम पंचायतों में से 14 में उप सरपंच निर्विरोध निर्वाचित हुए। जबकि शेष पंचायतों में मतदान के जरिए उप सरपंच चुने गए। चुनाव प्रक्रिया के साथ ही ग्राम पंचायतों में नए पंचायत बोर्ड के गठन का महत्वपूर्ण चरण भी पूरा हो गया। निर्वाचन विभाग की ओर से जारी सूची के अनुसार 13एसडी से केवल सिंह, 19एसटीबी (रामसरा जाखड़ान) से विनोद कुमार, 2एसजीएम (भगवानसर) से लालचंद, 28पीबीएन से विमला देवी, 7एसजीएम से जगसीर, 8एसएचपीडी से ओमप्रकाश, 9एसजीएम (सरदारगढ़) से जलाल खां, अमरपुरा जाटान से दशमेश लाल, भैरूंपुरा से शर्मिला, गुरुसर मोडिया से कृपाल सिंह, जानकीदासवाला से इंद्रा, मानकसर से सुनीता गुरडा, रंगमहल से कमलेश कुमार व सरदारपुरा खर्था से चांदूराम निर्विरोध उप सरपंच निर्वाचित हुए।

इनके सर सजा विजेता का ताज

इसके अलावा चुनाव प्रक्रिया से 15 एलकेएस (ढाबा) से महेंद्र सिंह, 15एसजीआर से गोपीराम, 17एसटीबी पालीवाला से साहबराम, 2एपी से सुशीला, 2एफडीएम (सादकवाला) से कश्मीर सिंह, 2एसडी से सोहनलाल, 2एसएचपीडी-ए से संदीप सिंह, 3एनआरडी-ए (निरवाना) से वीरपाल कौर, 4केएसआर (श्योपुरा) से जसराम, 9एफडीएम (फरीदसर) से कमलेश, भगवानगढ़ से पन्नाराम, भोजेवाला से शारदा, ऐटा से हनुमान प्रसाद, घर्मंडिया से सुनीता, किकरवाली जोहड़ी से सुच्चा सिंह, मानेवाला से नंदलाल, पदमपुरा से योगेश बिश्नोई, राजपुरा पीपरन से सावित्री देवी, रामपुरा न्योला से ऊषा देवी, संघर से अमित कुमार, सरदारपुरा बीका से मनोज कुमार व ठेठार से सोनू उप सरपंच निर्वाचित हुए।

विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर लिये सैंपल

खाद्य सुरक्षा टीम की कार्रवाई जारी

सूरतगढ़। त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की खाद्य सुरक्षा टीम की कार्रवाई लगातार जारी है। टीम ने क्षेत्र के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर मिठाई, मावा, खाद्य तेल सहित अन्य खाद्य सामग्री के नमूने लिए। इस दौरान खाद्य कारोबारियों को स्वच्छता बनाए रखने व मिलावट की आशंका से बचने के लिए निर्धारित मानकों के अनुरूप खाद्य सामग्री बेचने के निर्देश दिए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी हंसराज, अनिल कुमार शर्मा व नरेश सेवदा की टीम ने प्रजापत मिष्ठान भंडार पालीवाला से गुलाब जामुन, एसएस एजेंसी से सरसों का तेल, श्याम ऑयल मिल से खुला सरसों का तेल व बालाजी होलसेल से पिस्ता का नमूना लिया। इसके अलावा बाबा श्री रामदेव मंदिर



फाइल फोटो

के नजदीक स्थित सरस्वती मिष्ठान भंडार से मावा व गुलाब जामुन तथा बड़ोपल रोड स्थित सुभाष मिष्ठान भंडार व बिस्किट बेकरी से बीकाजी ब्रांड के रसगुल्ले का नमूना लिया गया। खाद्य सुरक्षा टीम ने कारोबारियों को मिठाइयां खुले में नहीं रखने व खाद्य सामग्री को ढककर रखने के निर्देश दिए। साथ ही मसाले व खाद्य तेल खुले में नहीं बेचने और खाद्य पदार्थों के निर्माण में अच्छी गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए पाबंद किया।



श्रीगंगानगर विधायक

जयदीप बिहाणी

की तरफ से विधानसभा क्षेत्र के
समस्त नागरिकों को

दीपोत्सव

के पावन पर्व की

हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!

अध्यक्ष - बिहाणी शिक्षा न्यास, श्रीगंगानगर

दीपावली का यह पर्व आपके जीवन
में सुख-समृद्धि व खुशहाली लाए।


मधुसूदन बिहाणी


शरद बिहाणी


विमल बिहाणी


नीरज बिहाणी


हिमांशु बिहाणी


यशवर्धन बिहाणी

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528